लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ वर्ष: 14 | अंक: 260 | मूल्य: ₹ 3.00/- | पेज : 12 | मंगलवार | 04 जुलाई, 2023

# गुरु की भूमिका में सीएम योगी

## गुरु पूर्णिमा पर देशभर से आए 5 हजार शिष्यों को दिया आशीर्वाद, गोवंश की सेवा कर खिलाया गुड़

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गुरु पूर्णिमा पर गोरखपुर की गोरक्षनाथ पीठ में बड़ा आयोजन हो रहा है। इस मौके पर सीएम योगी भी यहां पहुंचे। यहां नाथ संप्रदाय से जुड़े करीब 5 हजार लोग भी पहुंचे हैं। पीठाधीश्वर और सीएम योगी ने अपने शिष्यों को आशीर्वाद दिए। इससे पहले सुबह 5 बजे सीएम योगी ने गोरक्षपीठ में अपने गुरु महंत अवैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। फिर गोशाला में गायों और सांड को गुड़ खिलाया और दुलार किया। वहीं शाम करीब 5 बजे सीएम ने गोरखपुर में पुलिस विभाग को बड़ी सौगात दी। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर के पास बनकर तैयार गोरखनाथ थाने का उद्घाटन किया। यह थाना प्रदेश का सबसे हाईटेक पुलिस स्टेशन है। हाईटेक सुविधाओं से लैस यह थाना किसी फाइव स्टार होटल जैसा है। इसी थाना परिसर से उन्होंने एम्स थाना का भी उद्घाटन किया।



### ब्रह्मलीन महंतों की पूजा कर सीएम ने लिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री ने गुरु गोरक्षनाथ के मंदिर में जाकर विधि-विधान से उनकी पूजा की। उनके चरणों में मंदिर का खास रोट का प्रसाद चढ़ाया। उसके बाद बारी-बारी से योगीराज बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ सहित पीठ के सभी ब्रह्मलीन महंतों के समाधि स्थल पर जाकर उनकी विशेष पूजा किए और आशीर्वाद लिए। इसके साथ ही सीएम योगी ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु-पूजन का पर्व है। सनातन संस्कृति में ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु-शिष्य की परम्परा है। बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना सम्भव नहीं है। गुरु के आशीर्वाद से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है।

### योगी ने शिष्यों को दिए आशीर्वाद

वहीं, गुरु पूजा का समापन सुबह 6.30 बजे हुआ। इसके साथ ही यहां सामूहिक आरती भी हुई। गुरु पूजा के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ खुद गुरु की भूमिका में नजर आए। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से आए अपने सभी नाथ योगियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर का नाथ परंपरानुसार आशीर्वाद दिया।

### मंदिर में गूंजे गुरु महिमा के भजन

आशीर्वाद कार्यक्रम मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार सुबह 10.30 बजे से आयोजित हुआ। एक घंटे के इस कार्यक्रम में गुरु महिमा के भजन गूंजें। भजन गायकों को आमंत्रित किया गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री शिष्यों को आशीर्वचन से अनुग्रहीत कर रहे हैं। अंत में सहभोज भी होगा। सहभोज में गुरुपूजा का प्रसाद ज्यादा से ज्यादा लोग ग्रहण कर सकेंगें इसके लिए मंदिर प्रबंधन की ओर से कई स्थानों पर इसका इंतजाम किया गया।

### योगी से दुलार पाकर भाव विह्वल हुए गोवंश

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान योगी आदित्यनाथ हमेशा की तरह मंदिर की गोशाला भी गए। यहां उन्होंने गोवंश को उनके नाम से पुकारा और उनके पास आने पर खूब दुलारा। अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। योगी का दुलार पाकर गोवंश भाव विह्वल नजर आए। एक गोवंश योगी से इस कदर खेलने लगा कि मानो वह किसी बात पर रूठ गया हो। उन्होंने, क्यों नाराज है, कहकर उसके माथे व गर्दन को सहलाया तो वह स्नेहाभिभूत होकर उनसे लिपटने लगा। सीएम योगी की गोसेवा का दृश्य नयनाभिराम था।



## गोरखपुर में हाईटेक थाने का किया सीएम योगी ने उद्घाटन

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर में गोरखनाथ पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया। यह थाना प्रदेश के सबसे हाईटेक पुलिस स्टेशन में एक है। किसी फाइव स्टार होटल जैसी हाईटेक सुविधाओं से लैस इस 5 मंजिला थाने की बिल्डिंग पूरी तरह बनकर तैयार हो चुकी है। गोरखनाथ थाना के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज इसी थाना परिसर से एम्स थाना का भी उद्घाटन किया।

### 17.94 करोड़ की लागत से बना है गोरखनाथ थाना

दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास के पास स्थित गोरखनाथ थाना जर्जर हो गया था। इसे तोड़ कर नया बहुमंजिला भवन बनाया गया। 17.94 करोड़ करोड़ की लागत से यह थाना बनकर तैयार हुआ है। इस थाना में प्रशासनिक भवन, बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर के अलावा तीन मंजिला तक बनकर तैयार है। इसका बेसमेंट एरिया पार्किंग के लिए है। ग्राउंड फ्लोर पर पर फीमेल हेल्पडेस्क, पूछताछ और स्वागत कक्ष, एसएचओ रूम, मालखाना, पुरुष लॉकअप, महिला लॉकअप, शस्त्रागार, कार्यालय, इंट्रोगेशन रूम, मेल-फीमेल टॉयलेट ब्लॉक बनाया गया है।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस है ये थाना

आपने अक्सर देखा होगा कि प्रदेश में ज्यादातर अंग्रेजी काल के पुराने थाने होते हैं। जर्जर थाने में बैठे थानेदार और अन्य पुलिसकर्मी भी अब धीरे-धीरे आधुनिकीकरण की इस व्यवस्था से आशावान हैं। इस थाने के पुलिसकर्मी ऐसे मॉडर्न पुलिस थाने में काम करने को लेकर खुद को बेहद गर्वान्वित महसूस कर रहे हैं. गोरखपुर का ये सबसे आधुनिक गोरखनाथ थाना भवन लोक निर्माण विभाग ने तैयार कराया है। 10000 वर्ग फीट में बने इस भवन का निर्माण कार्य मार्च 2021 में शुरू किया गया था। इसे फरवरी 2023 तक पूरा कर लेना है। गाड़ियों की पार्किंग के लिए बेसमेंट के साथ ये 5 मंजिला पुलिस थाना बनाया गया है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ आज आएंगे वाराणसी, पीएम मोदी के दौरे की तैयारियां परखेंगे सीएम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज चार जुलाई को वाराणसी दौरान संभावित है। सीएम का हेलीकाप्टर पुलिस लाइन मैदान में उतरेगा। वहां से सीएम सर्किट हाउस जाएंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। सीएम योगी सर्किट हाउस में विधायकों, मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों समेत कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। पीएम-सीएम के आगमन को देखते हुए भाजपा संगठन के साथ प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीएम योगी वाराणसी पहुंकर पीएम के आगमन से जुड़ी तैयारियों को देखेंगे और कार्यक्रम स्थल का मौका मुआयना करने जाएंगे। जनसभा स्थल वाजिदपुर व अन्य स्थलों का मौका मुआयना करेंगे। पीएम के कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय दौरा सात जुलाई को प्रस्तावित है। पीएम काशी में जनसभा कर कार्यकाल के नौ साल की उपलब्धियों को गिनाएंगे तो काशी के विकास और परिवर्तन भी दिखाएंगे। पीएम काशी को करोड़ों रुपये की सौगात भी देंगे।



## कार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, 5 की मौत

### मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा करके 50 लोग भिंड लौट रहे थे, 35 घायल

जन एक्सप्रेस। मथुरा

मथुरा में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 लोग घायल हुए हैं। हादसा आगरा-दिल्ली हाईवे पर हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कार में 5 लोग सवार थे। इसमें 3 लोगों की ही मौत हुई है। कार सवार राजस्थान के रहने वाले थे। जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली में 50 लोग थे। इसमें से 2 की मौत हुई है। ट्रैक्टर-

> “घटना में 35 लोग घायल हैं। सभी घायलों का इलाज आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज सहित अन्य निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे बाद हाईवे पर जाम लग गया था। पुलिस ने 1 घंटे बाद कार और ट्रैक्टर ट्रॉली को हाईवे से हटवाकर जाम खुलवाया।
>
> -मार्तंड प्रकाश सिंह, एसपी सिटी

ट्रॉली में सवार लोग गोवर्धन परिक्रमा करके मध्य प्रदेश के भिंड लौट रहे थे, तभी रैपुराजाट पुलिस चौकी के पास हादसा हो गया। पुलिस ने मृतकों की पहचान गोवर्धन (74), रूपेश, मुख्ययारी, मुकेश और गयादीन के रूप में की है।

## शरद पवार ने प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को पार्टी से निकाला, तीन अन्य नेताओं को भी हटाया



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने सांसद प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को पार्टी से निकाल दिया है। उनके खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए कार्रवाई की गई है। एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले ने पार्टी प्रमुख शरद पवार को लिखे पत्र में इसकी सिफारिश की थी। इससे पहले एनसीपी अनुशासन समिति ने पार्टी नौ विधायकों को अयोग्य घोषित करने का प्रस्ताव पास कर दिया था। ये वही विधायक हैं, जिन्होंने अजित पवार के साथ बीते दिन शपथ ग्रहण की थी। वहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपने भतीजे अजीत पवार के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए पार्टी के तीन नेताओं को हटा दिया गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की कार्रवाई को उन लोगों के लिए एक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने बागी अजित पवार का समर्थन किया था। निष्कासित नेताओं में मुंबई मंडल राकांपा प्रमुख नरेंद्र राठौड़, अकोला शहर जिला प्रमुख विजय देशमुख और राज्य मंत्री शिवाजीराव गर्जे शामिल हैं। ये तीनों अजित पवार के शपथ समारोह में शामिल हुए थे।

### मैं तीन महीने में महाराष्ट्र की पिक्चर बदल दूंगा

भतीजे अजित की बगावत के बाद अपने सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे एनसीपी चीफ शरद पवार ने सोमवार को सतारा में रैली से हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि तीन महीने के अंदर महाराष्ट्र की पूरी पिक्चर बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि एनसीपी को खत्म करने की साजिश रची जा रही है, लेकिन ऐसा होगा नहीं। एनसीपी को जैसा समर्थन मिल रहा है, उससे पार्टी जल्द आगे बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि सतारा में जिस तरह से उन्हें युवा समर्थन में खड़े मिले, इससे वह बहुत उत्साहित हैं। मोदी पर निशाना साधते हुए पवार ने कहा कि पीएम ने खुद चार दिन पहले राष्ट्रवादी के लोगों को भ्रष्टाचारी बताया था। अब उन्हीं को अपने साथ ले लिया है। राष्ट्रवादी के जो लोग छोड़कर गए हैं, उन पर अब पीएम का क्या कहना है। पीएम को अपनी भूमिका स्पष्ट करनी चाहिए। पवार ने कहा कि अजित पवार का एनडीए में जाने का फैसला उनका व्यक्तिगत निर्णय है।

### * एनसीपी अनुशासन समिति ने पार्टी नौ विधायकों को अयोग्य घोषित करने का प्रस्ताव पास कर दिया

## मुजफ्फरनगर सड़क हादसे में तीन की मौत

जन एक्सप्रेस। मुजफ्फरनगर

जनपद में स्थित दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे 58 पर सोमवार सुबह एक बार फिर से उस समय चीख-पुकार मच गई जब एक अनियंत्रित ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें मौके पर ही 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां एक और व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना में दर्जनभर लोग घायल बताए जा रहे हैं। दरअसल घटना मंसूरपुर थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे 58 की है। जहां मेरठ गाजियाबाद से कावड़ के लिए डीजे साउंड लेकर हरिद्वार की ओर जा रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से एक अनियंत्रित ट्रक ( घोड़ा ) ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें मौके पर ही जहां ट्रैक्टर ट्रॉली सवार दो व्यक्ति अजय और रोहित की मौत हो गई तो वही इस घटना में दर्जनभर लोग घायल हो गए जिसके चलते सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत सभी घायलों को उपचार के लिए बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान एक और व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

## मैं बसपा से गठबंधन के लिए तैयार: ओमप्रकाश राजभर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने सोमवार को बयान दिया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा सुप्रीमो मायावती यूपी में गेमचेंजर साबित हो सकती हैं और अगर वह सहमत होंगी तो मैं भी उनकी पार्टी के साथ गठबंधन के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि सपा नेता पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से नाराज हैं। ऐसे में एनसीपी की तरह सपा में भी टूट हो सकती है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में जिस तरह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी टूट गई वैसी ही टूट उत्तर प्रदेश में सपा में होने वाली है। पार्टी के नेता सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से खुश नहीं हैं। उन्होंने बताया कि सपा के कई नेता भाजपा में शामिल होने वाले हैं और मंत्री के रूप में शपथ लेंगे। राजभर ने कहा कि सपा के कई नेता अखिलेश यादव से नाराज हैं और वो अपना भविष्य सपा में नहीं देख पा रहे हैं। अखिलेश तेलंगाना में केसीआर से तो मिलने चले जाते हैं पर बसपा सुप्रीमो मायावती से नहीं मिलते हैं। मायावती आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी में गेमचेंजर साबित होंगी। अगर मायावती सहमत हैं तो मैं भी उनकी पार्टी के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार हूं। कांग्रेस की भी यही मंशा है। अगर ऐसा होता है तो हम 2024 के चुनाव के लिए चुनाव में नया फ्रंट देखेंगे। बीते दिनों पटना में विपक्षी दलों की हुई बैठक के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि यूपी में कांग्रेस, सपा, रालोद के साथ गठबंधन कर सकती है और बसपा भी इसमें शामिल हो सकती है।

**रिपोर्ट** सोशल मीडिया के जरिए अपने हुस्न और प्यार के जाल में फांसकर ये लड़कियां सुरक्षा और खुफिया से जुड़ी जानकारियां हासिल करना चाहती हैं

# उत्तर प्रदेश के अफसरों को अपने जाल में फांसने आईं पाकिस्तान की 14 हसीनाएं

* इन लड़कियों को आईएसआई द्वारा भेजा गया है, इन्हें इसके लिए पूरी ट्रेनिंग दी गई है
* इस गिरोह के निशाने पर भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बल, राज्यों के पुलिस अधिकारी और वैज्ञानिक हैं



जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। पाक सुरक्षा एजेंसी आईएसआई द्वारा भेजी गई पाकिस्तान की 14 हसीनाएं उत्तर प्रदेश के पुलिस-प्रशासनिक अफसरों, सैन्य अधिकारियों, वैज्ञानिकों और पैरामिलिट्री फोर्स के ऑफिसर्स पर डोरे डाल रही हैं। खास तौर पर सोशल मीडिया के जरिए अपने हुस्न और प्यार के जाल में फांसकर ये लड़कियां दरअसल, सुरक्षा और खुफिया से जुड़ी जानकारियां हासिल करना चाहती हैं। उत्तर प्रदेश में कई कैंट और सैन्य प्रतिष्ठान हैं, साथ ही यहां के कई आईएएस- आईपीएस अधिकारी केंद्र सरकार में डेपुटेशन पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन हसीनाओं को छोटे शहरों में महत्वपूर्ण पदों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को टारगेट बनाने का मिशन सौंपा गया है। इंटेलिजेंस एजेंसियों ने उत्तर प्रदेश शासन को इससे संबंधित खुफिया इनपुट दिया है। शासन ने जिला स्तर पर यह सूचना साझा की है, हर स्तर पर अधिकारियों कर्मचारियों को सावधान किया है। पाकिस्तान के इंटेलिजेंस ऑपरेटिव ( पीआईओ ) यूपी पुलिस व अन्य अफसरों और उनके परिवारों को हनी ट्रैप में फसाने की कोशिश कर रहे हैं। इंटेलिजेंस इनपुट के बाद सभी पुलिस कमिश्नर, जिलों के एसपी, आईजी रेंज, एडीजी जोन के साथ-साथ पुलिस विंग के सभी चीफ को लेटर भेजकर अलर्ट कर दिया गया है। लेटर में बताया गया है कि भारतीय मोबाइल नंबरों से सुंदर महिलाओं की तस्वीरें का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर अफसर और उनके परिवारों को फंसाने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद उनसे देश की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी जुटाने की कोशिश हो रही है। सभी अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि वह अपने यूनिट के कर्मचारियों को हनीट्रैप को लेकर सावधान करें।

### लड़कियों की प्रोफाइल, यूआरएल और मोबाइल नंबर जारी किये

जानकारी मिली है कि पुलिस के जवानों को फंसाने के लिए पीआईओ ने फेसबुक, व्हॉट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और लिंक्डइन पर तमाम फर्जी प्रोफाइल बनाए हैं। पीआईओ ने 14 खूबसूरत लड़कियों की तस्वीरों से भारतीयों को फंसाने की तैयारी की है। इंटेलिजेंस ने इनसे बचने के लिए ऐसी प्रोफाइल के यूआरएल और मोबाइल नंबरों की सूची सभी को भेज दी है। इसके अलावा इस गिरोह के निशाने पर भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बल, राज्यों के पुलिस अधिकारी और वैज्ञानिक हैं।

### ऐसे बनाया जाता है शिकार

पाकिस्तानी हनीट्रैप आईएसआई की एजेंट ये लड़कियां सबसे पहले सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजती हैं।रिक्वेस्ट एक्सेप्ट होने के बाद प्यार भरी बातें करती हैं। दोस्ती होने के बाद वे टारगेट को शादी का झांसा देती हैं। टारगेट को फंसाने के लिए ये लड़कियां कुछ भी करने के लिए तैयार रहती हैं। टारगेट इनके कहने पर देश की सुरक्षा से जुड़े सीक्रेट डॉक्यूमेंट शेयर करने के लिए तैयार हो जाता है। खुफिया एजेंसियों की मानें तो सबसे खास बात ये है कि जिस चैट को जवान पर्सनल समझता है, उसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई रिकॉर्ड कर लेती है। फिर इन जवानों को ब्लैकमेल किया जाता है। जो मांगा जाए उसे देने से अगर इनकार किया, तो चैट और वीडियो पब्लिक करने की धमकी दी जाने लगती है।

### कॉल सेंटर में लड़कियों को हिंदी और अंग्रेजी बोलने की ट्रेनिंग दी जाती है

आईएसआई के कॉल सेंटर में काम करने वाली लड़कियों को पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) कहा जाता है। ऐसे कॉल सेंटर में शामिल लड़कियों को हिंदी और अंग्रेजी बोलने की ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे उन पर किसी को शक न हो।

### एक महीने में दो के हनीट्रैप में फंसने का हुआ खुलासा

एक महीने के अंदर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के हनीट्रैप में फंसे दो लोगों की गिरफ्तार हुई है। डीआरडीओ साइंटिस्ट और डिफेंस मिनिस्ट्री के कर्मचारी से हुई पूछताछ में पाकिस्तानी हनीट्रैप साजिश का बड़ा खुलासा हुआ है। खुफिया एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, बकायदा पाकिस्तान के सिंध खैबर पख्तूनवा प्रांत कराची में ऐसे कॉल सेंटर को बहुत ही तेजी से सक्रिय किया गया है। ये भारतीय सुरक्षा संस्थानों से जुड़े अधिकारियों को टारगेट करते हैं।

### कराची के कॉल सेंटर से फर्जी कॉल कराकर फंसाने की कोशिश

देश की खुफिया एजेंसियों ने पिछले महीने खुलासा किया था कि पाकिस्तान कराची के कॉल सेंटर से फर्जी कॉल कराकर भारतीय सुरक्षाबलों को हनीट्रैप के जाल में फंसाने की साजिश रच रहा है।

### डीआरडीओ के एक साइंटिस्ट की हनीट्रैप के आरोप में हुई गिरफ्तारी के बाद खुलासा

पाक खुफिया एजेंसी आईएएसआई भारतीय रक्षा संस्थाओं से जुड़े अधिकारियों और जवानों को हनीट्रैप करने के अपने ऑपरेशन में तेजी लाई है। पिछले दिनों डीआरडीओ के एक साइंटिस्ट की हनीट्रैप के आरोप में हुई गिरफ्तारी के बाद खुफिया एजेंसियों ने यह बड़ा खुलासा किया था।

### लाहौर, रावलपिंडी, कराची और इस्लामाबाद जैसे शहरों में आईएसआई ने बनाए कॉल सेंटर

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान के कई शहरों में आईएसआई ने कॉल सेंटर बनाए हैं। इसके जरिये भारत में संवेदनशील संस्थानों में काम कर रहे अधिकारियों को हनीट्रैप करने के लिए सैकड़ों की संख्या में लड़कियों को भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान के लाहौर, रावलपिंडी, कराची और इस्लामाबाद जैसे शहरों में कॉल सेंटर ऑपरेट किए जा रहे हैं।

### इंफेक्टेड फाइल भेजकर डाटा हैकिंग की जा रही



जानकारी के मुताबिक स्पाइवेयर लिंक के जरिए इंफेक्टेड फाइल भेजकर डाटा हैकिंग की जा रही है। सोशल मीडिया पर बिना जान पहचान वाले लोगों से संपर्क को लेकर अफसरों को सतर्क रहने का निर्देश दिए गए हैं। ऐसी फर्जी प्रोफाइल को पहचानने और बचने के तरीके भी पत्र में बताए गए हैं।

### हिंदू नाम रख कर फंसाती हैं

पीआईओ लोगों को फंसाने के लिए हिंदू नाम की खूबसूरत लड़की और भारतीय मोबाइल नंबर के जरिए प्रोफाइल बनाते हैं। ऐसी फर्जी प्रोफाइल की फ्रेंडलिस्ट में ज्यादातर पुलिस और आर्मी के लोग ही दिखाई देते हैं। तस्वीरों का बैक ग्राउंड ऐसा रखा जाता है, जिससे स्थान का पता न चल सके।

## अतिक्रमण हटवाने की मांग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के कुंजनपुरवा मोहल्ले के निवासी रामचन्द्र रैकवार, गिरजादीन, नवल किशोर भोला गुप्ता, मनीष केशरवानी, नत्थू साहू, बृजमोहन रैकवार व रामधनी पाण्डेय आदि ने सोमवार को उप जिलाधिकारी सदर को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या निस्तारण की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन लोगों की बस्तियों में आवागमन के लिए 12 फीट का रास्ता है। बस्ती के सभी लोगों के बैनामों में 12 फीट रास्ते का उल्लेख है और इसी के अनुरूप सभी लोगों ने अपने घरों का निर्माण भी कराया है, किन्तु दो दबंगों ने बीती रात अपने घर के बाहर आधे रास्ते में लगभग 6 फीट तक सीढी और स्लोप बना लिए हैं। जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पडेगा। ऐसे में तत्काल अतिक्रमण हटवाया जाना चाहिए।

## प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर होकर कार्य कर रहे मुख्यमंत्री: कश्यप

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई । प्रभारी मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी द्वारा नियमित रूप से उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर होकर कार्य कर रहे हैं। भारत सरकार व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर पहुंचाया जा रहा है। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि गोवंश को जल्द संरक्षित कराएं ताकि किसान अपनी फसल की बुवाई कर सके तभी हरियाली जनपद में आएगी। जल जीवन मिशन के कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाए, विद्युत व्यवस्था की सप्लाई सुचारू रूप से संचालित रहे। मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि पूरव पताई ओरा पंप कैनाल बंद पड़ी है। नहर की खुदाई कराकर चालू कराया जाए। इसके पूर्व प्रभारी मंत्री सहित ने सांसद, मानिकपुर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने पौधारोपण किया। प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी ने बताया कि 72 लाख 98 हजार पौधारोपण का लक्ष्य जनपद को मिला है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसका अक्षरशः पालन कराया जाएगा।


**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) मलिहाबाद, लखनऊ**
प्रकीर्ण वाद सं0 : 634/2022
तारीख पेशी- 04.09.2023
**श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव**
**बनाम**
**जाय0 स्व0 रतनेश श्रीवास्तव**

श्रीमती स्नेह लता श्रीवास्तव, आयु लगभग 53 वर्ष, पत्नी स्व0 रतनेश श्रीवास्तव, निवासिनी- 550 के / 03 गीता नगर (बहादुर खेड़ा), आलमबाग, लखनऊ-226005, उ0प्र0।
.....प्रार्थिनी
बनाम
1. जायदाद स्व0 रतनेश श्रीवास्तव, निवासी-559के/03, बहादुर खेड़ा, सिंगार नगर, लखनऊ-226005, उ0प्र0। 2. दिव्या श्रीवास्तव आयु लगभग 32 वर्ष पुत्री स्व0 रतनेश श्रीवास्तव, निवासिनी-559के/03, बहादुर खेड़ा, सिंगार नगर, लखनऊ, उ0प्र0। 3. यशस्वी श्रीवास्तव, आयु लगभग 25 वर्ष पुत्री स्व0 रतनेश श्रीवास्तव निवासिनी 559के/03 गीता नगर (बहादुर खेड़ा), आलमबाग, लखनऊ-226005, उ0प्र0। 4. आदित्य सरन श्रीवास्तव आयु लगभग 21 वर्ष पुत्र स्व0 रतनेश श्रीवास्तव, निवासी-559के/03. गीता नगर (बहादुर खेड़ा), आलमबाग, लखनऊ-226005, उ0प्र0।
......विपक्षीगण
5- जनसाधारण।

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्राथिर्नी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **04.09.2023** के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **07.07.2022** के दिवस को दिखाई गयी।
-मोहर अदालत


# राजकीय आश्रम पद्धति के विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में करें सुधार: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में सोमवार को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सरधुवा, कलचिहा व मानिकपुर के सफल संचालन एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोचिंग संचालन के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के शिक्षण कार्य की समीक्षा की। जिसमें राजकीय आश्रम पद्धति मानिकपुर में शिक्षा की गुणवत्ता ठीक न पाए जाने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रधानाचार्य को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए। अगर इनके द्वारा शिक्षा में सुधार नहीं किया गया तो इनके खिलाफ शासन को पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों से कहा कि जिन विद्यालयों में प्रवेश के लिए बच्चे नहीं आ रहे हैं, उसमें बेटिंग के बच्चों को प्रवेश दिलाएं। भोजन एवं नाश्ता की व्यवस्था, साफ सफाई, विद्युत पेयजल अच्छी तरह से रहे और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में प्रधानाचार्य आईटीआई से संपर्क करके कराएं, जिन बच्चों के आधार कार्ड लागिन नहीं हुए हैं, उनको कराकर ऑनलाइन फीडिंग कराएं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों तथा वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि सरधुवा विद्यालय में बाउंड्री वाल का निर्माण कराया जाना है, उसमें सम्बन्धित कार्यदाई संस्था को निर्देश देकर निर्माण कार्य शुरू कराएं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शासन से निर्देश है कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को भी लागू कर बच्चों की तैयारी कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के कोचिंग संचालन की समीक्षा पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया से कहा कि जो शिक्षक सिविल, नीट, जेईई की तैयारी बच्चों को करा रहे हैं, उनके पठन-पाठन के बारे में बच्चों से फीडबैक लिया जाए। जिस विषय के शिक्षक अभी तक नहीं है, उसकी व्यवस्था कराएं।

उसमें विषय विशेषज्ञों के साथ कोचिंग वाले शिक्षकों को रखा जाए। जिला पुस्तकालय में कोचिंग संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं कराकर समय सारणी बनाकर शुरू कराएं। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि जिला पुस्तकालय में एक पुस्तकालय प्रभारी की भी नियुक्ति करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि जो पुस्तके तैयारी के लिए क्रय की जानी है, उसको तत्काल कराएं। मोटिवेशन क्लास का भी समय सारणी बनाएं, जो बच्चे तैयारी करके शासकीय सेवा में गए हैं, उनकी भी सेवाएं ली जाएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, खंड विकास अधिकारी कर्वी आस्था पांडेय, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत कोचिंग संचालन की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने सोमवार को जिला राजकीय पुस्तकालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोचिंग सेंटर संचालन की तैयारी का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने जिला पुस्तकालय के अंदर फॉल सीलिंग, लाइट, रंगाई पुताई, शौचालय की मरम्मत, शौचालय निर्माण आदि का निरीक्षण किया। जिसमें अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सत्येंद्र नाथ ने बताया कि फाल सीलिंग, विद्युत, रंगाई पुताई, आदि का कार्य पूर्ण हो गया है। शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने परिसर में पड़े कूड़ा आदि सामग्री को तत्काल हटाए जाने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को दिए और यहां पर बेंच आदि लगाकर बैठने की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी कर्वी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि परिसर के अंदर एवं बाहर जो अवैध अतिक्रमण है, उसको तत्काल हटाया जाए। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग से कहा कि मुख्य गेट पर भी बोर्ड लगाया जाए तथा अंदर भी एक साइन बोर्ड लगाए। पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने श्रावण मास में सुरक्षा को दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना, चैकी प्रभारियों के साथ श्रवण मास में जलाभिषेक, कांवड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि प्रत्येक थाने में जितने शिव मंदिर हैं, मंदिर में सीसीटीवी कैमरा, प्रवेश एवं निकास द्वारा अलग-अलग हो इसका प्रबन्धन सुनिश्चित करा लिया जाये। जलाभिषेक के लिए जल भरने वाले नदी घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये। मंदिर में ज्यादा भीड़ को नियंत्रण करने के लिए भीड़ प्रबंधन की रुप रेखा तैयार कर ली जाये। किसी भी मंदिर में महिलाओं के साथ चैन स्नैचिंग व छेड़छाड़ की घटना न हो इसके लिये सादे वस्त्रों में पुलिस बल की तैनाती की जाये। जलाभिषेक के दिन प्रत्येक शिवमंदिर पर वालंटियर्स ग्रुप तैयार कर आवश्यकतानुसार उनकी मदद की जाये एवं मंदिर के आसपास पार्किंग व्यवस्था को स्थान चिन्हित कर उसे जल भराव से मुक्त करा लिया जाये। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्गों को सेक्टर में बांटकर, उन सेक्टरों पर स्टैटिक एवं मोबाइल डियूटियां लगायी जाये। कांवड़ियों की असुविधा और दुर्घटना की रोकथाम के लिये थानावार डायवर्जन प्लान टीआई और थाना प्रभारी मिलकर तैयार करा लें। किन तिथियों में ट्राफिक कब से कब तक रोकना है, इसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से लोगों को पहले ही दे दी जाये। कांवड़ यात्रा के दौरान मुहर्रम के भी आयोजन होंगे। इस सम्बन्ध में मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में हॉट-स्पॉट चिन्हित कर दोनों समुदायों में कोई विवाद न हो इसलिये शांति सुरक्षा समितियों का गठन कर उसकी सूचि मोबाइल नम्बर सहित थाना प्रभारी अपने ग्रुप में शेयर करें। जनपद में कांवड़ यात्रा का व्हाटसएप ग्रुप बनाकर उच्चाधिकारियों को भी इस ग्रुप में सम्मिलित किया जाये ताकि उच्चाधिकारियों का समय पर आवश्यक दिशा निर्देश मिलता रहे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी 17 जुलाई को पड़ने वाली सोमवती अमावस्या पर होने वाली भारी भीड़ को दृष्टिगत रखकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी, यातायात प्रभारी, चैकी प्रभारी सीतापुर पूर्व से ही समस्त तैयारियों का प्रबन्धन करना सुनिश्चित करेंगे।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मऊ राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक शिव नारायण आदि मौजूद रहे।

## झोले बांटकर पॉलिथीन का प्रयोग बंद करने को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट**



प्रतिबन्धित पालिथीन का प्रयोग बंद कराने के लिए सोमवार को नगर पंचायत की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान चेयरमैन ने लोगों को झोले भी वितरित किए।

मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने जागरूकता अभियान के दौरान नगरवासियों को जूट के झोले वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पालिथीन का प्रयोग सरकार द्वारा प्रतिबन्धित किया जा चुका है। यह स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। ऐसे में लोगों को इसका प्रयोग नहीं करना चाहिए। नगरवासी बाजार आते समय घर से झोला या बर्तन साथ लेकर आएं। दुकानदार भी अपने पास प्रतिबन्धित पालिथीन न रखें। जिससे कुछ दिन बाद सभी लोगों की आदत छूट जाएगी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम ने बताया कि प्रतिबन्धित पालिथीन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना किया जाएगा। साथ ही पालिथीन भी जब्त कर ली जाएगी। ऐसे में दुकानदारों को पालिथीन के स्थान पर जूट का झोला रखना चाहिए। साथ ही अपने ग्राहकों को पालिथीन में समान न देकर झोला लाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो दिन पूर्व चलाए गए अभियान में आठ दुकानदारों पर जुर्माना किया गया था। साथ ही प्रतिबन्धित पालिथीन भी जब्त कर ली गयी थी। ऐसे में प्रतिबन्धित पालिथीन का प्रयोग बन्द क सभी लोग पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। इस मौके पर सभासद गंगा सागर मिश्रा व अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## गर्भवती पत्नी की हत्या के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गर्भवती पत्नी की हत्या आरोपी पति की जमानत सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने खारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 7 नवम्बर 2022 को रैपुरा थाने में संजय तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में वादी ने कहा था कि उसकी बहन रिहारिका देवी की शादी लौरी निवासी धीरेन्द्र प्रताप शुक्ला उर्फ कुल्लू के साथ हुई थी। जिसकी हत्या ससुराल वालों ने दहेज के लिए फांसी लगाकर कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका के शरीर पर चोटे दर्शायी गई थी। साथ ही मृतका के गर्भवती होने की बात भी सामने आई थी। घटना के बाद से हत्यारोपी पति धीरेन्द्र प्रताप शुक्ला जेल में बंद है। अधिवक्ता के जरिए आरोपी ने न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## बुंदेलखंड में होगा किसान कार्यकर्ताओं का प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश किसान सभा का तीन दिवसीय प्रान्तीय प्रशिक्षण शिविर आगामी 8, 9 व 10 जुलाई को धर्मनगरी में आयोजित किया जाएगा। शिविर की सफलता को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां वितरित की गयी हैं। जिला मुख्यालय में सोमवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रान्तीय महामंत्री मुकुट सिंह एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य रूद्र प्रसाद मिश्रा की उपस्थिति में चुनकुराम पाल की अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिविर को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गयी। निर्णय लिया गया कि शिविर में प्रदेश भर से आने वाले साथियों के ठहरने, खाने एवं रेलवे स्टेशन और बस अड्डे से शिविर स्थल रामायण मेला परिसर तक आने जाने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम के लिए फंड कलेक्शन, भोजन, आवास, परिवहन की समितियों का गठन किया गया। जिसमें 20 वालंटियर रहेंगे, जो सारी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने में 24 घंटों की सेवा देंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता, जिले के किसान नेता रूद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि बुंदेलखंड की समस्याओं पर राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ विचार मंथन होगा और समस्याओं के निराकरण के लिए आंदोलन की योजना बनाई जाएगी। इस शिविर में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक ढवले, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पी कृष्णा प्रसाद, संयुक्त सचिव बादल सरोज, जवाहर लाल नेहरू विश्विद्यालय के प्रोफेसर डॉ विकास रावल, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ हीरालाल यादव एवं राष्ट्रीय संयुक्त सचिव व उप्र किसान सभा के महामन्त्री मुकुट सिंह बतौर शिक्षक भाग लेंगे। इस शिविर में प्रदेश के सभी पदाधिकारीगण सहित राज्य कार्यकारिणी, काउंसिल के सदस्यगण, जिलों के अध्यक्ष, मंत्री भाग लेंगे।

# बाल अपचारियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव ने सोमवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवसायिक शिक्षा के विकास कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया।

पूर्ण कालिक सचिव फारूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा द्वारा जिला स्तरीय किशोर न्याय समिति का गठन किया गया है। जिसके नोडल अधिकारी के रूप में आज उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में बच्चों के विकास से सम्बन्धित योगाभ्यास, खेलकूद प्रतियोगिता, कौशल विकास में बागवानी, पेंटिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता, शिक्षा के अधिकारी और व्यवसायिक शिक्षा के विकास आदि कार्यक्रमों का उद्घाटन किया है।

उन्होंने बताया कि सम्प्रेक्षण गृह में आवासित बाल अपचारियों को इन सभी बिन्दुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी है। इस प्रतियोगिता की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। जिससे राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में आवासित बाल अपचारियों के मध्य विकसित कौशल विकास




कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके। उच्च न्यायालय द्वारा विशेष अधिकार प्राप्त समिति सम्वासित बालकों को मुख्य धारा में शामिल किए जाने और विकास के उद्देश्य से इन कार्यक्रमों का संचालन करा रही है। इस मौके पर जिला किशोर न्याय समिति के सदस्य जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह के प्रभारी अधीक्षक वीर सिंह, परामर्शदाता दीपक शर्मा, योगाचार्य संजय कुमार, संगीत प्रशिक्षक मूल चन्द्र, राजीव कुमार, अभिषेक त्रिपाठी, सहायक अध्यापक अखिलेष सिंह व नैतिक शिक्षा के कोच बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गायत्री परिवार ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** जिला गंगा समिति द्वारा वन महोत्सव पर सरस्वती शिशु मंदिर चित्रांशनगर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिसमें गायत्री परिवार के मुख्य व्यवस्थापक डा. आर पी दीक्षित व नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेंद्र शरन सिंपल एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी आरएल सैनी ने आम, अमरूद, नींबू, आंवला सहित छायादार पौध लगाकर उसको संरक्षित करने का संकल्प लिया। क्षेत्रीय वन अधिकारी आरएल सैनी ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिये पौधरोपण बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रति घर प्रति पेड़ का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हम सब मिलकर एक-एक पौधा अवश्य रोपित करें। गायत्री परिवार के गिरधारीलाल गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिये प्रति व्यक्ति प्रति पौध लगाकर उसको गोद लेना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित लोगों का आहवान् किया कि अपने घर व पडोसियों को भी पौधरोपण के लिये प्रेरित करें। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आये हुये अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर गायत्री परिवार के रवींद्र सिंह, ज्ञानचंद्र गुप्ता, आचार्य रामनारायण, राम किशोर पांडेय, मनोज सोनी, सुनीता गुप्ता, अर्चना, किरन सिंह, वंदना गुप्ता, राकेश कुमार शर्मा, सर्वेश गुप्ता, सुभाष सिंह वन दरोगा, राजेश कुमार साहू वन रक्षक, रामराज, अभिनव सिंह, अवधेश सिंह, बृजेश यादव आदि रहे।

### एसडीपी रक्तकोष का पूर्व अध्यक्षा ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** मानस वेलफेयर फाउंडेशन के जनपद के पहले एसडीपी मानस चैरिटेबल रक्तकोष का विधिवत शुभारंभ हो गया। इस रक्तकोष के खुल जाने से अब लोगों को रक्त के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। शुभारंभ के मौके पर कई लोगों ने रक्तदान भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा सचान ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. हेमेंद्र सिंह ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को बुके भेंटकर स्वागत किया। तत्पश्चात सीमा सचान ने विधिवत फीता काटकर रक्तकोष का उद्घाटन किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष ने रक्तकोष के बारे में बताया कि यह जनपद का पहला रक्तकोष है। जिसमें एसडीपी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। जिससे बाइस रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया। जिसमें जनपद के चिकित्सकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक कैलाश पटेल एवं पूनम सचान भी उपस्थित रहीं।

### प्लास्टिक बैग पर्यावरण को दूषित करने का प्रमुख कारक

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** 3 जुलाई को हम प्रतिवर्ष विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के रूप में मनाते हैं। 2010 से आरंभ होकर इस बार यह 14 वां दिवस है। भारत में 1 जुलाई 2022 से किसी भी प्रकार का पॉलिथीन या प्लास्टिक का कैरी बैग उपयोग करना प्रतिबंधित और दंडनीय माना जा रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा सख्ती से प्लास्टिक बैग रोकने के लिए लगातार छापेमारी आदि की प्रक्रिया अपना कर रोकने का अथक प्रयास किया जा रहा है। जब कि बाजारो मे खाद्य सामग्री सहित अन्य समानो की बिक्री दुकानदारो द्वारा किया जा रहा है। सख्ती और कानून से अधिक प्लास्टिक से होने वाली हानियो के प्रति जनजागरण की आश्यक्ता है। ऑकडो की माने तो प्रतिवर्ष 8 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक समुद्र में समा जाता है और मछलियों और वन्यजीवों को नुकसान पहुँचाता है। जब प्लास्टिक खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है तो यह मानव स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाता है। प्लास्टिक बैग के नुकसान के बारे में 5 तथ्य प्लास्टिक की थैलियों को नष्ट होने में 100 से 500 वर्ष का समय लगता है। हम हर साल 5 लाख करोड़ प्लास्टिक बैग बनाते हैं। औसतन एक प्लास्टिक बैग का उपयोग 25 मिनट तक होता है। दुनिया भर में हर मिनट हम 1 मिलियन प्लास्टिक बैग का उपयोग करते हैं। प्लास्टिक की थैलियाँ हर साल लगभग 100,000 समुद्री जानवरों को मार देती हैं। जिससे भारत सहित विश्व मे बडा नुकसान हो रहा है।

### तस्मै श्री गुरुवे नमः

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** धर्म शास्त्रो सहित हिन्दी साहित्य के आदि काल से आधुनिक काल तक के कवियो विद्वानो ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुये गुरु को ही सर्वश्रेष्ठ बताया है। धर्म शास्त्रो मे तो गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ होने का वर्णन किया गया है। वही अषाढ मास के पूर्णिमा एवं श्रवण मास के शुरुवात मे गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। जहॉ आम जन घरो मे पकवानो के साथ आम खाने की परम्परा का निर्वाहन करते आ रहे है। वही शिष्य अपने गुरु के दर्शन करके अर्शिवाद लेते है। गुरु पूर्णिमा को ही व्यास पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि गुरु पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करके अपने गुरु के सानिध्य मे जाना चाहिये और गुरु सेवा करके दान देने की परम्परा अति प्रचीन है। वही कुछ प्रबुद्ध लोगो के अनुसार गुरु पूजा व्यक्ति पूजा नही है। बल्कि गुरुदेह मे बैठे विदेह आत्मा, ज्ञान की पूजा है धर्म ग्रन्थो के अनुसार वशिष्ठ जी के पौत्र परासर ऋषि के पुत्र वेद व्यास जी के नाम पर ही गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाने की परम्परा चली आ रही है। लौकिक रुप से गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु पुजा करके पूर्णिमा मनाना पर्व पूर्ति माना जा रहा है। जब कि धर्म ग्रन्थो मे गुरु पूर्णिमा का बडा उल्लेख मिलता है। गुरुजनो, श्रेष्ठ जनो एवं बडो के प्रति श्रद्धा का पर्व ही गुरु पूर्णिमा पर्व है। यह पर्व तप, ज्ञान एवं साधना आगे बढाने का त्योहार गुरु पूर्णिमा को गुरु मंत्र देते है। गुरु पूर्णिमा पर्व के चलते हजारो की सख्या मे गंगा घाटो मे स्नान करके अपने गुरुओ को दान देकर अशिर्वाद लिया और गुरु के प्रति श्रद्धा नमन देखने को मिले। वही धर्म शास्त्रो सहित विद्वानो ने गुरु के महिमा को मण्डित करते हुये बताया है कि गुरु ही सर्वोपरि है बिना गुरु के मनुष्य पशु के समान माना जाता है। गुरु के महिमा मण्डित करते हुये भक्ति काल के कवि संत कबीर के लिखा है कि ''गुरु गोविन्द दोउ खडे काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियो बताय'' इसी प्रकार अनेक विद्वानो ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुये गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ बताया है।

## मादक पदार्थ कारोबारी खेप पहुँचाने मे प्रयोग कर रहे एम्बुलेन्स

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** पुलिस भले ही जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम किए जाने का दंभ भर रही हो लेकिन अब इस गोरखधंधे में लिप्त लोगों ने नया रास्ता खोज निकाला है। इस अवैध धंधे में निजी नर्सिंग होम संचालक को शामिल करके मादक पदार्थों की खेप गैर जनपद पहुंचाने में निजी एंबुलेंस का इस्तेमाल किया जा रहा है। जनपद पुलिस को अबैध कारोबार की भनक तक नहीं है। जिससे यह कारोबार दिन-रात फल-फूल रहा है और इस धंधे में लिप्त लोग चांदी काट रहे हैं। बताते चलें कि मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में इस जनपद का विशेष स्थान है। शहर क्षेत्र के कई इलाके आज भी मादक पदार्थ बिक्री के केंद्र माने जाते हैं। मादक पदार्थों की तस्करी भी गैर जनपद यहां से खूब होती है। इस धंधे में लिप्त माफियाओं ने अब एक नया रास्ता खोज निकाला है। अब इस धंधे में स्वास्थ्य महकमे से जुड़े लोगों को शामिल कर लिया है। जल्द अमीर बनने के सपने संजोये लोग इस धंधे में लिप्त होते जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार शहर क्षेत्र के एक निजी नर्सिंग होम का संचालक भी इस धंधे में उतर आया है। शहर क्षेत्र से मादक पदार्थों की तस्करी के लिए निजी एंबुलेंस का सहारा लेकर गैर जनपद मादक पदार्थ की तस्करी किया जा रहा है।


**अदालती सूचना**

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) मलिहाबाद, लखनऊ**
प्रकीर्ण वाद सं0 : 417/2023
तारीख पेशी- 17.07.2023
**श्रीमती वंदना**
**बनाम**
**जाय0 स्व0 अशोक कुमार**

श्रीमती वंदना आयु लगभग 52 वर्ष पत्नी स्व0 अशोक कुमार निवासिनी - मकान संख्याः 551 ख/45 कोरियाना, आलमबाग, लखनऊ।
.....प्रार्थिनी
बनाम
(1)-जायदाद स्व0 अशोक कुमार पिता स्व0 राम दुलारे निवासी- मकान संख्या- 551 ख/45 कोरियाना, आलमबाग, लखनऊ। (2)- अभिषेक कुमार पुत्र स्व0 अशोक कुमार आयु लगभग 29 वर्ष (बालिग़) (3)- आदित्य कुमार पुत्र स्व0 अशोक कुमार आयु लगभग 28 वर्ष (बालिग़) (विपक्षी संख्या 2 व 3 निवासीगण मकान संख्याः 551 ख / 45 कोरियाना, आलमबाग, लखनऊ।
......विपक्षीगण
4- जनसाधारण।

चूंकि उपरोक्त नामांकित प्राथिर्नी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि **धारा 372 भा0 उ0 अधिनियम** अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 17.07.2023 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूँ और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षी रून सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक **17.05.2023** के दिवस को दिखाई गयी।
-मोहर अदालत

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 03- 05 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.8 (-1.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.8 (+2.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 89 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 72 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा : उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 1.4

- कृषि मौसम वैज्ञानिक



# आषाढ़ी पूर्णिमा के दिन हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर किया गुरु पूजन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

आषाढ़ी पूर्णिमा जिसे गुरु पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है इस दिन भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है साथ ही साथ गुरु के प्रति श्रद्धा रखते हुए गुरु पूजन भी श्रेष्ठ माना गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि के दिन वेदों के रचयिता कहे जाने वाले महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। वेद व्यास की जयंती को हिंदू धर्म में गुरु पूर्णिमा के रुप में मनाया जाता है। उन्होंने लोगों तक ज्ञान पहुंचाने के लिए श्रीमद् भगवद गीता समेत 18 पुराणों की रचना की थी। आषाढ़ी पूर्णिमा के पावन पर्व पर खासकर बिठूर के ब्रह्मावर्त घाट के साथ-साथ आधा दर्जन कच्चे पक्के घाटों पत्थर घाट बारादरी घाट सीता घाट गोदारा घाट लक्ष्मण घाट भैरव घाट सहित अन्य घाटों पर भोर से ही कानपुर के अलावा अन्य शहरों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा की पवित्र एवं निर्मल धारा में आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। गुरु पूर्णिमा के दिन दान पुण्य किए जाने का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है की आषाढ़ी पूर्णिमा के दिन दान पुण्य करने से घर में सुख समृद्धि एवं शांति आती है। यह भी कहा जाता है कि आज के दिन भगवान नारायण के स्वरूप सत्यनारायण भगवान की कथा सुननी चाहिए। इसी के साथ साथ गुरु की पूजा करना श्रेष्ठ कर माना गया है। आषाढ़ी पूर्णिमा के दिन गुरु पूजन



और भगवान विष्णु का पूजन करना इसलिए आवश्यक है क्योंकि गुरु जोकि जीवन को सही तरीके से जीने की शिक्षा देते हैं और भगवान नारायण जो सभी मनोकामना पूर्ण करने वाले हैं।

### 3 जून 2022 को कानपुर में घटी सांप्रदायिक हिंसा का मामला

# इरफान सोलंकी की गुमनाम कंपनी में डॉयरेक्टर रहे हाजी वसी पर लगी रासुका के मामले में हाईकोर्ट ने जजमेंट किया रिजर्व

**फाइटरजी कहिन**

**जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर**





**प्रयागराज/कानपुर नगर।** शहर की जनता बीते वर्ष 2022 की 3 जून को भला कैसे भूल सकती है और खास करके ऐसे दिन को जब नगर में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आगमन होने वाला था। अमन-चैन को नापसंद करने वाले कुछ लोगों ने शहर को सांप्रदायिक हिंसा में झोंक कर जलाने की तो साजिश बहुत मजबूती से रची थी लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की सूझबूझ के कारण ऐसा नहीं हो सका और हिंसा पर महज कुछ ही क्षणों में काबू पा लिया गया। हैरत की बात तो यह थी कि जब मुख्य आरोपियों के नाम सामने आए तो उसमें एक नाम सपा विधायक इरफान सोलंकी की गुमनाम कंपनी के डायरेक्टर बिल्डर हाजी वसी का भी शामिल था।

ज्ञातव्य हो कि बीती 3 जून 2022 को भड़की सांप्रदायिक हिंसा के मामले में थाना बेकनगंज पर तीन मुकदमे मुकदमा अपराध संख्या 42/43/44/2022 गंभीर धाराओं में दर्ज किए गए थे जिनमें लगभग 1000 लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने बहुत ही तेजी से अभियान चलाकर लगभग 5 दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सर्वप्रथम मौलाना मोहम्मद अली जौहर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफर हयात हाशमी को गिरफ्तार किया गया था जबकि जफर ने बंद के आवाहन को वापस ले लिया था और पहले चरण में कानपुर नगर के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर विजय कुमार मीणा जफर को निर्दोष कहते हुए भी एक निजी चैनल की माइक आईडी पर नजर आए थे। सूत्रों की माने तो एक समाजवादी पार्टी के विधायक और उसके भूमाफिया भाई ने एड़ी चोटी का जोर लगाकर उसे जेल भिजवाने का काम किया था।

### हाजी वसी पर लगी रासुका के मामले में जजमेंट रिजर्व

विदित हो कि चर्चित बिल्डर हाजी वसी द्वारा रासुका में जमानत पाने के लिए हाई कोर्ट इलाहाबाद में एक याचिका 998/2022 हैसियत कॉरपस के अंतर्गत दाखिल की गई थी। इस मामले में हाजी वसी के द्वारा केंद्र सरकार, राज्य सरकार के साथ-साथ प्रमुख सचिव गृह पुलिस कमिश्नर कानपुर नगर डीएम कानपुर नगर समेत कई अन्य को भी प्रतिवादी बनाया गया था। सभी का जवाब दाखिल हो जाने के बाद बीती 2 जून 2023 को कोर्ट नंबर 67 में न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और गजेंद्र कुमार की बेंच ने सुनवाई करते हुए जजमेंट रिजर्व कर लिया है। लेकिन अभी तक मामले का क्या परिणाम आया है उसकी जानकारी नहीं हो सकी है वही कानूनी जानकारों की मानें तो जल्द ही हाजी वसी पर लगी रासुका के मामले में हाईकोर्ट का फैसला आ सकता है।

### बड़े-बड़े नामों वाले आरोपी बनाकर भेजे गए थे जेल

3 जून को घटित हुई सांप्रदायिक हिंसा के मामले में जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ-साथ सरकार की भी जमकर किरकिरी हुई थी। कारण यह था कि अगर मामला बहुत बढ़ जाता तो विश्व स्तर पर किरकिरी सरकार को झेलनी पड़ती क्योंकि उसी दिन शहर में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का भी कार्यक्रम प्रस्तावित था। घटना पर नियंत्रण पाने के बाद ही शासन के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था जिसमें कई आईपीएस और पीपीएस अफसर शामिल थे। एसआईटी की जांच आगे बढ़ी तो सबसे पहले शहर के चर्चित बिल्डर हाजी वशी और बिरयानी के मामले में चर्चित नाम मुख्तार बाबा उर्फ बाबा बिरियानी को दोषी पाया गया। एसआईटी की जांच में निकल कर आया कि हाजी वसी मुख्तार बाबा कानपुर को हिंसा में झोंक कर चंद्रेश्वर हाता पर कब्जा करना चाहते थे। पुलिस की जांच में यह भी तक चौकानेवाले सामने आए थे कि इन दोनों ने डी टू गैंग के बदमाशों का भी साथ लिया था जिनमें मुख्यता अफजाल और सब्लू बदमाश के नाम शामिल थे।

### हाजी वसी और मुख्तार बाबा पर लग चुका है गैंगस्टर

पुलिस प्रशासन ने कानपुर हिंसा का चक्रव्यू रचने वाले चर्चित बिल्डर हाजी वसी के साथ-साथ मुख्तार बाबा और तीन अन्य पर गैंगस्टर की कार्यवाही भी की थी और थाना बेकनगंज पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 42,43,44,/2022 में भी इनको अभियुक्त बनाया गया था। वर्तमान समय में मुख्तार बाबा सभी मामलों में जमानत पर रिहा होकर जेल से बाहर आ चुका है लेकिन हाजी वसी जफर हयात हाशमी समेत दर्जनों अभी भी जेल में हैं।

### हाजी वसी और जफर समेत कई पर लगी थी रासुका

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए चर्चित बिल्डर हाजी वशी और समाजसेवी जफर हयात हाशमी समेत कई अन्य पर रासुका की भी कार्यवाही की थी। इन दोनों अन्य मामलों में हाई कोर्ट से जमानत मंजूर हो चुकी है अब सिर्फ इन दोनों को रासुका में जमानत मिलने का इंतजार है।

## सावन में शिवालयों की सुरक्षा करेगी पुलिस की तीसरी आंख : आनंद प्रकाश तिवारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सावन में शिवालयों में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गए है। यह जानकारी बीते दिन ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने दी है। आपको बताते चलें कि 4 जुलाई से भोले बाबा का महापर्व सावन शुरू हो रहा है। इसको लेकर मंदिरों में तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। जिससे कि किसी भी तरह की अव्यवस्था न फैल सके और भक्तों को दर्शन करने के लिए परेशान न होना पड़े। श्री तिवारी ने बताया कि इस बार सावन में 8 सोमवार पड़ेंगे। शहर के सभी प्रमुख शिवालयों में क्यू श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। आनंदेश्वर मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ होती है, इसलिए बैरिकेटिंग जा रही है, इसके साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये है। ड्रोन और सीसीटीवी से नजर रखी जायेगी। मंदिर में आने और जाने की अलग अलग व्यवस्था की गई है। प्रमुख मंदिरों में भक्तों के आने जाने में दिक्कत न हो ऐसे में पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया गया है और ड्यूटी लगाई गई है। वैसे सावन के सोमवार को ज्यादा भीड़ होती है लेकिन कल 4 जुलाई को सावन शुरू हो रहा है ऐसे में भीड़ काफी होगी। पुलिस कर्मियों के अलावा मन्दिर प्रशासन की तरफ से वालंटियर्स की भी ड्यूटी लगाई गई है जिससे कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले सके।

## फास्ट फॉरवर्ड

### टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत टीवी मरीजों को निक्षय मित्र बनकर बांटी पोषण सामग्री




**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** देश के प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार देश को 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हमारे पेट्रोल पंप (एन के फ्यूल सेंटर, ज्योरा, नवाबगंज, कानपुर) द्वारा टीबी मरीजों को निक्षय मित्र बनकर गोद लिया गया। उनके पोषण हेतु सामग्री वितरित की गई। जिसमें मुख्यरुप से भाजपा नारामऊ मंडल अध्यक्ष शुभम दीक्षित, तिलक नगर मंडल अध्यक्ष गौरव द्विवेदी, मनोज त्रिपाठी जी एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन इंजीनियर आकाश वर्मा 'निषाद' (पूर्व प्रधान) क्षेत्रीय सह संयोजक, मत्स्य प्रकोष्ठ, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र,भाजपा द्वारा किया गया था।

### डॉक्टर कटियार लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के मुख्य अनुशासक व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की नगर शाखा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रवीण कटियार को भारत सरकार के राज्य मंत्री देबू सिंह चौहान ने लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया। आईएमएफ दिल्ली हेड क्वार्टर में एक सम्मान समारोह का आयोजन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया।



आई एम ए हेड क्वार्टर द्वारा इस वर्ष पूरे देश से एकेडमिक क्षेत्र आओ गांव चले सामुदायिक सेवा प्रशासनिक एमिनेंट पर्सनालिटी लीडरशिप एंड सीनियर सिटीजन अवार्ड कैटेगरी में पुरस्कृत करने हेतु आवेदन पत्र मंगवाए गए थे। देशभर से प्राप्त 450 प्रार्थना पत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर 26 लोगों का चयन किया गया था। इन चयनित चिकित्सकों में डॉक्टर कटियार प्रमुख रहे। विदित हो कि विगत 5 सितंबर 2022 को डॉक्टर कटियार को ऑनरेरी प्रोफेसर शिप प्रदान की गई थी। इस अवसर पर डॉ आर बी अशोकन, डॉक्टर शिक्षित बाली सहित देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। संचालन महासचिव डॉ. अनिल नायक द्वारा किया गया।

### बदलते मौसम में मत्स्य पालन के लिए एडवाइजरी जारी

**जन एक्सप्रेस/प्रदीप शर्मा/कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय के अधीन संचालित मत्स्य महाविद्यालय एवं शोध के मत्स्य विशेषज्ञ डॉ.ध्रुव कुमार ने बदलते मौसम में मत्स्य पालन के लिए बीते दिन सोमवार को एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि इस समय वर्षात का मौसम चल रहा है जिससे बहुत से तालाबों में वर्षा के पानी के साथ साथ नाले, नहरों, नदियों आदि के पानी में अवांछनीय एवं जंगली मछलियां, अकार्बनिक तत्व बहकर तालाबों में आ जाते हैं जिसमे मछलियां हमारे तालाब के प्रजनकों, छोटी मछलियों आदि को खा जाते हैं। वहीं अवांछनीय तत्त्व विभिन्न प्रकार के रोगों का कारण बनते हैं। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम में बादल छाए रहने से तालाब में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया प्रभावित हो जाती है जिससे तालाब में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। इस समय आइएमसी का प्रजनन काल चल रहा है। उन्होंने मत्स्य पालकों से तालाब की मछलियों में किसी भी प्रकार का रोग अथवा अनियमितता दिखाई देने पर तालाब में लाल दवा का प्रयोग कर सकते हैं। अच्छा उत्पादन एवं मछलियों को रोगों से बचाव के लिए किसान को सप्ताह में एक बार अपने तालाब में जाल अवश्य चलाना चाहिए।



# श्री प्रखर परोपकार मिशन ट्रस्ट द्वारा मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



श्री प्रखर परोपकार मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में यज्ञसम्राट महामण्डलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज का चित्र लगाकर आनन्द एम.वी.आर. अपार्टमेन्ट, पार्वती बाग्ला रोड, कानपुर में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम महाराज के शिष्यों द्वारा बड़े हर्षोल्लस के साथ मनाया गया। जिसमें चित्र पूजन कर आरती की। सभी शिष्यों ने महाराज से वीडियों कालिंग के माध्यम से सीधे वार्ता कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जो अपने आप में आधुनिक व्यवस्था थी। महाराज ने अपने भक्तों से वीडियों कालिंग के माध्यम से देश और विदेश में बैठे भक्तों को एक श्लोक के माध्यम से आर्शीवाद प्रदान किया तथा विश्व में शान्ती स्थापित करने की कल्पना की। और भारत देश में खुशहाली और तरक्की की कामना की और कहा कि उन्माद करने वालों को सद्बुद्धि दे। सुरेश गुप्ता ने अपने उद्गार प्रकट करते हुए कहा कि आषाढ की पूर्णिमा ही क्यो है गुरू पूर्णिमा आषाढ पूर्णिमा को चुनने के पीछे गहरा अर्थ है, अर्थ है कि गुरू तो पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह है जो पूर्ण प्रकाशमान है और शिष्य आषाढ के बादलों की तरह। आषाढ में चंद्रमा बादलों से घिरा रहता है जैसे बादल रूपी शिष्यों से गुरू घिरे हों, शिष्य सब तरह के हो सकते हैं, जन्मों के अंधेरे को लेकर आ छांए, ये अंधेरे बादल की तरह ही है, उसमें गुरू भी चांद की तरह चमक सके, उस अंधेरे से घिरे वातावरण में भी प्रकाश जगा सके, तो ही गुरू पद की श्रेष्ठता है, इसलिए आषाढ की पूर्णिमा का महत्व है। इसमें गुरू की तरफ भी इशारा है और शिष्य की तरफ भी, यह अशारा तो है कि दोनों का मिलन जहां हो, वहीं कोई सार्थकता है। कार्यक्रम आयोजक विश्वनाथ कानोडिया ने आए हुए महाराज श्री के शिष्यों को श्री प्रखर परोपकार संदेश नामक पुस्तक का वितरण किया और कहा कि महाराज जी जैसे महापुरूष सदियों में जन्म लेते हैं।

कार्यक्रम में सुश्री सुरेश गुप्ता, नरेश चन्द्र त्रिपाठी एड., विश्वनाथ कानोडिया, प्रदीप गुप्ता, सुशील तुलस्यान, आशा कानोडिया, मदन कानोडिया, मानू मिश्रा, मनीष गर्ग, राजकुमार कानोडिया, अभिषेक कानोडिया, पुष्पा कानोडिया, कमल किशोर गुप्ता, प्रकाश मिश्रा एड., गौरव तिवारी आदि काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव/सोहरामऊ**

छह दिन पूर्व पड़ोसी भांजे के साथ बाइक से नवाबगंज कस्बे आ रही महिला की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव लेकर थाने पहुंचे। तब पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सहरावां गाँव निवासी उषा(30) ,बेटी नैंसी (5) ,चंद्रा(48) पड़ोसी भांजे सोनू (16) के साथ बाइक से बीते बुधवार को नवाबगंज कस्बे आ रही थी। इस दौरान लखनऊ कानपुर हाइवे के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के एक मेडिकल कालेज के सामने तेजरफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में सभी को गम्भीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। जहां उषा को गम्भीर हालत में रेफर कर दिया गया था। परिजन रेफर के बाद सोहरामऊ कस्बे के ही एक नर्सिंगहोम में इलाज करा रहे थे।

सोमवार सुबह इलाज के दौरान उषा की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने अस्पताल पहुचकर पीएम कार्रवाई की जहमत नही की,और शव एम्बुलेंस की मदद से थाने मंगवा पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया था। ट्रैक्टर सोहरामऊ पुलिस के कब्जे में है। सीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# 1 से 7 जुलाई तक मनाया जाएगा वन महोत्सव : मनोज कुमार द्विवेदी



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

भारत में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बीते दिन सोमवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल मनोज कुमार द्विवेदी द्वारा कार्यालय परिसर में बरगद के पौधे का रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी को पौधरोपण के प्रति सजग रहना चाहिए।

पर्यावरण की रक्षा का सबसे आसान तरीका पौधरोपण है जिसके माध्यम से वातावरण में ऑक्सीजन की पूर्ति होती है व वृक्ष छाया देने के भी काम आते हैं।

# हफ्ते भर से लापता युवक का नहर में मिला शव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बीती 27 जून को घर से दो अज्ञात दोस्तों के साथ मोटर साइकिल से निकले युवक का शव बीते दिन गोविंद नगर थाना क्षेत्र के एकता पार्क के पास नहर में बहते हुए मिला है। राहगीरों ने देखा तो पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के लिए परिजनों को बुलाया तो परिजनों ने शव की शिनाख्त अपने पुत्र शिवम पांडे (19) के रूप में की। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने शिवम की हत्या कर शव नहर में फेंकने की बात कही है और पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

पनकी थाना क्षेत्र के नहर पट्टी निवासी मृतक शिवम (19) की मां धनपति पांडे ने बताया कि बीते मंगलवार को सुबह लगभग 11बजे प्लैटिना बाइक सवार दो अज्ञात युवक आए और सिगरेट पिलाने के बहाने बेटे शिवम को ले गए। बेटा शाम तक जब घर नहीं पहुंचा तो खोजबीन शुरू की लेकिन शिवम का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने थाना पनकी में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मृतक की मां धनपति पांडे ने पड़ोस में रहने वाले युवक राजन पर आरोप लगाते हुए बताया था कि शिवम का राजन से झगड़ा चलता था। राजन ने बेटे शिवम को देख लेने की धमकी दी थी। राजन ने कल आकर उन्हें धमकी दी थी जिस तरह बेटे को गायब किया है उसी तरह पूरे परिवार को गायब कर देगा। जिसकी शिकायत पनकी पुलिस से की थी। पुलिस ने राजन को पकड़ा भी था।



लेकिन शांति भंग की कार्रवाई कर उसे छोड़ दिया। सुबह उन्हें जानकारी मिली की एक शव बहते हुए गोविंद नगर थाना क्षेत्र के एकता पार्क के पास मिला है। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे तो पुलिस शव को बाहर निकाल रही थी। हाथ पर बने टैटू से परिजनों ने शिवम की पहचान की तो घर में कोहराम मच गया। शिवम की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि अगर पनकी पुलिस गंभीरता से जांच करती तो बेटे की जान बच सकती थी। वहीं पनकी पुलिस क्षेत्र के कैमरे चेक करती तो शिवम को ले गए युवकों की शिनाख्त हो सकती थी। पुलिस की देरी के कारण उनके बेटे की जान चली गई।

# सड़क का निर्माण के दौरान खोदी गई खाई में गिरा मासूम, मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रामपुर गांव से हिरनी गांव के बीच सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क के किनारे जेसेबी से खाई खोदी गई है। जिसमें बरसात का पानी भरा हुआ था। पैर फिसलने से मासूम खाई में गिर गया जिसके बाद मासूम की पानी मे डूबने से मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे परिजन मासूम को लेकर पतारा सीएचसी ले गए जहां डाक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रणधीर ने बताया की उन्होंने गांव निवासी हरिनाम सिंह के खेत बटाई मे ले रखा है। जिस पर सोमवार दोपहर अपनी पत्नी नन्नी व अन्य मजदूरों के साथ खेत में धान की वेल के पौध रोपाई कर रहे थे तभी खेत में उनका 6 वर्षीय बेटा साहिल खेत पर आया था कुछ देर बाद वह वापस घर लौट रहा था, तभी



रामपुर और हिरनी गांव के बीच स्थित चल रहे सड़क निर्माण के लिए सड़क के किनारे जेसेबी से खाई खोदी गई है खाई मे गिर गया जिसमें बारिश का पानी भरा हुआ था, जिसमें पैर फिसलने से मासूम डूब गया। काफी ढूंढने पर साहिल पानी में उतराता मिला खाई से निकालकर आनन फानन पतारा सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौक़े पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच कर मासूम के शव को पी एम के लिए भेजा है। घाटमपुर एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि जानकारी मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बदहाली के आंसू रो रहा है महराजगंज–इन्हौना मार्ग

**लोक निर्माण विभाग जर्जर मार्ग को लेकर बन रहा है अनजान**

जन एक्सप्रेस। राजेश मिश्र



**महराजगंज, रायबरेली।** दो जिलों को आपस में जोड़ने वाला महराजगंज इन्हौना मार्ग भाजपा के पिछले कार्य काल से अपनी बदहाली पर आसू वहा रहा हैं। रिपेयरिंग की बाट जोहते-जोहते सम्पूर्ण सड़क लगभग अपना वजूद खो चुकी है। पूरी की पूरी सड़क एक गंदे नाले में परिवर्तित हो गई है। इसका यह आलम हो गया है कि इस सड़क पर चलने वाले राहगीर को यह भरोसा नही रहता कि वह शाम को अपने घर वापस आएगा या अस्पताल पहुंचेगा। किंतु लोक निर्माण विभाग सब कुछ जान कर अनजान बना हुआ है। यह मार्ग अपनी बदहाल स्थिति के लिए पिछले कई सालों से चर्चित है। इस सड़क की स्थिति सुधारने के लिए पूर्व शासन सत्ता के विधायक रहे स्वर्गीय रामनरेश रावत से लेकर पूर्व विधायक राम लाल अकेला सहित क्षेत्र की जनता ने भी विधानसभा चुनाव 2022 के पहले अनेकों बार धरना प्रदर्शन भी किया। किंतु पी डब्लू डी के अधिकारियों के कान पर जूं तक नही रेगी।वर्तमान में सपा से जीते विधायक श्यामसुंदर भारती ने विधान सभा में इस सड़क की दुर्दशा को बड़े जोर शोर से उठाया, यही नही बाद में ज्ञात हुआ कि इसके निर्माण के लिए धन भी पास हो चुका है, किंतु अभी तक सन्नाटा ही है, वैसे भी पिछली सरकार में शासन सत्ता के विधायक के लाख प्रयास के बाद भी इसका नवीनी करण नही हो पाया था तो विपक्ष के विधायक पर क्या भरोसा किया जाय। आश्चर्य तो इस बात का है की इसी मार्ग पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी वर्तमान सपा विधायक के निवास इसी मार्ग में पड़ते है। आए दिन हो रहे हादसों को देखकर आम जनमानस ने इस मार्ग का नाम भी यमपुरी मार्ग रख दिया है।

इस सड़क के निर्माण को लेकर अक्टूबर 2021 में महराजगंज इन्हौना मोड़ पर बाबा राम केवल अनशनकारी की अगुवाई में लोगों ने एक सप्ताह तक धरना प्रदर्शन भी किया, किंतु सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पिलाकर धरना समाप्त करवा दिया गया था, जिसके चलते चुनाव के पहले बछरावां से बीजेपी विधायक रहे राम नरेश रावत का काफी विरोध हुआ था। यह सड़क न बनने से पीडब्ल्यूडी विभाग की शव यात्रा भी निकाली गई थी। जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों से धरना समाप्त करने के लिए तत्कालीन एडीएम प्रशासन अमित कुमार व पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन डी के कुरील ने मौके पर सड़क मरम्मत का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवा दिया था। किंतु आम जन मानस आज तक उस समय का इंतजार कर रहा है। फरवरी 2023 में विधानसभा सत्र के दौरान वर्तमान बछरांवा विधायक श्यामसुंदर भारतीय ने महराजगंज इन्हौना मार्ग की बदहाली का मुद्दा भी उठाया था। जिसका जवाब देते हुए राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सदन में ही कहा कि इस सड़क के लिए सरकार ने 27 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी है। किंतु वह धनराशि कहा चली गई, इसका कुछ पता नही है।

## बारिश के बाद हुये जलभराव ने ले ली मासूम की जान

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मिल एरिया थाना क्षेत्र के शक्तिनगर में स्वामी आश्रम में पुजारी का काम करने वाले श्यामू शुक्ला के 4 वर्षीय बेटे अखिल शाम के समय अचानक घर से गायब हो गया। परिजन आश्रम के भीतर बच्चे को ढूंढते रहे लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। तभी श्यामू शुक्ला श्रम गेट के सटे हुए खाली प्लाट में भरे पानी के भीतर उतरकर देखा। यहां उनका 4 वर्षीय बेटा उसी में डूबा मिला। उन्होंने जल्द ही उसे बाहर निकाला और लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने अखिल को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय सभासद शबिस्ता बृजेश ने जल निगम पर गंभीर आरोप लगाया हैं, उनका कहना है कि जल निगम की निगरानी मे अमृत योजना का काम हो रहा है। उसी के तहत पाइप डाले जा रहे हैं। ठेकेदार और काम करने वालों ने जिम्मेदारी समझी होती तो जलजमाव न होता और न ही यह हादसा होता। सूचना मिलते ही पुलिस व सिटी मजिस्ट्रेट घटनास्थल पर पहुंचे जहां पर उन्होंने परिजनों से बातचीत करते हुए मामले को शांत कराया। उन्होंने पूरे मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अमृत योजना में काम कर रहे जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों के साथ बैठक कर जांच की जाएगी। इसमें संलिप्त आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## गुरु पूर्णिमा पर्व के साथ–साथ महर्षि वेद व्यास का किया गया पूजन–अर्चन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में गुरू पूर्णिमा (व्यास पूर्णिमा) का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य ताकेश्वर सिंह ने महर्षि वेद व्यास का पूजन-अर्चन सम्पन्न किया। तद्पश्चात हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल जी सहित स्कूल के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में नितेश कुमार त्रिवेदी, सारांश चैरसिया और विनायक ने महर्षि व्यास एवं उनके शिष्यों की जीवन्त भूमिका निभाई। स्कूल के बच्चों में से राधिका, अन्वी तथा अरजान ने गुरू पर्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। हेड-मिस्ट्रेस मैडम ने मानव जीवन में गुरूओं के अमूल्य ज्ञान और मार्ग दर्शन तथा गुरू-शिष्य के सम्बन्धों के महत्व को बताते हुए महर्षि वेद व्यास के जीवन से सम्बन्धित अनेक जानकारियों से बच्चों को अवगत कराया। एक्टिविटी इंचार्ज प्रमान्शु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में आज के सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, माधुरी शुक्ला, रविन्दर कौर, मन्जू शर्मा तथा उमैर अहमद आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्कूल की छात्रा अमृषा श्रीवास्तव ने किया। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रधानाचार्य जी ने अपने गुरूजनों को प्रणाम करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। स्कूल के बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में गुरू और शिक्षक में अन्तर स्पष्ट करते हुए कहा कि गुरु लौकिक और पारलौकिक दोनों का ही पथ प्रशस्तकर्ता है, जबकि शिक्षक मात्र अक्षर ज्ञान दे सकता है। जीवन में जिससे भी सकारात्मक ज्ञान प्राप्त हो, वह गुरू तुल्य है। अतः गुरू पूर्णिमा पर अपने से बड़ों एवं गुरूजनों के प्रति श्रद्धा, आदर और सम्मान का संकल्प लें, तभी इसके मनाये जाने का उद्देश्य सफल होगा। आप सभी को गुरू पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं, इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनुपयोगी वस्तुओं से सजावट की सामग्री बनाए जाने की कार्यशाला राइजिंग चाइल्ड स्कूल में संपन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




शहर के प्रभुटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में वेस्ट मटेरियल से क्राफ्ट एवं संपूर्ण सत्र की कक्षाओं की सजावट सामग्री के लिए क्राफ्ट प्रतियोगिता संपन्न हुई। राइजिंग चाइल्ड स्कूल की सभी शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों ने प्रतियोगिता मे भाग लिया। कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल और करुणा गुप्ता निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभा का सूक्ष्म अध्ययन करके उन्हें प्रदान किए। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि घर में उपलब्ध अनुपयोगी एवं कचरे से उपयोगी और सजावटी वस्तुओं को बनाकर उनको उपयोगी बनाना भी एक कला है, जिसको निखारने के लिए राइजिंग चाइल्ड स्कूल कृत संकल्पित है, उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक घर मे प्रतिदिन ढेर सारा कचरा निकलता है, जैसे नारियल के छिलके, पुराने अखबार, कांच के जार, प्लास्टिक की बोतलें, गत्ते के डिब्बे, ऐसे सभी सामान का उपयोग रचनात्मक तरीके से स्कूल को सजाने के लिए किया जा सकता है। प्रतियोगिता में अशफिया, स्वालीन, जेबा, कृतिका, महिमा और प्रेमलता ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता मे भाग लेने वालों में सारा, स्मृति, शालिनी, स्वालेहा, अजय, अमित, एना, सुष्मिता, प्रतीक्षा, सिम्पी, साक्षी, शिवली, रमशा, नशरा, ज्योति, प्रियंका, नेहा, श्वेता, आस्था, प्रिया, शुभी, अंजलि, ममता का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्रनाथ हरि एवं मो. तौफीक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर याद किए गए अट्ठारह पुराणों व वेदों के रचनाकार महर्षि वेदव्यास

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास को श्रृद्धा पूर्वक याद किया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में आयोजित एक कार्यक्रम में महर्षि वेदव्यास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के शिक्षक धर्मेन्द्र शुक्ल ने बताया कि महर्षि वेदव्यास ने मानव जीवन की दशा और दिशा बदलने के लिए अठ्ठारह पुराणों व वेदों के निचोड़ के रूप में दो ही शब्द बताए-'परोपकाराय पुण्याय पापाय पर पीड़नम्' अर्थात् इस संसार में परोपकार ही सबसे बड़ा पुण्य और दूसरे को पीड़ा पहुँचाना ही सबसे बड़ा पाप है। मानव जीवन में इस सूत्र को अपनाकर ही व्यक्ति सुखद, सुव्यवस्थित एवं समृद्धिशाली व्यक्तित्व के साथ अपने जीवन को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शिवलखन प्रजापति जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु का महत्व ईश्वर से भी बढ़कर होता है, क्योंकि गुरु के द्वारा ही हमें ईश्वरीय सत्ता का भान होता है, वहीं हमें सत्य-असत्य, नीति-अनीति, अच्छाई -बुराई आदि का ज्ञान कराता है। उन्होंने कहा कि इस विश्व में माँ ही सर्वप्रथम गुरु है, जो बच्चे को मानवीय संस्कारों से सुसज्जित करती है।

## जेवरात,नकद, तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ लुटेरे गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अमेठी



सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ.इलामारन जी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि थाना क्षेत्र रामगंज में 04 दिन पूर्व हुई डकैती का खुलासा कर सभी अभियुक्त गिरफ्तार कर लिए गए। उन्होंने बताया कि चन्द्र प्रकाश जायसवाल उर्फ लवकुश पुत्र स्व. ओम प्रकाश जायसवाल ग्राम रायपुर पोस्ट रामगंज थाना रामगंज जनपद अमेठी द्वारा थाना रामगंज पर लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 28/29 जून की रात्रि करीब 12.30 बजे मेरे घर के छत पर लगे लोहे की जाल को काटकर तीन अज्ञात लोग घुस आये तथा मेरे कनपटी पर तमंचा लगाकर तिजोरी में रखा लगभग 02 लाख रूपया व आलमारी में रखा 01लाख रूपया कुल 03 लाख रूपये, 03 सोने की चैन, 03 सोने की कुण्डल, 02 सोने का कान का सहारा,सोने का ब्रेसलेट,07 सोने की अंगूठी, 04 सोने का लाकेट,03 सोने का मंगल सूत्र, 04 चूड़ी व 03 पायल चांदी के लूटकर भाग गये। सूचना पर थाना रामगंज पर मु.अ.सं 79/23 धारा 392 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही थी। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी अमेठी के नेतृत्व में कुल 04 टीमें गठित कर उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिए गये थे। इसी क्रम में क्रम थाना रामगंज, स्वाट, सर्विलांस टीम अमेठी व थाना पीपरपुर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 04 अभियुक्तों सूरज सरोज पुत्र राधेश्याम सरोज निवासी अतरसन थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष, धीरज यादव पुत्र राजेन्द्र प्रसाद यादव निवासी बहाउद्दीनपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 32 वर्ष, नसीम कुरैशी पुत्र मो. रफी निवासी कस्बा रामगंज थाना रामगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष, संजय सोनी उर्फ धाकड़ पुत्र गंगाराम सोनी निवासी गल्लामण्डी कस्बा व थाना रामगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को जनता इण्टर कॉलेज रामगंज के पास से समय करीब 10:10 रात्रि में गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## निजी नलकूप कनेक्शन के लिए अवर अभियंता ने लिए डेढ़ लाख रुपए, जांच शुरू

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

किसान से डेढ़ लाख रुपए लेकर उसे 2240 रुपए की रसीद पकड़ाना बिजली विभाग के अवर अभियंता को महंगा पड़ गया है। पीड़ित की शिकायत पर अयोध्या मंडल के मुख्य अभियंता ने अधिशाषी अभियंता को जांच के निर्देश दिए हैं। उन्हें एक सप्ताह में रिपोर्ट मंडल अधिकारी को सौंपना है। उच्च अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

मामला कोतवाली देहात थाना अंतर्गत नकराही ग्राम सभा से जुड़ा है। यहां के निवासी इखलाक अहमद पुत्र माशूक अहमद ने निजी नलकूप विद्युत संयोजन के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि विधुत वितरण खंड प्रथम के अवर अभियंता राम जनम ने किसान से डेढ़ लाख रुपए लिया और उसे 2240 रुपए की रसीद थमा दिया। उसने आपत्ति किया तो कनेक्शन नहीं देने की धमकी दी गई। अंत में किसान इखलाक ने [illegible] के अध्यक्ष के पास मामले की शिकायत किया। इस पर महकमा हरकत में आ गया। मुख्य अभियंता अयोध्या परिक्षेत्र ने शिकायत करता के प्रार्थना पत्र और शपथ पत्र के आधार पर केएनआई के अवर अभियंता के खिलाफ जांच कमेटी बनाया। जिसमें अधिशाषी अभियंता वेंकटरमन को जांच अधिकारी नामनित कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट तलब किया है। बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी एक निजी नलकूप के माले में अवर अभियंता और उप खंड अधिकारी को बचाने के लिए एक लिपिक की बलि चढ़ाई जा चुकी है।सूत्रों की माने तो जांच प्रारंभ होने के पहले ही अवर अभियंता राम जनम ने शिकायत करता को पैसा वापस करते हुए माफी मांगा है। यही नहीं अपने ऊपर लगे आरोपों को छिपाने के लिए शिकायतकर्ता से पुनः शपथ पत्र भी लिया गया है।

## स्कूल खुलने के पहले दिन बच्चों का रोली चंदन से हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस। अमेठी



ग्रीष्मावकाश के चलते 44 दिनों बाद सोमवार को सरकारी स्कूल खुल गए। विद्यालय खुला,और बच्चों का विद्यालय में आना शुरू हुआ।कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला में प्रवेश करते ही बच्चों को रोली,चंदन, व आरती उतारकर, तथा मिठाई खिलाकर प्रधानाध्यापक व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी धीरेंद्र प्रताप सिंह व विद्यालय के शिक्षक,शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। बच्चों को इतने दिनों के बाद विद्यालय में पाकर शिक्षक-शिक्षिकाओं का मन उत्साह से भर गया। बच्चों को मिठाई व फल भी वितरित किया गया।शिक्षकों द्वारा एक-एक बच्चे का गृह कार्य जांचा गया और खेल -खेल में शिक्षा दी गई। शिक्षकों द्वारा बच्चों को महत्वपूर्ण निर्देश देने के साथ-साथ पठन-पाठन कार्य भी किया गया। नए सत्र के पहले ही दिन विद्यालय में 101 बच्चे उपस्थित हुए। जो बच्चे आज नहीं आए उन्हें विद्यालय में उपस्थित होने हेतु दूरभाष के माध्यम से एवं शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से संपर्क किया गया। विद्यालय में लगे झूलों पुस्तकालय,सीसीटीवी कैमरा,एवं विद्यालय में लगे हुए फूल -पत्तियों को देखकर बच्चों का मन उत्साह से भर गया। जिससे उनमें नवीन ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय में उपस्थित समस्त बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा ईश्वर से प्रार्थना की गई।पठन-पाठन हेतु विद्यालय में सकारात्मक माहौल तैयार किया गया। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति एक उत्सव की तरह लग रहा था।प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने हेतु अपील की। विद्यालय के बच्चों को अमिता जायसवाल द्वारा योगा भी कराया गया। प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन,पूर्ण स्वच्छता के साथ बनाने हेतु रसोइयों को कहा गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** गुरू पूर्णिमा पर्व गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ उल्लास पूर्वक मनाया गया। सोमवार की सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गायत्री मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया।इस अवसर पर वृक्षारोपण,चान्द्रायण कल्प साधना,नियमित जप,गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ एवं देव स्थापना,नियमित योग, पांच परिव्राजक प्रशिक्षण अमेठी ब्लाक के प्रत्येक गांव में गायत्री मिशन की पहुंच का संकल्प भी कराया गया।गायत्री साधकों ने परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर लोक कल्याण की कामना की।गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ त्रिवेणी सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए गायत्री परिवार के कार्यक्रमों को विस्तार देने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सत्प्रवृत्तियों के संवर्धन के लिए साधना और गायत्री से हर परिवार को जोड़ना होगा तभी गुरुदेव की युग निर्माण की संकल्पना को साकार किया जा सकेगा।इसके लिए सभी संकल्पवान,भावनाशील परिजनों का सहयोग आवश्यक है।गायत्री महायज्ञ के बाद कन्या भोज में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर गायत्रीपरिवार से जुड़े गणमान्य लोग एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया बंधन बैंक शाखा का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बाधमंडी चौराहे के निकट स्थित बंधन बैंक (बैंकिंग की नई शाखा) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कैश काउंटर के लिए फीता काटा और बैंक की उन्नति के लिए आशा जताई और ग्राहकों के सहयोग और सुविधाओं के लिए हरसंभव कदम उठाने को कहा। बताया गया कि लेनदेन, एफडी, गोल्ड लोन सभी प्रकार के पर्सनल, होम, आटो लोन उपलब्ध है। ब्रांच मैनेजर अभिषेक सिंह, कलस्टर हेड राज वर्धन पांडेय, असिस्टेंट ब्रांच हेड बृजेश कुमार सिंह, सरदार बलदेव सिंह, हर्षित श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, शैलेंद्र, तनु प्रिया, सभ्यता भाजपा नेत्री उपमा शर्मा, व्यवसाई निकेत आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रक ड्राइवर की हत्या कर ट्रक लूटने वाले चार लुटेरे गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** बाइस दिन पूर्व लखनऊ–वाराणसी हाइवे पर अज्ञात व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीन अन्य बदमाशों की तलाश अभी जारी है। मृतक ट्रक चालक था, बदमाशों ने उसकी हत्या कर ट्रक लूट लिया था। मृतक अंबेडकरनगर थानाक्षेत्र का रहने वाला है। बीते 12 जून को जिले के कुड़वार थानाक्षेत्र अंतर्गत लखनऊ–वाराणसी हाइवे किनारे अज्ञात व्यक्ति का हत्या कर शव फेंक गया था। पुलिस ने अज्ञात में ही अंतिम संस्कार करा दिया था। बाद में उसकी पहचान अंबेडकरनगर के जैतपुर निवासी रमेश कुमार के रूप में हुई, वो ट्रक चलाता था। मामले में छानबीन शुरू हुई तो देवरिया के रहने वाले रामाज्ञा उर्फ संजय कनौजिया, गाजियाबाद के राजेश यादव, बिहार के रहने वाले सुमित कुमार, विदेश्वरी यादव को पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई ट्रक, हत्या में प्रयुक्त गमछा और मृतक का ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया। पुलिस के अनुसार रमेश के साथ उस दिन दूसरी ट्रक से रामाज्ञा सहित अन्य साथी अमेठी जनपद में आए थे। वहीं मौका पाकर रामाज्ञा ने अपने साथियों के साथ मिलकर गमछे से गला दबाकर रमेश को मौत के घाट उतार दिया था। शव कुड़वार थानाक्षेत्र में लखनऊ–वाराणसी हाईवे किनारे फेंक कर ट्रक को बिहार लेकर चले गए। वहां उन्होंने ट्रक का रंग भी बदलवा दिया। सर्विलांस टीम और स्थानीय पुलिस लगातार इस मामले में हत्यारों की तलाश में जुटी रही। पुलिस को सूचना लगी की कुछ लोग एक ट्रक बेचने आए हुए हैं। पुलिस ने मौके से रामाज्ञा, राजेश यादव, सुमित और विंदेश्वरी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तब उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस मामले में बिहार के रहने वाले भोला और दिनेश सिंह के साथ–साथ मुजफ्फरपुर के देवनाथ शाह की अभी तलाश जारी है। पकड़े गए बदमाशों को जेल भेज दिया है।

### बेतहाशा जाम ने यातायात व्यवस्था की खोल दी पोल

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** बीता मंगलवार एक चौराहे से दूसरे चौराहे तक पहुंचना वैतरणी पार करने से कम नही था। सड़क पर मानों दुनियां रूक सी गई हो, हालात इस तरह से बिगड़े की बुजुर्गों और नन्हें–मुन्नें स्कूली बच्चों में कड़ी धूप और ऊमस और एक जगह रूकने की वजह से चक्कर जैसी हालत हो गई थी। भला हो टीएसआई नरेंद्र बहादुर सिंह का जिसने रोड़वेज बस स्टाप से विकास भवन, कलेक्ट्री, करूणाश्रय अस्पताल तक अकेले मोर्चा सभांला। विभाग सिर्फ चालान कर देने को ही सबसे बडी कार्यवाई समझती है बाकी एम्बुलेंस में गंभीर मरीज़ फंसे है, नन्हें,मुन्नें स्कूली बच्चें व बुजुर्ग सड़क पर एक जगह जाम हो गए है।इससे बहुत कम मतलब है, बीते मंगलवार को मरीज़ डॉक्टर तक समय से नही पहुंच सके।स्कूली बच्चें छुट्टी के बावजूद अपने घर पहुचने में घंटो समय लगाया। दफ्तरों में फरयादियों को पहुंचना भारी पड़ गया, कुल मिलाकर जाम ने लोगों का काम बिगाड़ दिया। अव्यवथित यातायात के हालात यदि ऐसे ही रहें तो आमलोगों को बाजार–हाट करने के लिए हजार बार सोचना पडेगा। भीषण जाम में फंसे लोगों के मुंह से बस एक ही शब्द सुनाई दिया,उफ् तौबा–तौबा।

### समस्या नहीं, समाधान बने इंडिया एंटी करप्शन फोर्स

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** सामाजिक संगठन इंडिया एंटी करप्शन फोर्स (रजि.) के वनवासी आश्रम सीताकुंड में आश्रम के छात्रों को स्कूली बैग वितरित किया। संगठन के अध्यक्ष विकास मिश्र, महासचिव विपिन मिश्र एवं संरक्षक रमाशंकर पांडेय (प्रत्याशी महासचिव बार एसोसिएशन सुल्तानपुर) ने बताया कि इंडिया एंटी करप्शन फोर्स के द्वारा ऐसे ही अनेक सामाजिक कार्यक्रम किए जाते रहेंगे।संगठन का मुख्य उद्देश्य यह है कि समस्या नहीं, समाधान बने। संगठन के विधिक सलाहकार एवं प्रवक्ता देवेंद्र पाठक एवं उपाध्यक्ष राजीव तिवारी ने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वही मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने बताया कि जल्द ही संगठन के द्वारा वृक्षारोपण भी करवाया जाएगा। इस मौके पर सचिव आदित्य मिश्र, सह सचिव पंकज तिवारी,संगठन मंत्री प्रमोद पांडेय, संरक्षक कैलाश चंद्र द्विवेदी, विद्याभूषण पांडेय, देवनारायण गुप्ता, दिनेश वर्मा के साथ–साथ छात्रावास प्रबंधन के लोग एवं छात्र मौजूद रहे।

### जो ज्ञान द्वारा अंधकार का नाश करे वही गुरू होता है: स्वदेश बहादुर सिंह

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज, रायबरेली।** महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में सभी बच्चों तथा अध्यापकों की उपस्थिति में प्रबंधक अवधेश बहादुर सिंह एवं प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने आदि गुरुओं का अभिषेक जल, माल्यार्पण, धूप दीप नैवेद्य से किया। प्रबंधक स्वदेश बहादुर सिंह ने कहा की मां प्रथम गुरु होती है पिता इसके बाद और फिर शिक्षक आते है हमे अपनी से बड़ो का सम्मान करना चाहिए। प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने अपने उद्बोधन में कहा कि गु का अर्थ अंधकार रु का अर्थ ज्ञान अत: जो ज्ञान द्वारा अंधकार का नाश करें वही गुरु है। वेद व्यास की जयंती पर आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा मनाते हैं। आज के दिन भगवान शिव द्वारा अपने शिष्यों को ज्ञान दिया गया था। गौतम बुध ने धर्म चक्र प्रवर्तन किया था।आदि गुरुओं के संबंध में बताया भगवान शिव के बाद दत्तात्रेय सबसे बड़े गुरु थे। देवताओं के गुरु अंगिरा ऋषि इनके पुत्र बृहस्पति इनके पुत्र भरद्वाज हुए। असुरों के गुरु शुक्राचार्य तथा भृगु थे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 40°C | 27°C |
| कानपुर | 40°C | 28°C |
| देहरादून | 31°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 41°C | 27°C |

# यूपी में 42 दिन बाद खुले स्कूल तिलक लगाकर किया गया स्वागत

## टीचरों ने बिस्किट-स्टेशनरी देकर कहा-वेलकम बैक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में 42 दिन बाद आज से स्कूल खुल गए हैं। गर्मी की छुट्टी के बाद छात्र हंसते-खेलते पहले दिन सुबह 7 बजे बारिश के बीच स्कूल पहुंचे। लखनऊ में टीचर ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर फूल बरसाए। बिस्किट और स्टेशनरी देकर स्वागत किया। इसके बाद बच्चों से टीचर ने वेलकम बैक कहा।



बता दें कि परिषदीय स्कूलों में 20 मई के बाद ग्रीष्म कालीन छुट्टी हुई थी। इसके बाद 15 जून को स्कूल खुलने थे। मगर, भीषण गर्मी के चलते छुट्टी 26 जून तक बढ़ा दिया गया था। इसके बाद अवकाश को बढ़ाकर 2 जुलाई तक कर दिया गया। हालांकि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन स्कूल खोलने के निर्देश जारी किए गए थे। 19 मई के बाद आज फिर स्कूल में छात्रों की पढ़ाई शुरू हो गई है।

बीएसए अरुण कुमार ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्र के 1618 प्राइमरी व जूनियर स्कूल खुलेंगे। शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वह सोमवार को तय समय पर पहुंचकर स्कूल खोलें। बच्चों का स्वागत करें। बच्चों की पढ़ाई के साथ ही नए बच्चों के दाखिले के निर्देश दिये हैं। छात्र संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षक विशेष अभियान के तहत गांव व मोहल्लों में जाकर अभिभावकों से संपर्क कर कक्षा एवं नए बच्चों के दाखिला करेंगे। पांच जुलाई से स्कूलों का निरीक्षण अभियान शुरू होगा।



### 2 करोड़ स्टूडेंट्स जोड़ना लक्ष्य

शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद ने बताया कि ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद आज से वापस से स्कूल खुल रहे हैं। प्रदेश के 1 लाख 31 हजार परिषदीय स्कूलों में 1 करोड़ 91 लाख स्टूडेंट्स हैं। इस सत्र में एक बार फिर से स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ाने पर जोर होगा। जल्द भी 2 करोड़ से ज्यादा स्टूडेंट्स का आंकड़ा पार कर लेंगे।

# हज यात्रियों का पहला जत्था लखनऊ लौटा

## दो फ्लाइटों से 400 से अधिक हज यात्री पहुंचे एयरपोर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

हज की यात्रा के लिए गया हुआ पहला जत्था वापस लखनऊ आ गया है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो फ्लाइट से हाजियों की वापसी हुई। वही हज यात्रियों की वापसी पर हज कमेटी के अधिकारी और कर्मचारी उनका स्वागत करते भी नजर आए। 22 मई को हज यात्रा के लिए गए 25000 से ज्यादा हज यात्रियों का पहला जत्था आज लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा। चौधारी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहली फ्लाइट जिसमें 288 हज यात्री थे और दूसरी फ्लाइट जिसमें 250 हज यात्री मौजूद थे आज लखनऊ सुरक्षित पहुंचे। लगभग 45 दिनों की यात्रा के बाद उत्तर प्रदेश में आए हज यात्रियों चेहरे पर खुशी देखने को मिली। वही हज कमेटी की तरफ से मौजूद अधिकारियों ने भी उनका फूलों से स्वागत किया।



### उत्तर प्रदेश से 26786 हज यात्रियों ने किया था रजिस्ट्रेशन

22 मई से शुरू हुई हज यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से लगभग 26786 हज यात्रियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था जिनको सउदिया भेजा गया था। और अब लगभग 45 दिन बाद अपनी हज की यात्रा समाप्त करने के बाद यात्रियों का अपने मुल्क वापस लौट कर आना शुरू हो गया है। इस दौरान अपनी हज की यात्रा समाप्त करके आए यात्रियों ने भी सरकार को धन्यवाद दिया।

संस्कृति के बचाव के लिए संस्कृत जरूरी

# लखनऊ में 100 से ज्यादा संस्कृत के शिक्षकों का किया गया सम्मान



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सोमवार को संस्कृत टीचरों का सम्मान हुआ। यूपी संस्कृत संस्थानम् ने प्रदेश के 100 से ज्यादा रिटायर्ड संस्कृत टीचरों को गुरु सम्मान से नवाजा। कार्यक्रम में जितेन्द्र कुमार कार्यकारी अध्यक्ष और अपर मुख्य सचिव भाषा विभाग यूपी सरकार चीफ गेस्ट रहे। उन्होंने अपने हाथों से विभिन्न जिलों से आए संस्कृत टीचरों को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और 1100 का चेक देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा मेरी सबसे पहली शिक्षक मेरी मां है। उन्होंने और उसके बाद गुरुओं ने जो शिक्षा मुझे दी, आज मैं उसी के बदौलत सब कुछ हूं। संस्कृति के बचाव के लिए संस्कृत जरूरी है। संस्कृत के पुनरुत्थान में सरकार और समाज के लोग लगे हुए हैं। इसके पुनरुत्थान से देश विश्व गुरु बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि संस्कृत पोर्टल भी बनकर तैयार है। जिसे जल्द शुरू किया जाएगा। इसमें डिजिटल लाइब्रेरी की मदद से लोग संस्कृत की किताबें पीडीएफ फॉर्म में पढ़ सकेंगे। इस दौरान संस्कृत संस्थानम् के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने संस्थान द्वारा किए जा रहे कामों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि संस्थान संस्कृत भाषा के विकास में निरंतर लगा हुआ है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। जिसके बाद बच्चों ने शुक्ल पाठ किया। फिर 100 से ज्यादा रिटायर्ड संस्कृत टीचरों को सम्मानित किया। गुरु सम्मान पाने वाले केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर और प्रिंसिपल सुरेंद्र पाठक ने ने कहा वर्तमान में मैं लोक सेवा में लगा हूं। पूरी दुनिया में स्थिति बहुत खराब चल रही हैं। भाई भाई में लड़ाई, बाप बेटे में लड़ाई इत्यादि क्रूरता देखने को मिल रही हैं। मुझे लगता है संस्कृत से हम समाज को अच्छा कर सकते हैं। संस्कृत साहित्य इतना समृद्ध है कि इसके एक वाक्य भर के पालन करने से ही जीवन खुशहाल हो सकता है।

### नई पीढ़ी भटक रही

आने वाली पीढ़ी को प्रोफेसर सुरेंद्र ने संदेश भी दिया। उन्होंने कहा नई पीढ़ी भटक रही है। ये पीढ़ी नहीं समझ पा रही है, उसे करना क्या है। इनको संस्कृत से सीखना चाहिए कि जीवन देश, परिवार, अपने सुख के लिए है।

## आवास विकास के खिलाफ व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। आवास विकास के खिलाफ इंदिरा नगर इलाके के व्यापारियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। सीलिंग के नोटिस के खिलाफ कारोबारियों काली पट्टी बांध विरोध दर्ज कराया। उप्र आर्दश व्यापार मंडल के बैनर तेल व्यापारी पिछले चार दिन से लगातार अलग - अलग तरीके से विरोध दर्ज करा रहे है। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा यदि सीलिंग की कार्रवाई नहीं रुकी तो हजारों व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसको रोका नहीं गया तो बड़ी संख्या में व्यापारी आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। इंदिरा नगर क्षेत्र में आवास विकास विभाग द्वारा 1,000 से अधिक व्यापारियों को सीलिंग की नोटिस भेजी गई हैं। कुछ दुकानों पर पिछ्ले दिनों सीलिंग कार्रवाई भी की गई है। तब से संजय गुप्ता के नेतृत्व में लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# हल्की सी बारिश में खुल गई नगर पंचायतों की सफाई व्यवस्था की पोल

जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ

राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र की नगर पंचायत बीकेटी, महोना और इटौंजा के कई वार्डों में रविवार को सुबह हुई झमाझम बारिश ने सफाई व्यवस्था की पोल खोल दीं। बता दें कि तीनों नगर पंचायतों के अधिकांश वार्डों में हर तरफ बजबजाती नालियां और जलभराव एवं सड़कों तथा गलियों में जबरदस्त कीचड देखने को मिला। वहीं नगर पंचायत इटौंजा के वार्ड नंबर एक और बीकेटी नगर पंचायत कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित गोपाल बिहार कालोनी का हाल बद से बदतर था। यहां के निवासियों को घर से निकलना दूभर हो गया है। वहीं रविवार को सुबह हुई झमाझम बारिश ने कस्बे की सफाई व्यवस्था अच्छी बताने वाले नगर पंचायतों के अध्यक्षों को आइना दिखा दिया, सुबह हुई बारिश से बीकेटी नगर पंचायत से चंद कदमों की दूरी पर स्थित गोपाल बिहार कालोनी के मुख्य मार्गों पर जलभराव हो गया। नालियों का कचरा सड़कों पर आ गया। कस्बे के बरगदी गांव की हर गली और सड़क नालियों के कचड़ों से बजबजाती नजर आई, सड़कों पर पानी भरे होने से आम जनमानस को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। वहीं इटौंजा व महोना कस्बे की सफाई व्यवस्था का बुरा हाल था। उधर नगर पंचायतों के सारे सफाई कर्मी शुक्रवार की सुबह गायब थे। गंदगी और जलभराव से जूझ रहे गोपाल बिहार कालोनी निवासी अधिवक्ता राजेश तिवारी, अधिवक्ता मंतोष अवस्थी आदि का कहना है कि पिछले साल यह मुहल्ला गंदगी के कारण डेंगू ग्रस्त इलाका रहा चुका है, जिसमें कई काल के गाल में भी समा चुके हैं। पहली बरसात में ही सफाई की हालत खराब होने से लोगों को बीमारियां फैलने की चिंता सता रही है।







## बड़े उत्साह के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सरदार भगत सिंह कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन (अ यूनिट ऑफ अवध कॉलिजिएट) के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सर्वजीत सिंह एवं निदेशिका जतिन्दर वालिया ने गुरुओं की महिमा का बखान करते हुए समस्त शिक्षक गणों को गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

# लोहिया संस्थान के 3 मेडिकल स्टूडेंट्स सस्पेंड

## स्टाफ के बेटे के साथ मारपीट का था आरोप, जांच के बाद हुआ एक्शन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लोहिया संस्थान प्रशासन ने परिसर में कर्मचारी के बेटे को पीटने, छात्रावास में तोड़फोड़ और उत्पात मचाने वाले एमबीबीएस के तीन छात्रों को निलंबित कर दिया है। इसमें दो छात्रों को तीन-तीन माह व प्रथम वर्ष के छात्र को एक माह के लिए निलंबित किया गया है। आरोपी तीनों छात्रों को छात्रवास से बाहर कर दिया गया है। अब यह छात्र संस्थान के किसी भी छात्रावास में नहीं रह पाएंगे। यह कार्रवाई संस्थान प्रशासन ने जांच कमेटी की रिपोर्ट पर की है।

जांच के लिए टीम का हुआ था गठन पीड़ित परिवारीजनों की शिकायत पर संस्थान प्रशासन ने दो सदस्यीय कमेटी गठित बनायी थी। इसमें पैथोलॉजी विभाग के डॉ. अनुराग गुप्ता, हॉस्टल के चीफ वार्डन व जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. विकास सिंह थे। पीड़ित युवक व परिजनों की मदद से एमबीबीएस छात्रों की पहचान करायी गई। सभी के बयान लिये गए। कमेटी ने मारपीट, तोड़फोड़ और उत्पात मचाने के तीन एमबीबीएस छात्रों को दोषी पाया। लोहिया संस्थान की डीन डॉ. नुजहत हुसैन ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी तीन छात्रों पर कार्रवाई की गई है।




### यह था पूरा मामला -

लोहिया संस्थान में 26 जून की रात करीब नौ बजे संस्थान के हिस्टो पैथोलॉजी विभाग में तैनात रिचा शरण चतुर्वेदी के बेटा सात्विक ने परिसर में एक आवारा कुत्ते की डंडे से पिटाई कर रहे करीब दर्जन भर एमबीबीएस छात्रों को रोकने की कोशिश की। यह बात एमबीबीएस छात्रों को नागवार गुजरी। छात्रों ने सात्विक पर हमला बोल दिया। इसके बाद छात्रों ने गर्ल्स छात्रावास में घुसकर उत्पात मचाने के साथ ही तोड़फोड़ और हंगामा किया था।

# कैबिनेट मंत्री संजय निषाद की कार्यकर्ताओं ने उतारी आरती



### कार्यकर्ता बोले- संजय निषाद ने समाज को ज्ञान दिया

कार्यकर्ता ने कहा, संजय निषाद ने डूबते हुए समाज को ज्ञान देने का काम किया है। उन्हें राह दिखाने का काम किया है। वह हमारे राजनीतिक गुरु भी हैं। यही कारण है कि आज हमने उनकी आरती की है। उन्होंने हमारे अधिकार के लिए आवाज उठाई है। हमारे समाज के लिए बहुत से काम किए हैं।

### भाजपा से गठबंधन करके लड़ा था निषाद पार्टी ने चुनाव

संजय निषाद की निषाद पार्टी ने 2022 का विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ा था। पार्टी ने 16 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। इसमें 10 सीटों पर अपने सिंबल 'नाव' पर जबकि 6 पर भाजपा के सिंबल पर प्रत्याशी उतारे थे। अपने सिंबल पर 6 और भाजपा के सिंबल पर 5 सीटें निषाद पार्टी ने जीती थी। कुल मिलाकर निषाद पार्टी को 11 सीटें जीती थीं।

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें निषाद पार्टी के कार्यकर्ता संजय निषाद की आरती उतार रहे हैं। आरती गीत गाकर उनकी पूजा की जा रही है। ये वीडियो गुरु पूर्णिमा यानी सोमवार को शूट हुआ है।

संजय निषाद सोफे पर बैठे हैं। ठीक बगल में, निषादराज की तस्वीर लगी है। समर्थकों ने पहले निषादराज की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाई। इसके बाद संजय निषाद के गले में फूलों की माला डाली। बैकग्राउंड में पार्टी कार्यकर्ता आरती गा रहे हैं।

वीडियो पर संजय निषाद का कहना है, मैं निषाद राज का वंशज हूं। बड़ी संख्या में मेरे शिष्य हैं। मुझे मानने वाले भी हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन वो इसलिए मेरी आरती उतार रहे हैं, क्योंकि वो मुझे राजनीतिक गुरु मानते हैं। संजय निषाद ने कहा, जिस तरीके से निषाद राज ने प्रभु श्री राम की नैया पार लगाई थी। वैसे ही आज के युग में विपक्ष ने इनको अंधेरे की ओर डालने का काम किया है। लेकिन, वो बीजेपी की नैया को पार लगा रहे हैं।

# मुन्ना भाई के सहारे पास की जेल वार्डर की परीक्षा

## ज्वाइनिंग के दौरान बायोमेट्रिक डाटा मिलान नहीं होने पर खुलासा, एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में हुई 2021 जेल वार्डर भर्ती परीक्षा में एक अभ्यर्थी ने सॉल्वर बिठाकर परीक्षा पास करने के साथ ही ज्वाइनिंग तक कर ली। इसका खुलासा तब हुआ जब ज्वाइनिंग के दौरान बायोमेट्रिक डाला मिलन नहीं हो सका। जिसके आधार पर विभागीय जांच कराई गई। करीब तीन माह में जांच होने के बाद इसका खुलासा होने पर भर्ती बोर्ड के एएसपी ने अभ्यर्थी व एक अन्य अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराई है। एक जुलाई 2021 को फिरोजाबाद जरैला अकबरपुर कुतुबपुर निवासी साहिब सिंह जेल वार्डर के पदों पर भर्ती परीक्षा पास की थी। 27 मार्च 2023 को उसने ज्वाइनिंग की। जहां पर उसका बायामैट्रिक डाटा परीक्षा के दौरान लिए गए बायामैट्रिक डाटा से मिलान कराया गया। मिलान न होने पर इसकी विभागीय जांच कराई गई। भर्ती बोर्ड के एएसपी आलोक कुमार जायसवाल की तहरीर के मुताबिक शक होने पर दोनों बायोमैट्रिक डाटा की फोरेंसिक जांच कराई। जिसमें साफ हुआ कि परीक्षा देने वाले और ज्वाइन करने वाले दोनों के डाटा अलग-अलग हैं। जिसके आधार पर हुसैनगंज थाना पुलिस ने साहिब सिंह और एक अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर इस्तेमाल करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### राज खुलने पर नौकरी न करने की बात कही

आरोपी साहिब सिंह ने अपनी चोरी पकड़ने जाने पर नौकरी न करने की बात कही। इसलिए जब बयानों के लिए नोटिस भेजी गई तो वह नहीं पहुंचा। उसके घर जब पुलिस गई तब भी उसने नौकरी नहीं करने की बात दोहराई।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# महाराष्ट्र की राजनीति में 'चाणक्य' की पराजय

**पिछले छह दशक तक महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द ही घूमती रही है। वह सत्ता में रहे हों या न रहे हों। बहुमत में रहे हों या न रहे हों। बावजूद इसके वह महाराष्ट्र की राजनीति में प्रभावी भूमिका में रहे हैं। साढ़े तीन साल पहले आलोचक कहने लगे थे कि शरद पवार राजनीति के दूसरे चरण के अंत तक पहुंच गए हैं। इस वक्त भी उन्होंने आलोचकों का मुंह बंद कराते हुए महाराष्ट्र में 'महाविकास आघाड़ी' बनाकर यह साबित किया कि वह अब भी सक्रिय हैं। इतना सब होने के बावजूद दो जुलाई, 2023 की टीस को वह कभी नहीं भुला पाएंगे।**

*राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार ने अपने समर्थक विधायकों के साथ महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल होकर सबको चौंका दिया। अजित ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। छगन भुजबल समेत नौ विधायकों को भी शिंदे सरकार में जगह दी गई है। अजित पवार राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार के भतीजे हैं। भतीजे ने पवार को भरी दोपहर में राजनीति के आसमान में तारे दिखा दिए हैं। दो महीने पहले की बात है। समूची राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सकते में आ गई थी। दरअसल शरद पवार ने घोषणा की थी-एक मई, 1960 से एक मई, 2023 तक सार्वजनिक जीवन में लंबा समय बिताने के बाद अब कहीं रुकने पर विचार करने की आवश्यकता है। इसलिए, मैंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होने का फैसला किया है। इस वक्त यशवंतराव चव्हाण केंद्र के सभागार में मौजूद हर नेता के पैरों तले जमीन हिल गई थी। शरद पवार का पूरा नाम शरद गोविंदराव पवार है। पूर्व कांग्रेस नेता शरद पवार ने 1999 में अलग राह पकड़ी थी। वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक हैं। पवार महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री रह चुके हैं। प्रभावशाली नेता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले शरद केंद्र में रक्षा और कृषि मंत्री रहे हैं। राजनीति के साथ-साथ वह क्रिकेट प्रशासन से भी जुड़े रहे हैं। सन 2005 से 2008 तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष और 2010 से 2012 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के निर्माण का मुख्य कारण यह था कि पवार, तारिक अनवर और पीए संगमा इटली मूल की सोनिया गांधी के कांग्रेस का नेतृत्व किए जाने के खिलाफ थे। इस आधार पर 20 मई, 1999 को तीनों कांग्रेस से अलग हो गए। ...और 25 मई 1999 को देश नए राजनीतिक दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का उदय हुआ। पवार ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत कांग्रेस के साथ 1967 में की थी। यशवंतराव चव्हाण को उनका राजनीतिक गुरु माना जाता है। 1978 में जनता पार्टी के गठबंधन से सरकार बनाने के लिए उन्हें कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। इस गठबंधन के फलस्वरूप वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे। साल 1984 में बारामती से वह पहली बार लोकसभा चुनाव जीते। 1987 में शिवसेना के बढ़ते प्रभाव की वजह से उन्होंने कांग्रेस में वापसी की। 1993 में उन्होंने चौथी बार मुख्यमंत्री के पद शपथ ली। यह उनका सबसे विवादास्पद कार्यकाल रहा। 2001-2002 के दौरान उन पर माफिया से संबंध होने के आरोप लगे। उन पर गेहूं निर्यात और 2जी स्पेक्ट्रम घोटालों के आरोप भी लगते रहे हैं। कहा तो यह भी जाता है कि शरद पवार कभी हारते नहीं हैं। जब वह खुद चुनाव लड़ते हैं तो जीत उनकी होती है। जब जीत पक्की न हो तो वह मैदान में उतरते ही नहीं। फिर भी उन्हें एक चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।यह उनके चुनावी करियर की एकमात्र हार है। बेशक यह पराजय राजनीतिक क्षेत्र में नहीं बल्कि क्रिकेट के मैदान में हुई। वर्ष 2004 में उन्हें तत्कालीन अध्यक्ष जगमोहन डालमिया के हाथों 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' यानी 'बीसीसीआई' के चुनाव में बेहद कड़े मुकाबले में पराजय का सामना करना पड़ा। इससे वह हार नहीं माने। अगले ही साल उन्होंने डालमिया को हरा दिया और बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गए। लेकिन ताजा राजनीतिक घटनाक्रम उनके लिए 'पराजय' से कम नहीं है। वह निश्चित तौर पर आज 'काटो तो खून नहीं' मुहावरे को पढ़कर कसमसा रहे होंगे।*

### एक्सप्रेस आलेख

**अब बात करें रवि चतुर्वेदी की। उनके प्रयासों से यहां की जीव विज्ञान प्रयोगशाला लगातार बेहतर होती रही। रवि जी ने लगभग 42 सालों तक अध्यापन किया। उनकी कलम कमेंट्री और अध्यापन की मसरूफियत के बावजूद थमी नहीं। उन्होंने क्रिकेट पर हिन्दी-अंग्रेजी में करीब 20 किताबें और दो हजार से अधिक लेख लिखे । रवि चतुर्वेदी की जान बसती है क्रिकेट में। कमेंटेटर और लेखक नोवी कपाड़िया तो अपने आप में फुटबॉल के चलते-फिरते विश्वकोष थे। वे अंग्रेजी के शिक्षक थे। नोवी कपाड़िया देश की फुटबॉल के गुजरे छह दशकों के गवाह थे। बेशक, इन और बाकी अनेक शिक्षकों की लगन के चलते दिल्ली यूनिवर्सिटी देश में ज्ञान का संदेश फैला रही है।**

# जिन्होंने डीयू को बनाया महान शिक्षा का मंदिर



आर.के. सिन्हा

**सुधीर बोस को डीयू बिरादरी एक श्रेष्ठ शिक्षक तथा क्रिकेट प्रेमीके रूप में याद करती है। सुधीर बोस सेंट स्टीफंस कॉलेज में 1937-63 तक फिलोस्फी पढ़ाते रहे। वे दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ( डीडीसीए) के संस्थापक सदस्यों में से थे। सुधीर बोस मार्ग का होना गवाही है कि डीयू अपने गुरुओं के प्रति अगाध श्रद्धा का भाव रखती है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोहों के अंत में मौजूद रहना इस बात की गवाही है कि यह कितना खास शिक्षण संस्थान है। महात्मा गांधी 12 अप्रैल, 1915 को पहली बार दिल्ली आए। उनके साथ कस्तूरबा गांधी जी भी थीं। उनका सेंट स्टीफंस कालेज के प्रिंसिपल सुशील कुमार रुद्रा ने स्वागत किया। वे रुद्रा साहब के कॉलेज परिसर में बने आवास में ही ठहरे। वह कश्मीरी गेट स्थित कॉलेज इमारत अब भी है। अब भी सेंट स्टीफंस कॉलेज प्रिंसिपल के कक्ष में एक बड़ी सी ग्रुप फोटो लगी है,जो गांधी जी की उस यात्रा की याद दिलाती है। गांधी जी उसके बाद भी यहां आते रहे। वे जब भी यहां आये तो उनका सेंट स्टीफंस और हिंदू कॉलेज के छात्रों और अध्यापकों ने स्वागत किया। हालांकि वे जब पहली बार दिल्ली आये थे तब दिल्ली यूनिवर्सिटी की स्थापना तक नहीं हुई थी। तब तक यहां के कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी का ही हिस्सा थे। डीयू तो औचरिक रूप से 1922 में स्थापित हुई।बेशक राष्ट्र निर्माण में डीयू का योगदान शानदार रहा है। इसमें देशभर के नौजवान उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। सेंट स्टीफंस के अलावा हिंदू कॉलेज,श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मिरांडा हाउस, इंद्रप्रस्थ कॉलेज, हंसराज कॉलेज वगैरह ने देश को ही नहीं दुनिया भर को कई राष्ट्रपति और प्रधावनमंत्री के अलावा हजारों-लाखों नौकरशाह, राजनीतिक नेता, आंत्रप्योनर, खिलाड़ी, एक्टर वगैरह दिये हैं। अगर बात हिंदू कॉलेज की करें तो इसकी स्थापना में दिल्ली के मशहूर समाज सेवियों जैसे लाला कृष्ण दास गुड़वाले, राय बहादुर सुल्तान सिंह और डॉ. ए.के. सेन ने दिन-रात मेहनत करके की थी। इसकी 1899 में ही स्थापना हो गई थी। ये सब चाहते थे कि दिल्ली में स्कूल-कॉलेज खुलें। इन सबने ही दिल्ली के चांदनी चौक में इंद्रप्रस्थ कन्या हिंदू विद्यालय स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस स्कूल ने दिल्ली की बेटियों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाने में शानदार भूमिका निभाई है। बेशक, हिंदू कॉलेज तथा इंद्रप्रस्थ कन्या हिंदू विद्यालय विद्लाय ने राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उधर, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) को कॉमर्स कोर्सेज के लिए भारत का सबसे उत्तम कॉलेज माना जाता है। यहां से ही केन्द्रीय मंत्री अरुण जेटली, टीवी पर्सनेल्टी रजत शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जितेन प्रसाद भी पढ़े। अफ्रीकी देश मलावी के 2004-2012 तक राष्ट्रपति रहे बिंगु वा मुथारिका ने 1961 से 1964 तक श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से ही ग्रेजुएशन की थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस का भी अपना विशेष स्थान है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) में कॉलेजों की 2021 श्रेणी में देश के टॉप 100 कॉलेजों में मिरांडा हाउस अव्वल रहा था। सन 1948 में मिरांडा हाउस की स्थापना हुई। मिरांडा हाउस से पढ़कर निकली छात्राओं ने आर्ट, फिल्म, लेखन, सियासत वगैरह की दुनिया में भरपूर नाम कमाया। लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार, चित्रकार अंजली इलाल मेनन, फिल्मी हस्तियां जैसे मीरा नायर और नंदिता दास,सशक्त लेखिका रक्षंनादा जलील, उर्वशी भुटालिया और अनीता देसाई, डांसर और ब्यूरोक्रेट शोभना नारायण मिरांडा हाउस में ही पढ़ीं। इसी मिरांडा हाउस की छात्रा दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और माकपा नेता वृंदा कारत भी रही हैं। दिल्ली में श्रीराम कला केन्द्र की प्राण और आत्मा शोभा दीपक सिंह भी यहां ही पढ़ी हैं। मिरांडा हाउस की फैक्ल्टी दिल्ली यूनिवर्सिटी की सर्वश्रेष्ठ मानी जाती रही है। इधर लंबे समय तक प्रिंसिपल रही जानकी अम्मा ने मिरांडा हाउस की फैक्ल्टी से बेहतरीन टीचर्स को जोड़ा। प्रभा दीक्षित तथा ललिता ईश्वरन ( राजनीतिक शास्त्र), मन्नू भंडारी ( हिन्दी), कृष्णा इस्लोवे, मासूमा अली, वसंता मेनन (अंग्रेजी) जैसी अध्यापिकाएं मिरांडा हाउस में पढ़ाती रहीं हैं। प्रभा दीक्षित देश के तमाम अखबारों में सामयिक विषयों पर लिखती भी थीं। डीयू की चर्चा करते हुये दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की अनदेखी करना असंभव है। इसकी स्थापना इसलिए हुई थी ताकि इकोनॉमिक्स, कॉमर्स और भूगोल जैसे विषयों पर गहन शोध हो सके। इससे देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री जुड़ते रहे हैं अध्यापक के रूप में। यहां से निकले छात्रों ने अपने-अपने क्षेत्रों में ठोस काम भी किया। यहां प्रो.सुखमय चक्रवर्ती, डॉ. मृणाल दत्ता चौधरी, डॉ. ए. एल नागर, डॉ.राम सिंह जैसे आदरणीय अध्यापक पढ़ाते रहे। यहाँ के कैफेटरिया में अध्यापकों और उनके छात्रों के बीच सारगर्भित चर्चाएं अखंड ज्योति की तरह जारी रहती है। इधर होने वाली बहसों में मतभेद भी होते हैं,पर संवाद मर्यादित रहते हैं। आखिर ये डी स्कूल है। इससे ना जाने कितने ज्ञानी,सुसंस्कृत और अध्यापक जुड़े रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोह में भाग लेते हुए अपने संबोधन में कहा कि कोई भी देश हो उसकी यूनिवर्सिटीज उसकी उपलब्धि का सच्चा प्रतीक होते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी सिर्फ एक यूनिवर्सिटी नहीं बल्कि एक मूवमेंट रही है। इस यूनिवर्सिटी ने हर मूवमेंट को जिया है, इस यूनिवर्सिटी ने हर मूवमेंट में जान भर दी है। डीयू जब स्थापना हुई थी तब इसमें केवल तीन कॉलेज हुआ करते थे और अब 90 से अधिक कॉलेज डीयू का हिस्सा हैं। आज डीयू में लड़कों से ज्यादा लड़कियां पढ़ती हैं। ये कहना पड़ेगा कि आज डीयू जिस मुकाम पर है, उसमें यहां के बहुत से अध्यापकों के योगदान को याद रखन होगा। उनमें किरोड़ीमल कॉलेज के फ्रेंक ठाकुर दास का जिक्र सबसे पहले करना होगा। वे अंग्रेजी और ड्रामा के अध्यापक थे। उनकी प्रेरणा से ही अमिताभ बच्चन, सतीश कौशिक, कुल भूषण जैसे छात्र एक्टिंग की दुनिया की तरफ गये।



**आज डीयू में लड़कों से ज्यादा लड़कियां पढ़ती हैं। ये कहना पड़ेगा कि आज डीयू जिस मुकाम पर है, उसमें यहां के बहुत से अध्यापकों के योगदान को याद रखन होगा। उनमें किरोड़ीमल कॉलेज के फ्रेंक ठाकुर दास का जिक्र सबसे पहले करना होगा।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 13:37 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढ़ा 08:18 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | इंद्र, 11:40 |
| सूर्योदयः | 05:31 |
| सूर्यास्तः | 19:18 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 15:22-17:35 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:52 |

## जन एक्सप्रेस

### टूट गया है दल !

*हो गई बगावत ।*
*टूट गया है दल ।।*
*हुए अचानक अलग ।*
*है संवारना कल ।।*
*थी जिसकी आशंका ।*
*हुआ वो घटनाक्रम ।।*
*खेला गया खेल ।*
*ना इसमें कुछ भ्रम ।।*
*बने थे वो जैसे ।*
*गए वैसे ही टूट ।।*
*मिलना और बिछड़ना ।*
*रिश्ता है अटूट ।।*
*पछताए अब क्या होगा ।*
*हो चुकी है देर ।।*
*करना होगा इंतजार ।*
*हो शायद सबेर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*मुफलिसी हमारी रिश्तेदार हो गई है*
*तंगहाली जिंदगी में शुमार हो गई है।।*
*कौन किसी की यहां कद्र करता है,*
*फकीरी अब हमारा संसार हो गई है।।*
*जाइए, देखे है हमने, कई कद्रदान।*
*गर्दीशी अब गले का हार हो गई है।।*
*राहों में चलते हैं तो कांटे तो चुभेगे ही।*
*राहें भी यहां बड़ी रंगदार हो गई है।।*
*जिसके हाथ लगी दौलत और हुकूमत,*
*वह सब हस्तियां जागीरदार हो गई है।।*
*आप हमसे करें प्यार या बेइंतहा नफरत।*
*जिंदगी फकीरी पर जानिसार हो गई है।।*
*हमें मालूम है आपकी असली फितरत,*
*आप सचमुच मंजी कलाकार हो गई हैं।।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**सौ सफल विचार बनाने से अच्छा एक सफल विचार को गति देना है। यही सफलता का मूल मंत्र है।**

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस के दर्द से राहत पाने के लिए आजमाएं कई घरेलू उपाय



**सर्वाइकल** स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या आजकल काफी आम हो गई है। जो लोग अपना ज्यादातर समय मोबाइल या लैपटॉप पर काम करते हुए बिताते हैं, उनमें यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। हालांकि, रीढ़ या गर्दन में चोट, सूजन, अर्थराइटिस, गलत पॉश्चर या लंबे समय तक झुककर काम करने के कारण भी सर्वाइकल की समस्या हो सकती है। सर्वाइकल का दर्द आमतौर पर गर्दन के निचले हिस्से में होता है। लेकिन यह कंधे से लेकर हाथ और कमर तक भी फैल सकता है। कई बार यह दर्द इतना अधिक बढ़ जाता है कि व्यक्ति को गर्दन हिलाने तक में परेशानी होती है। ऐसे में ज्यादातर लोग सर्वाइकल के दर्द से राहत पाने के लिए दवाइयों का सेवन करने लगते हैं। लेकिन इन दवाओं का ज्यादा सेवन आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में सर्वाइकल के दर्द से निजात पाने के लिए आप कुछ घरेलू उपायों की मदद ले सकते हैं।

**हल्दीः** हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो दर्द और सूजन को कम करते हैं। सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस के दर्द से राहत पाने के लिए आप हल्दी का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए रोज सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी डालकर पिएं। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर तरीके से होगा और दर्द से जल्द आराम मिलेगा।

**लहसुनः** सर्वाइकल पेन से राहत पाने के लिए आप लहसुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एनाल्जेसिक गुण होते हैं, जो दर्द और सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके आप लहसुन को अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा, सरसों के तेल में लहसुन की कलियों को उबालकर प्रभावित हिस्से की मालिश करें। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा।

**गर्म या ठंडी सिंकाईः** सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या में गर्दन के आसपास की मांसपेशियों में अकड़न आ जाती है। ऐसे में गर्म या ठंडी सिंकाई करने से मांसपेशियां रिलैक्स होती हैं और दर्द से आराम मिलता है। इसके लिए आप सबसे पहले प्रभावित हिस्से पर 10 मिनट तक ठंडी सिंकाई करें। इसके बाद करीब 10 मिनट तक गर्म पैक लगाएं। दिन में 1 से 2 बार इस प्रकिया को दोहराने से आपको जल्द आराम मिलेगा।

**तिल का तेलः** तिल के तेल से मालिश करने से सर्वाइकल के दर्द से राहत मिल सकती है। इसके लिए आप तिल के तेल को हल्का गर्म करके प्रभावित हिस्से पर लगाएं। उसके बाद हल्के हाथों से कुछ मिनट तक मालिश करें। इससे मांसपेशियों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद मिलती है।

**अदरकः** अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण और एनाल्जेसिक गुण पाए जाते हैं, जो सर्वाइकल स्पोंडिलोसि के लक्षणों को दूर करने मदद कर सकते हैं। इसके लिए आप एक कप पानी में एक चम्मच कद्दूकस किया हुआ अदरक डालें। इसे अच्छी तरह उबालें और फिर छानकर पी लें। आप चाहें तो अदरक के तेल को कैरियर ऑयल के साथ मिक्स करके मालिश भी कर सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# मोदी का सफल अमेरिकी दौरा चीन और पाकिस्तान को बुरी तरह बेचैन कर गया है



ललित गर्ग

**चीन के साथ व्यापार के कारण बीते कुछ वर्षों से देश को सालाना औसतन 60 अरब डॉलर का नुकसान हो रहा था। एडवांस्ड एप्लाइड मटीरियल्स के गैरी डिकर्सन ने मोदी से मुलाकात के बाद एक इंजीनियरिंग केंद्र स्थापित करने के लिए 400 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा भी की है।**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अमेरीका की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली साबित होगी। अमेरीका की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। भारत की अमेरिका यात्रा से चीन की नींद उड़ गयी है वहीं पाकिस्तान भी बौखलाया है। भारत के दोनों दुश्मन राष्ट्रों की तिलमिलाहट से जाहिर हो रहा है कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन रहा है। चीन बेचैन है भारत के प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक, निर्णायक एवं श्रेयस्कर अमेरिका यात्रा से। भारत एवं अमेरिका के बीच हुए समझौते यह भी दर्शाते हैं कि आज भारत को जितनी आवश्यकता अमेरिका की है, उससे कहीं अधिक उसे भारत की है। इसका एक कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका का कम होता प्रभाव और भारत का बढ़ता हुआ कद है। अमेरिका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरिका में भारत की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। भारत एवं अमेरिका की दोस्ती प्रधानमंत्री की यात्रा से प्रगाढ़ हुई है, जो दोनों देशों के लिये शुभता का सूचक है। मोदी की इस यात्रा से भारत-अमेरिका संबंधों की एक नई इबारत लिखी गयी है और नये संकल्पों की गौरवशाली यात्रा शुरू हो गई है। दुनिया के दो महान लोकतंत्र देश दुनिया को बेहतर बनाने के लिए अपने बंधन को मजबूत कर रहे हैं। भारत लोकतंत्र की जननी है और अमेरिका आधुनिक लोकतंत्र का चैंपियन है। दुनिया में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूती देने में दोनों के साझा प्रयत्नों के सुपरिणाम सामने आयेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेश लौटकर भारत-अमेरिका संबंधों के बारे में कहा, 'हम साथ मिलकर सिर्फ नीतियां और समझौते ही नहीं बना रहे हैं। हम जीवन, सपनों और नियति को भी आकार दे रहे हैं।' वास्तव में आज अमेरिका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है। स्वयं, समाज एवं राष्ट्र के विकास से आगे बढ़ने की सोच देने वाला भारत अब दुनिया का विकास चाहता है, यही वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र आज दुनिया को भा रहा है और इसी कारण हर कोई भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है, चाहे वो शक्तिशाली राष्ट्र ही क्यों न हो। निगाहें केवल चीन और पाकिस्तान की ही नहीं, बल्कि भारतीय प्रधानमंत्री के अमेरीकी दौरे पर दुनिया भर के देशों की थीं। यह अच्छा हुआ कि भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरीकी राष्ट्रपति के बीच शिखर वार्ता के बाद जो संयुक्त बयान जारी हुआ, उसमें पाकिस्तान के साथ चीन पर भी निशाना साधा गया। ऐसा करना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि पाकिस्तान जहां आतंकवाद को सहयोग-समर्थन और संरक्षण देने से बाज नहीं आ रहा है, वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते एशिया ही नहीं, पूरे विश्व के लिए खतरा बन गया है। आज दुनिया आतंकमुक्ति संसार की संरचना चाहती है। अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री का व्हाइट हाउस में जैसा भव्य स्वागत हुआ और अमेरिकी संसद में उनके संबोधन को जिस तरह सराहा गया, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि दोनों देशों के संबंध एक नए युग में पहुंच रहे हैं।

**इन नये बनते परिदृश्यों में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका की कोशिश भारत को चीन से मुकाबले के लिए तैयार करने की है, जबकि दूसरी ओर वह चीन की आर्थिक प्रगति में अवरुद्ध करना चाहता है। कुछ विश्लेषकों के मुताबिक, 'भारत के साथ आर्थिक व व्यापार सहयोग मजबूत करने के अमेरिका के पुरजोर प्रयास का मुख्य उद्देश्य चीन का आर्थिक विकास धीमा करना है।'**

# आज से शुरू हो रहा सावन, भक्तों पर बरसेगी शिव-गौरी की असीम कृपा

## श्रावण मास में 19 वर्षों के बाद इस वर्ष बना है दुर्लभ संयोग, इस बार सावन में 8 सोमवार और 9 मंगला गौरी व्रत मिल रहे



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** देवाधिदेव महादेव को सावन का महीना अतिप्रिय है। पंचांग के चैत्र से लेकर फाल्गुन तक के सभी बारह महीनों में सावन का महीना ही महादेव को अतिप्रिय होता है, जिसमें भोलेनाथ की पूजा और व्रत का महत्व होता है। इस साल सावन माह की शुरुआत 4 जुलाई 2023 से हो रही है, जिसका समापन 31 अगस्त को होगा। इस साल सावन में अधिकमास लगने के कारण इस बार सावन दो महीने का होगा।सभी देवताओं में भोलेनाथ का स्वरूप अद्भुत और निराला है।शिव के स्वरूप की बात करें तो उनके गले में सर्प, कानों में बिच्छू के कुंडल, हाथों में डमरू, त्रिशूल, माथे पर त्रिनेत्र और तन पर बाघम्बर आदि होता है। भोलेनाथ का स्वरूप हमें कई तरह की शिक्षा प्रदान करता है।

### भोलेनाथ के ऐसे ही 10 स्वरूपों की महिमा...

1. शिव निराले,अनूठे और अद्भुत हैं। क्योंकि सभी देवी-देवों के रेशमी वस्त्र, स्वर्णाभूषण और रत्नों से जड़ित मुकुट शोभायमान होते हैं,वहीं महादेव के सिर पर जटाएं होती हैं, जिनमें मां गंगा समाई हैं।
2. सभी देवता गले में हार पहनते हैं, लेकिन महादेव के गले में मुण्डमाला है और भयंकर वासुकी नाग उनके गले में शोभा पाता है।
3. महादेव ने मन को वश में कर लिया है वे मन के कहे नहीं बल्कि मन को अपने कहे चलाते हैं इसका प्रतीक है वृषभ की सवारी।
4. हाथ में त्रिशूल है जोकि शक्ति का प्रतीक है।
5. वस्त्रों के नाम पर महादेव बाघम्बर लपेटे हुए होते हैं और संपूर्ण शरीर पर भस्म रमाए रहते हैं। मृगछाला पर विराजमान रहते हैं। भस्म और मृगछाल उनके वैराग्य का प्रतीक है।
6. न कोई महल, न आवास कैलाश पर्वत पर पत्थर की शिला पर सदैव ध्यान मग्न अवस्था में विराजमान रहते हैं। कैलाश शरीर के भीतर स्थित सहस्त्रार चक्र का प्रतीक है।
7. त्रिनेत्रधारी का तीसरा नेत्र ध्यान का प्रतीक है।
8. उनका वाद्य यंत्र डमरू है। यह अनहद नाद का संगीत है। यही नाद दिन-रात हमारी चेतना और संपूर्ण ब्रह्माण्ड में गूंज रहा है।
9. सिर पर मुकुट की जगह चन्द्रमा शोभायमान है, जोकि आत्मा के प्रकाशवान होने का प्रतीक है।
10. शिव को भांग प्रिय है, जो उनकी एकाग्रता और भीतर की खुमारी का प्रतीक है।

### सावन मेले को लेकर डीएम-एसपी, विधायक ने की बैठक

गोला गोकर्णनाथ खीरी। सोमवार को सावन (श्रावण) मेले की तैयारियों को लेकर डीएम महेंद्र बहादुर की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। मंगलवार से शुरू हो रहे सावन मेले को पूरी सफलता के साथ आयोजित किया जा सके। इसलिए डीएम-एसपी, विधायक अमन गिरि ने चैयरमैन नगर पालिका परिषद विजय कुमार शुक्ला (रिंकू), गोला पालिका प्रशासन के अलावा व्यापारियों, समाजसेवियों के साथ मिलकर साझा रणनीति बनाई गई बैठक खत्म कर डीएम, एसपी, विधायक, चेयरमैन के साथ शिव मंदिर पहुंचे, जहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था परखी। डीएम, एसपी ने मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन कर जनपद की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की। कावड़ियों के लिए प्रयोग में लाये जाने वाले जिले के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अफसरों ने जन प्रतिनिधियों के साथ लखीमपुर-गोला, मोहम्मदी-गोला मार्ग सहित गोला कस्बे के मंदिर तक पहुंचने वाले सभी मार्गों का निरीक्षण किया। बताते चलें कि गोला स्थित पौराणिक शिव मंदिर सदियों से आस्था और धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है। प्रतिवर्ष यहां सावन के मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने आते हैं। सैकड़ों किमी पैदल यात्रा कर कांवर्थी यहां शिव का जलाभिषेक कर मनौती मनाते हुए सुख समृद्धि की कामना करते रहे हैं। इस दौरान एसडीएम रत्नाकर मिश्र, तहसीलदार विनोद गुप्ता, राजस्व, पुलिस, विद्युत, लोक निर्माण,अग्निशमन, नगरीय निकाय, मंदिर प्रबंधन के लोग मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में मित्र को फावड़ा मारकर उतारा मौत के घाट



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के बेहड़ा जोरावर गांव में रविवार देर रात मामूली विवाद के कारण एक युवक ने दोस्त पर ही फावड़े से वार कर दिया। जहां युवक की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारे ने कोतवाली जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मढ़िया घाट चौकी क्षेत्र के बेहड़ा जोरावर गांव निवासी भानू (28) पुत्र केदार कुशवाहा की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी गई। गांव के बाहरी इलाके में हुई इस वारदात की सूचना पर इंस्पेक्टर विवेक उपाध्याय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्हें भानू का शव पड़ा मिला पास ही खून से सराबोर फावड़ा भी पड़ा था। पुलिस ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए शव समेत आलाकत्ल फावड़े को कब्जे में लेते हुए परिजनों से जानकारी की। बताते हैं कि इसी बीच हत्यारोपी मुंशीलाल पुत्र रामभजन यादव कोतवाली पहुंच गया और अपना जुर्म स्वीकार करते हुए पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। सीओ मितौली सुबोध जायसवाल ने रात में ही मौके पर पहुंच घटना की तफ्तीश की।

# मढिया घाट बाबा पराशर नाथ शिव मंदिर का सौंदर्यीकरण का हुआ नीव पूजन



जन एक्सप्रेस। असलम अंसारी

**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज मढिया घाट स्थित बाबा पराशर नाथ शिव मंदिर परिसर सौंदयीकरण का नीव पूजन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व सांसद जुगुल किशोर ने किया भाजपा युवा नेता अंकुर यादव के अथक प्रयासों से कार्यक्रम सफल हुआ । पवित्र पावन धाम मढ़िया घाट को पर्यटक स्थल घोषित होने के बाद दिन पर दिन पारसनाथ बाबा का कायाकल्प किया जा रहा है। इसी के चलते घाट का निर्माण व शिवमंदिर व परिसर को और भव्य रूप देने के लिए करोड़ों रुपयों का बजट भी सरकार की तरफ से जारी हो गया है। आज मंदिर परिसर में ही बन रहे केयर टेकर भवन की नीव पूजन का कार्यक्रम पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर के द्वारा किया गया। मौके पर पहुंचे जुगल किशोर ने संबंधित ठेकेदार को ईमानदारी के साथ कार्य करने की बात कही साथ ही कुछ अलग हटकर करने के लिए कहा और यह भी कहा कि बाबा पारसनाथ की नगरी है इसे जितना भी हो सके उतनी अच्छी तरीके से निर्माण कार्य कराया जाए। मौके पर मौजूद पर्यटन विभाग के जेई से नक़्सा आदि देखकर दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी पग्ग पूर्व अध्यक्ष आलोक शुक्ला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता छविनाथ सिंह यादव,सुशील शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य दिनेश गुप्ता, अनिल राठौर, शिव गुप्ता, शेरसिंह राठौर, नत्थूसिंह, अमृतेश अवस्थी, अनित्य अवस्थी, आदित्य प्रताप सिंह, अखिलेश मिश्रा शिवकुमार तिवारी झुंनी, अमरनाथ मिश्रा अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

### मेला परिसर भ्रमण के दौरान अवैध वसूली पर भड़के सांसद

मंदिर परिसर में प्रत्येक सोमवार को कुछ लोगों के द्वारा वहां के व्यापारियों से अवैध वसूली की शिकायत मिलते ही पूर्व सांसद जुगल किशोर का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। तत्काल हल्का दरोगा को मौके पर तलब कर यह कृत्य बंद कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद घाट निरीक्षण की तरफ जा ही रहे थे कि तभी एक व्यक्ति के द्वारा मौके पर ही वसूली होती देख हल्का दरोगा से संबंधित व्यक्ति को हिदायत देकर अगली बार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। दरोगा दिलीप राय ने वसूली कर रहे व्यक्ति को जमकर लताड़ा और दोबारा किसी भी व्यापारी से किसी भी व्यक्ति को अवैध वसूली न देने के लिए कहा।

### व्यापारियों ने की प्रशंसा

अवैध वसूली से आजिज आ चुके व्यापारियों ने राज्यसभा सांसद जुगल किशोर की जमकर तारीफ की और कहा कि आज से हम लोग किसी भी व्यक्ति को एक पैसा भी अवैध वसूली का नहीं देंगे।

# वकीलों ने सम्पूर्णानगर प्रभारी निरीक्षक का फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस। रिजवान खान



**पलिया कलां खीरी।** सोमवार को पलिया बार एसोसिएशन के दर्जनों वकीलों ने थाना संपूर्णानगर प्रभारी सियाराम वर्मा का तहसील गेट के पास पुतला फूंका इस दौरान वकीलों में भारी आक्रोश देखा गया।

आपको बता दें कि अभी हाल ही में अधिवक्ता के साथ मारपीट जैसी घटना हुई थी जिसमें संपूर्णानगर थाना प्रभारी को अधिवक्ता ने शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। वही कई दिन बीत जाने के बाद भी ना तो कार्रवाई हुई बल्कि जिन पर आरोप लग रहा था उनको पुलिस पकड़ने में जहमत तक न जुटाई। यही कारण था कि सोमवार को बार एसोसिएशन के तमाम अधिवक्ताओं ने थाना संपूर्णानगर सियाराम वर्मा का पुतला बनाकर सड़क पर नारेबाजी करते हुए निकल पड़े जैसे ही स्टेशन रोड पर पहुंचे थाना प्रभारी के पुतले में आग लगाते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। आपको बताते चलें थाना संपूर्णानगर में अपराध पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है पुलिस इन दिनों काफी सुर्खियों में है ऐसा नहीं है कि इन पर कार्यवाही नहीं होती सूत्रों से मिली जानकारी इन दिनों पुलिस और नेपाली तस्करों में व्यारा न्यारा करने में संपूर्णानगर पुलिस की अहम भूमिका निभा रहे कुछ पुलिस और दरोगा इसके बावजूद भी संपूर्णानगर में अभी तक कई बड़े खुलासे नहीं हो पाए हैं जिसमें नाबालिक 13 साल की बच्ची जो पुलिस बरामद नहीं कर सकी दूसरा मादक पदार्थ में पकड़े जाने के बाद निपटारा हो जाना। कुछ महीनों से एनडीपीएस मामलों में कोई कार्रवाई न होना अपने आप में बड़ा सवाल है।

# सड़क पर तालाब है या तालाब में सड़क

जन एक्सप्रेस। रामकोट(सीतापुर)



जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर विकास खण्ड पिसावां क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर नैमिषारण्य के रामकोट से वजीर नगर रोड पर ग्राम पंचायत अर्सेनी से हरनी कीरतपुर गांव के पास से निकलकर बिहटगौड़ को जोड़ने वाला सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से है बदहाल हो गया है।यहां पूरी सड़क तालाब बन गई है लेकिन कोई भी विभागीय अधिकारी संज्ञान नहीं लें रहा है जबकि रामकोट चौराहे पर दो फुट से अधिक के गहरे गड्ढे हो गए हैं जहां वाहन चालकों का जीवन खतरे में पड़ गया है। विकास खण्ड पिसावां क्षेत्र के सीतापुर नैमिषारण्य रोड पर रामकोट चौराहे से डालमिया चीनी मिल होकर अर्सेनी गांव के पास हरनी कीरतपुर को जोड़ते हुए बिहटगौड़ सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है। यहां बरसात में सड़क पर जलभराव हो जाता है जिसके कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है तो वहीं दूसरी ओर बाकी दिनों में भी सड़क पर चलना बहुत मुश्किल है। मुख्य सड़क से होकर स्कूल कॉलेज व अस्पताल के लिए भी यही रास्ता है। इस समय विद्यार्थियों को निकलने में दिक्कत हो रही है वहीं कई बार गहरे गड्ढों में फंसने से वाहन भी पलट जाते हैं। रामकोट मुख्य सड़क से अर्सेनी गाँव का संपर्क मार्ग कई गाँवों से होता हुआ बिहटगौड़ गाँव में निकलकर हाईवे से जुड़ता है। इस मार्ग पर कई गांवों के लोगों का पूरे दिन आवागमन रहता है। इसी मार्ग पर प्राथमिक स्कूल, डिग्री कॉलेज के अलावा प्राइमरी स्कूल व निजी विद्यालय भी हैं। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं पढ़ने जाते हैं। यहां से जाने वाली यह टूटी सड़क काफी समय से खराब है। ऐसे में सर्वाधिक मुसीबत विद्यार्थियों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं, किसानों को झेलनी पड़ती है।

# पुनीत मिश्रा बने महोली तहसील अध्यक्ष एवं महामंत्री बने रामकिशोर दीक्षित

## यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने दोनों पदाधिकारियों का किया मनोनयन

जन एक्सप्रेस। राजीव दिवाकर

**सीतापुर।** यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल के द्वारा महोली तहसील क्षेत्र के निवासी पुनीत मिश्रा को यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन का महोली तहसील अध्यक्ष एवं महामंत्री के रूप में रामकिशोर दीक्षित को मनोनीत किया है। इस संदर्भ में उपजा के जिलाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन को विस्तार देने उद्देश्य से पूरे जिले में उपजा का विस्तार किया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए महोली तहसील का गठन किया गया है। अध्यक्ष उपजा महेंद्र अग्रवाल ने मनोनीत किए गए महोली तहसील अध्यक्ष पुनीत मिश्रा से अपेक्षा की है कि दो सप्ताह के अंदर अपनी कमेटी गठित कर जनपद मुख्यालय पर प्रेषित करें जिससे आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के तहसील महोली अध्यक्ष पुनीत मिश्रा एवं महामंत्री रामकिशोर दीक्षित के मनोनयन पर जिला महामंत्री अशोक यादव, कोषाध्यक्ष अमित शुक्ला बबलू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, राजीव दिवाकर उपाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, पुलकित शर्मा, अनुज सक्सेना, महेश कश्यप सहित जिले भर के वरिष्ठ पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।



# बड़ी धूम-धाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

जन एक्सप्रेस। अवधेश कुमार पाण्डेय



**तिकुनियां खीरी।** तहसील निघासन के बेलरायां क्षेत्र में कलेश हरण मंदिर पर बड़ी धूम-धाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व माँ शारदे व माँ गायत्री की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा, श्याम सुन्दर पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में रहे । मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वालित किया दीप मंत्र के साथ उसके उपरांत गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु, गुरुर देव महेश्वरा गुरु साक्षात् परब्रह्म तस्मे श्री गुरवे नमः का श्लोक पढ़कर गुरु की महिमा का वर्णन जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा ने किया उन्होंने बताया गुरु पूर्णिमा का पर्व अपने गुरु के प्रति आस्था और प्रेम भाव को प्रकट करता है हमारे ग्रंथो में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा माना गया है द्य उसके उपरांत भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर पांडे ने बताया गुरु के दिए ज्ञान से हमें जीवन में सत्य असत्य धर्म -अधर्म पाप- पुण्य सही गलत का ज्ञान मिलता है द्य जीवन में आगे बढ़ने के लिए सही रास्ता सफलता और सुख शांति गुरु के द्वारा दिखाए गए सच्चे मार्ग पर चलने से ही प्राप्त होता है उन्होंने बताया पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महर्षि वेदव्यास की जयंती पर ही गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है । भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर पांडे ने बताया आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि पर ही वेदव्यास का जन्म हुआ था। महर्षि वेदव्यास ने वेदों और पुराणों समेत कई ग्रंथों की रचना की है । गुरु पूर्णिमा के खास मौके पर आप अपने प्रिय गुरुजनों की पूजा करते हुए उनका आभार व्यक्त करते हैं तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं । गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर समस्त गायत्री परिवार की तरफ से हवन पूजन किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर राजेंद्र लोधी, हारमोनियम मास्टर प्रहलाद शर्मा, राम दुलारे वर्मा, रमाकांत, राकेश कुमार यदुवंशी, अवधेश वर्मा आदि गायत्री परिवार उपस्थित रहा ।

# सदस्यता अभियान चलाकर एबीवीपी ने 150 शिक्षकों को बनाया सदस्य

जन एक्सप्रेस। असलम अंसारी



**लखीमपुर-खीरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग लखीमपुर में शिक्षक सदस्यता का शुभारंभ सोमवार से शुरू हो गया है। जिले भर के विद्यालयों में 150 शिक्षक सदस्य बनाएं गए हैं। नगर के गांधी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षक संगोष्ठी के माध्यम से सदस्यता का शुभारंभ किया गया है। यह जानकारी एबीवीपी के विभाग संयोजक अमन गुप्ता ने दी।

इस दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य श्रीराम गौतम ने कहा कि अभाविप विद्यार्थियों के बीच मे अच्छा कार्य करती है, शिक्षकों का सम्मान करती है। मैं विद्यार्थी परिषद की इस पहल की सराहना करता हूँ एवं उन्होंने अपने विद्यालय के सभी शिक्षकों से परिषद से जुड़ने का आव्हान किया व सभी को सदस्यता दिलाई है। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री शिवानंद पांडेय ने कहा की शिक्षा किसी भी राष्ट्र की नींव होती है और शिक्षक राष्ट्र के निर्माता भारतवर्ष की महान संस्कृति की पृष्ठभूमि में भी यहां के शिक्षकों की त्याग युक्त तपस्या रही है। बिना उनके मार्गदर्शन में राष्ट्र पुनर्निर्माण संभव नही, प्रान्त सह मंत्री हरप्रीत सिंह ने बताया भारत यदि विश्वगुरु के पद पर लंबे समय तक प्रतिष्ठित रहा और आज भी यदि पूरा विश्व उसकी ओर आशा भरी दृष्टि से निहारता है, तो उसके पीछे यहां के आदर्श शिक्षकों का ही शुचितापूर्ण आचरण एवं ज्ञान के प्रति समर्पण है।विभाग संयोजक अमन गुप्ता ने कहा हम विश्वामित्र-वशिष्ठ के बिना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की, संदीपनी मुनि के बिना श्रीकृष्ण की, द्रोण के बिना अर्जुन की, परशुराम के बिना कर्ण की, चाणक्य के बिना चंद्रगुप्त की और परमहंस रामकृष्ण के बिना स्वामी विवेकानंद की कल्पना तक कर सकते हैं। इसलिए बिना शिक्षकों के मार्गदर्शन के छात्र संगठन की कल्पना नही की जा सकती। जिला संयोजक लक्ष्मी पांडेय ने कहा कि इस वर्ष शिक्षक सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक शिक्षकों को जुड़ने का लक्ष्य हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष डॉ विशाल वर्मा, सह संयोजक विनीत अवस्थी, नगर मंत्री रुचि तिवारी, एस एफ प्रमुख सुधांशु प्रजापति, हर्ष तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### वन महोत्सव सप्ताह में डॉ. ख़ान ने मरीज़ों को बांटे पौधे



जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी। संपूर्णनगर में चल रहे वन महोत्सव सप्ताह में पर्यावरण प्रेमी डा आई ए ख़ान ने अपने मरीज़ों को अमरूद, आम, नीम, सागौन, पीपल, जामुन आदि के फलदार और छायादार पौधे बाँटे तथा पेड़ पौधों से होने वाले फ़ायदे के बारे में भी बताया एवं लोगों से अपील भी की कि हम सबको ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहे अगर हमें अत्यधिक गर्मी से बचना है तो ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाना पड़ेगा डा ख़ान ने यह भी कहा कि आज कल आम जामुन का सीज़न है अगर हम सब फल खाने के बाद बीजों को सुरक्षित रख ले और जब भी बाहर जाएं तो सड़क के किनारे इन बीजों को फेंकते जायें बरसात का मौसम चल रहा है आपके फेके हुए बीज जल्द ही उग जाएंगे और कुछ ही समय में बड़े पेड़ का रूप ले लेंगे। बताते चलें डा ख़ान हमेशा ही पर्यावरण के प्रति सजग रहते हैं और लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करते रहते हैं डा ख़ान हर वर्ष हज़ारों पौधे लगाते और बाँटते हैं। डॉ. ख़ान ने ये भी कहा की यदि किसी को पौधे लेने में दिक्क़त हो रही हो तो मुझसे मिल कर मुफ़्त में पौधे ले सकते हैं।

### शासन शक्ति को जनता में पुनर्स्थापित करना ही उद्देश्य



जन एक्सप्रेस/सीतापुर। लालबाग शहीद पार्क में सीतापुर जनपद के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने उपरांत अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आम आदमी पार्टी एवं संजय सिंह जी राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश प्रभारी आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की संतुति पर शिव कुमार सिंह जिला प्रभारी सीतापुर की गरिमामय उपस्थिति में आनंद जयसवाल, जिलाध्यक्ष सीतापुर के द्वारा, हरिओम मिश्रा राजेंद्र अध्यक्ष लोक निर्माण संघ को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हरिओम मिश्रा के आने से पार्टी को बल प्रदान होगा। इस मौके पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए हरिओम मिश्रा ने कहा कि आज से श्री अरविंद केजरीवाल जी के सपने शासन शक्ति को जनता में पुनर्स्थापित करना एवं स्वराज की अवधारणा को साकार करने,के लिए वचनबद्ध हूँ। इस मौके पर सीतापुर जिला प्रभारी शिव कुमार सिंह जिला अध्यक्ष आनंद जायसवाल जिला उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव सहित जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

### ट्रक ड्राइवर पर 9 लाख रुपए गायब करने का आरोप

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। जानवरों के व्यापारी ने ट्रक ड्राइवर गायब करने का आरोप लगाते हुए तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।मोहम्मदी थाना क्षेत्र के मोहल्ला देवी स्थान निवासी अजमत पुत्र जुम्मन ने ट्रक ड्राइवर पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह गहदू निवासी बीसलपुर पीलीभीत, जाहिर नईम निवासी ग्यासपुर पीलीभीत, ग्यासुद्दीन निवासी ओहरना खीरी आपस में मिलकर दुधारू जानवरों का व्यापार करते हैं। व्यापारियों ने 16 जानवरों को यूपी 31टी / 9311 में लोड करके ड्राइवर उस्मान के साथ नफीस और रकीब दो लेबरों को भेजा। व्यापारी जानवर बिक्री होने के बाद घर चले आए और ड्राइवर उस्मान ने किराने का सामान लोड करके वापस आने की बात कही। 16 जून की सुबह ड्राइवर उस्मान ने लेबरों को टूल में सोने को कहा और अपने रिश्तेदारों से पैसा गायब करा दिया। सीसीटीवी में आरोपी दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने ड्राइवर उस्मान अली निवासी पाल अभय बडखर थाना मोहम्मदी, नाबिर शाह, वकील शाह निवासी मुल्लापुर थाना मैलानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### शोहदे से तंग आकर छात्रा ने पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। सोमवार को शोहदे की हरकतों से तंग आकर एक छात्रा मिश्राना पुलिस चौकी पहुंचकर छात्रा ने पुलिस को शोहदे के खिलाफ शिकायती पत्र दिया मामले में संज्ञान ले हुए पुलिस ने जांच तेज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बताते चलें कोतवाली सदर के एक मोहल्ला निवासी छात्रा ने बताया कि उसके घर के पास रहने वा युवक उसे काफी समय से परेशान करता चला आ रहा है। छात्रा ने बताया उसके आते-जाते समय पीछा करना और अश्लील फब्तियां कसना शोहदे की की दिनचर्या में शामिल था शोहदे की हरकतों से तंग आकर छात्रा ने अपनी मां को पूरी बात बताई। इस तरह की बात सुनकर परिवार वाले आक्रोशित हो गए और छात्रा को लेकर पुलिस चौकी मिश्राना पहुंचे। छात्रा ने पुलिस को पूरी बात बताई और तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तहरीर मिल गई है मामले की जांच कराई जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। मिश्राना चौकी प्रभारी साधना यादव।

### 'अन्नपूर्णा की काव्य यात्रा निरंतर अपने मार्ग पर अग्रसर'

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। वर्षों पहले हिंदी साहित्य को समर्पित इस काव्य यात्रा को संस्था संस्थापक अनिल द्विवेदी जी ने प्रारंभ किया था, तथा जीवन भर इसके लिए समर्पित रहे, आज वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा प्रारंभ की गई यह काव्य यात्रा आप सब साहित्यकारों के सहयोग से निरंतर आगे बढ़ रही है। यह देखकर उनकी आत्मा अवश्य आनंदित होती होगी। यह उद्गार अन्नपूर्णा सेवा संस्थान अध्यक्ष नवीन द्विवेदी ने साप्ताहिक काव्य गोष्ठी के दौरान अपने उद्बोधन में व्यक्त किए। अन्नपूर्णा साहित्य संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी के क्रम में जागेश्वर निवास निकट हरदोई चुंगी तरीनपुर रोड पर काव्य गोष्ठी का आयोजन संस्थान संरक्षिका पुष्पा अवस्थी के संरक्षण में हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक मिश्र ने की तथा संचालन युवा शायर यासीन इब्ने उमर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीएल गांधी की वाणी वंदना से हुआ, तदुपरांत कवियों व शायरों ने उत्कृष्ट काव्य पाठ कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर अशोक मिश्र, पुष्पा अवस्थी, यासीन इब्ने उमर, राम किशोर श्रीवास्तव, डॉ सतीश चंद्र वर्मा, यूनुस पैंतेपुरी, नफीस सीतापुरी, केपी मिश्र, झंकार नाथ शुक्ल, एपी गौतम, जीएल गांधी, कन्हैया लाल शुक्ल, गीता किशोर श्रीवास्तव, रियाजउद्दीन रियाज़, रौनक सीतापुरी, आलोक कुमार, सुधांशु त्रिवेदी आदि ने काव्य पाठ किया, तथा प्रगति बाजपेई, अजय श्रीवास्तव व कान्हा बाजपेई आदि श्रोता के रूप में उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालत में फांसी पर लटका किसान का शव मिलने से मचा हड़कंप

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, थाने का घेराव कर की कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस। कदौरा**

बड़ागांव में संदिग्ध हालत में फांसी पर लटका किसान का शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए ग्रामीणों के साथ थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग की है।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी बाबूलाल निषाद पहलवानी के लिए बुंदेलखंड में विख्यात है, और वह बुंदेलखंड केसरी के नाम से चर्चित है। जिसका चचेरा भाई भूरा 40 वर्ष अपनी पत्नी ममता पुत्र अजय, कौशल पुत्री प्रियांशी व क्रांति के साथ रहकर खेती-बाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रहा था। बताया गया है कि वह कई सालों से बाबा भी बन गया था। विगत दिनों भूरा ने अपने खेत की जमीन पर बजरंग बली का मंदिर बनाने के लिए मूर्ति की स्थापना की थी। पर मंदिर का विरोध उन्हीं के चाचा राम सजीवन व उनके पुत्र राजू व रामू कर



रहे थे। बताया जाता है कि मंदिर निर्माण शुरू होते ही चाचा व उसके चचेरे भाइयों ने स्थापित मूर्ति को उखाड़ कर दूसरी जगह फेंक दिया था। इतना ही नहीं बल्कि विरोध करने पर भूरा के साथ मारपीट करने लगे थे। जिसकी शिकायत उसने थाने में की थी, शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों का जबरन समझौता कराते हुए रविवार रात 10 बजे व दूसरे पक्ष के लोगों को वापस गांव भेज दिया था। शनिवार सुबह भूरा का शव गांव से 2 किलोमीटर दूर एक खेत में लगे नीम के पेड़ पर संदिग्ध अवस्था में लटकता मिला। जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो वह घटनास्थल पर पहुंचे जहां पर 20 से 25 मीटर घसीटने के निशान मिले। जिससे परिजनों द्वारा उसकी हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। जहां पर पहुंची महिलाओं सहित ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर लिया। हालांकि कुछ देर बाद पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कर वहां से गांव भेज दिया। कदौरा थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद निष्पक्ष कार्यवाही की जाएगी।

# एक किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कुठौंद**

थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव में एक किलो अवैध गांजे के साथ तस्करी करते हुये युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

कुठौंद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में धरपकड़ अभियान चलाने में लगी हुई थी। उसी दौरान मुखबिर द्वारा क्षेत्र में घूम रहे नशीले पदार्थ की बिक्री करने वाले युवक की भनक लगी। भनक लगते ही पुलिस ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश डाल दी। जहां पर घेराबंदी कर आरोपी ऋषभ पुत्र राधे शिवहरे




निवासी मदारीपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक किलो अवैध गांजा बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी का कहना है कि आरोपी युवक घर से गांजे की तस्करी करता था। जो गरीब मजदूर होते हैं उन्हें छोटी-छोटी पुड़िया बना कर भेजता था। युवक के पास एक किलो गांजा बरामद हुआ है। जिसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पुजारी ही निकला हत्यारोपी, दो सौ रुपए के लेन-देन में दिया वारदात को अंजाम

## थाना पुलिस ने चन्द समय में सुलझाई गुत्थी, आला कत्ल के साथ सीओ ने किया मामले का खुलासा

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना में हुई अधेड़ की हत्या की गुत्थी पुलिस टीम ने चंद् समय में समझा कर रख दी। जिसमें मंदिर का पुजारी ही निकला हत्यारा और पुलिस ने उसकी निशानदेही पर आला कत्ल भी बरामद कर लिया। मामले का खुलासा सीओ कालपी ने किया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना निवासी राजकुमार यादव करीब 8 सालों से गांव के बाहर बखत बाबा मंदिर में रह रहा था। इस दौरान उसकी दोस्ती मंदिर के पुजारी आनंद कुमार पांडे निवासी मोहल्ला स्वामी दास



खरेला जिला महोबा से हो गई। राजकुमार नशे का आदी था और अपने घरवालों से मिलता जुलता नहीं था। जबकि वह पुजारी के साथ ही मंदिर में रहता था और उसके साथ में नशे की लत को पूरा करता था। जिसके चलते बीती 30 जून की रात को राजकुमार ने पुजारी आनंद कुमार से दो सौ रुपए मांगे थे।

इसी बात को लेकर विवाद हुआ और पुजारी आनंद ने मंदिर परिसर में रखे सब्बल से सिर कूच कर उसकी हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गया था। जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और उसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हुआ सब्बल भी बरामद कर लिया। सोमवार को हत्यारोपी पुजारी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

### हत्या को उकसाने का मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघोरा निवासी संतराम पुत्र रबूदे ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मोना पत्नी उदय प्रकाश निवासी अब्दुल्ला थाना जनपद जालौन और 6 नफर लोगों ने उसके पुत्र उदय प्रकाश का मानसिक उत्पीड़न करके आत्महत्या के लिए उकसाया। जिससे क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या कर ली। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के उकसाने का मामला दर्ज कर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### गाली-गलौज कर मारपीट की

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्रामर निवासी इरशाद पुत्र मोहम्मद शाह ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही भारत सिंह राजपूत पुत्र शिवपाल उसके पुत्र के साथ मारपीट कर गाली गलौज दी। और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज को लेकर महिला को प्रताड़ित किया

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधोगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुद्रपुरा निवासी अनुराधा पत्नी विक्रम सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति और तीन नफर लोगों ने मिलकर उससे दहेज की मांग की और उसको तरह-तरह से प्रताड़ित किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर देना।

### कोर्ट के आदेश पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कबीर नगर निवासी श्यामलाल अग्रवाल शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी। बताया कि शफी कुरैशी निवासी हजारीपुरा थाना कोतवाली उरई ने उसके घर से एक सोने का मंगलसूत्र जिसका वजन 20 ग्राम सोने की चाल छोरी जिनका वजन 10 ग्राम दो छल्ला, 12 ग्राम 62000 रुपए चोरी कर लिए इस पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिए।

### फर्जी तरीके से कराया बैनामा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेढर थाना क्षेत्र के ग्राम रूरा सिरसा निवासी सामंत सिंह पुत्र स्वर्गीय हाकिम सिंह चौहान ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि शिवनाथ सिंह पुत्र वीर सिंह उर्फ सत्येंद्र सिंह सेंगर और चार नफर लोगों ने मिलकर उससे फर्जी तरीके से जमीन अपने नाम करा ली। जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### तमंचे के साथ पकड़ा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना के उप निरीक्षक राजकुमार ने महेंद्र पाल पुत्र सुरेश निवासी ग्राम जगम्मनपुर थाना रामपुरा को उन्होंने गिरफ्तार कर लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा कारतूस बरामद हुआ।

# घूमने के शौकीन बच्चों ने रची अपहरण की साजिश

*** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की सक्रियता से मामले का हुआ घंटो में खुलासा**

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

स्कूल खुलने के पहले ही दिन कक्षा आठ के 14 वर्षीय छात्र ने पुलिस को हलकान कर दिया। दरअसल सुबह एक छात्र के अपहरण की झूठी सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक व स्थानीय पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कांबिंग शुरू कर दी। जिसमें पुलिस तेजी से घटनास्थल से जुड़े सभी संपर्क मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगी। आखिरकार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की सक्रियता काम आई और एएसपी उत्तरी आशुतोष मिश्रा के निर्देशन में कोतवाल संजय मौर्या की टीम ने लड़के द्वारा रची अपहरण की साजिश का खुलासा कर दिया।

पुलिस ने सर्वप्रथम गायब हुए छात्र सुभम के छोटे भाई से पूछताछ शुरू की तो सभी हैरान रह गए। जिसमे छोटे भाई ने बताया कि घूमने के शौकीन सुभम को स्कूल न जाना पड़े इसलिए अपहरण की झूठी कहानी बनाई थी।

असल में मूल रूप से थाना रामसनेहीघाट क्षेत्र के दुलारपुर मजरे मगरौड़ा गांव निवासी विनोद कुमार सैदखानपुर स्थिति एक ईट भट्ठा पर बतौर मुंशी कार्यरत है। जोकि शहर कोतवाली बाराबंकी के मखदुमपुर मोहल्ले के पास स्थित डिवाइन सिटी कॉलोनी में परिवार के साथ रहते है। इनके दोनो बेटे साईं इंटर कॉलेज शुक्लई में कक्षा आठ के छात्र है। सोमवार को स्कूल खुलने पर दोनों भाई स्कूल जाने के लिए निकले थे। जहां शुक्लई गांव के पास नहर पटरी पर दोनों भाई पहुंचे। पूछताछ में छोटे भाई ने बताया बड़े भाई ने उससे कहा के अपहरण की झूठी सूचना दे दो। मैं आज कहीं दूर घूमने जाऊंगा। इस प्लानिंग के बहुत छोटे भाई ने कुछ लोगों से अपहरण की बात बताई। और उसने कहा कि जब दोनों भाई शुकलई नहर पटरी पर पहुंचे थे। इसी बीच वहां आई सफेद रंग की मारुति वैन सवार तीन युवकों ने शुभम पटेल को अगवा कर लिया। जिस पर दूसरे भाई ने शोर मचाया। तो मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई।

लेकिन तब तक बदमाश फरार हो गए थे। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने कांबिंग शुरू कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। आखिरकार लंबी छानबीन के बाद छात्र शुभम की लोकेशन ट्रेस हो गई। मामले में एडिशनल एसपी उत्तरी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि यह अपहरण की झूठी रचना की गई थी।

छोटे भाई ने सच्चाई बताई है कि उसने बड़े भाई शुभम को पलहरी चौराहे पर छोड़ा है। जहां उसने अपने कपड़े भी बदले है। आगे एएसपी ने बताया कि छोटे भाई की निशानदेही पर शुभम के कपड़े बरामद कर लिए गए है। और शुभम की लोकेशन ट्रेस हो गई है। जिसे लेने पुलिस टीम रवाना हो गई है।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने यमुना नदी में लगाई छलांग

**जन एक्सप्रेस। कुठौंद**

थाना क्षेत्र में युवक ने अज्ञात कारणों के चलते पुल से यमुना में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। कुठौंद थाना क्षेत्र की चौकी शंकरपुर के गांव सनगढ़ स्थित यमुना नदी के पुल से लवलेश 35 वर्ष निवासी ब्रह्मनगर औरैया ने सोमवार की दोपहर यमुना में छलांग लगा दी। इस दौरान पुल के नीचे मौजूद मछुआरों ने युवक को यमुना में छलांग लगाते देखा और तत्काल वह मौके पर पहुंच गए, और उन्होंने कड़ी मशक्कत कर युवक को डूबने से बचा लिया। सीमा जनपद औरैया की होने के चलते औरैया पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची औरैया पुलिस ने उसे आनन-फानन में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल औरैया में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देने के बाद युवक से पूछताछ भी की। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। फिलहाल युवक का उपचार चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# लाखों की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। उरई**

शहर कोतवाली क्षेत्र के झांसी रोड रामनगर निवासी अश्वनी पांडे पुत्र हरिहर पांडे ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सर्वजीत सिंह पुत्र अज्ञात निवासी 2 एप प्रथम द्वितीय तल इंडिया कॉलेज आईटीआई फर्रुखाबाद हरियाणा आदि नफर लोगों ने मिलकर उसको लेजर मशीन देने के नाम पर 2700000 रुपये धोखाधड़ी कर प्राप्त कर लिए। उसने मशीन के पैसे मांगे तो उसको जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

## विद्यालयों में पसरा सन्नाटा हुआ गायब

# गुरु पूर्णिमा पर्व के साथ, परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुआ शिक्षण कार्य

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जनपद में सोमवार को गुरु पूर्णिमा के साथ परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य की शुरुआत हो गई। विद्यालयों में पसरा सन्नाटा गायब हो गया। इस दौरान ज्यादातर विद्यालयों में बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर उन्हें प्रवेश दिया गया। इससे पूर्व सर्वप्रथम विद्यालयों में छोटे-छोटे नौनिहालों ने हर्षोल्लास से गुरु पूर्णिमा मनाई। तहसील रामनगर के गणेशपुर कस्बा स्थित गायत्री बाल शिक्षा निकेतन विद्यालय में बच्चों का शिक्षकों ने तिलक कर भविष्य के लिए उन्नति का आशीर्वाद दिया। यहां विद्यालय के प्रबंधक अवधेश कुमार शुक्ला के संयोजन में एक बाल सभा का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक सहित सभी शिक्षकों ने बारी-बारी कर नैतिक शिक्षा का ज्ञान दिया। बताया कि समाज में किताबी ज्ञान के साथ-साथ आपको अपने धर्म का भी ज्ञान होना चाहिए। और उन्हीं नियमों का पालन करते हुए आपको जीवन में चलना चाहिए।

### स्कूल पहुंचने की दिखी ललक

गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चे टीवी मोबाइल देख-देख कर ऊब गए थे। वह अपने सहपाठियों व शिक्षकों से मिलने के लिए व्याकुल थे। लगभग 2 महीने की छुट्टी बिताने के बाद जब बच्चे विद्यालय में पहले दिन प्रवेश किए तो उनमें सहपाठियों व शिक्षकों से मिलकर उनका अभिवादन करने की विशेष ललक देखी गई।

### बच्चों ने संभाला स्कूल बैग

सोमवार को बच्चों ने एक बार फिर स्कूल बैग आदि सामान संभालना से शुरू कर दिया। भोर में अभिभावक बच्चों को बैग के साथ पानी की बोतल, लंच बॉक्स व कॉपी-किताबें व्यवस्थित करने में लगे रहे। इससे पूर्व विद्यालय में भी बच्चों के आने से पहले की तैयारियां पूरी की गई।

### पहले दिन संख्या रही कम

शासन के निर्देशानुसार जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में सोमवार को शिक्षण कार्य की शुरुआत हो गई। लेकिन विद्यालय के पहले दिन हमेशा की तरह बच्चों की संख्या कम दर्ज की गई। इस पर शिक्षकों का कहना है कि आने वाले 15 जुलाई तक विद्यालयों में पर्याप्त संख्या देखी जाएगी। अभी ज्यादातर बच्चे अपने रिश्तेदारों के घर है।

# रेलवे लाइन पर अज्ञात युवक का मिला शव

**जन एक्सप्रेस। उरई**

एट थाना क्षेत्र के ग्राम सोमई के नजदीक से निकली कानपुर झांसी रेलवे ट्रैक किनारे सोमवार को 45 वर्षीय अधेड़ का क्षत-विक्षत हालत में शव पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान करानी शुरू कर दी। वहीं पुलिस द्वारा अधेड़ की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के लोगों से जानकारी की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस द्वारा युवक की ट्रेन से सफर करते समय गेट पर बैठने की वजह से गिरने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है, और उसकी पहचान कराने में लगी हुई हैं।

# कोटपा अधिनियम के तहत चार पर हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जिला महिला चिकित्सालय के नवागत सीएमएस डा. प्रदीप कुमार ने सोमवार को महिला जिला चिकित्सालय मे गुटखा, पान मसाला, सिगरेट का सेवन करने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया। जिसमें चिकित्सालय के इमरजेंसी गेट, रैन बसेरा व परिसर मे कोटपा अधिनियम 2003 का उल्लंघन करने वाले चार लोगों के विरूद्ध कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया गया।

सीएमएस डॉ.प्रदीप कुमार के मुताबिक उजमा से सौ रूपया, प्रदीप कुमार से सौ रुपया व इबरार से सौ रूपया एवं ललित कुमार से 20 रूपया जुर्माना के रूप में रसीद काटी गई है। यह जुर्माना की धनराशि राजकीय कोषागार में जमा कराई जायेगी।

# होमगार्ड जवान के पुत्र ने किन्ही कारणों से लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रीतमपुर डेरा मौजा शाहजहांपुर में होमगार्ड जवान के पुत्र ने पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के प्रीतमपुर डेरा शाहजहांपुर निवासी अरुण कुमार पुत्र शिवप्रसाद गांव में परिवार सहित रहता था। जिसने सोमवार को किन्हीं कारणों के चलते गांव के बाहर खेत में खड़े पेड़ पर रस्सी से फांसी पर झूल गया। खोजबीन के दौरान परिजनों ने उसका शव खेत में खड़े पेड़ पर लटका देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

बताया गया है कि मृतक की शादी 6 माह पूर्व वघौरा निवासी संजना के साथ हुई थी। बताया गया कि फांसी पर झूलने से पहले उसने अपने गले में फंदा डालने की फोटो अपने मोबाइल से अपलोड की थी। मृतक के पिता शिवप्रसाद होमगार्ड के जवान है, और माधौगढ़ थाने में उनकी तैनाती हैं। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सामूहिक बलात्कार के आरोप में चार नामजद, दो हिरासत में

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ सामूहिक बलात्कार व वीडियो वायरल करने की घटना के मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से 4 नामजद आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कराया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दो नामजद लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित समाज की युवती अपने घर में अकेली थी। तभी चार लोगों ने घर के अंदर घुस कर बारी-बारी से बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि आरोपियों ने उसका वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित पक्ष के द्वारा कोतवाली में नामजद आरोपियों में चंद्रा बाल्मीकि पुत्र भगवानदीन, दौलत बाल्मीकि पुत्र देवीदीन बाल्मिक, अर्जुन पुत्र सेवा बाल्मीकि निवासीगण ग्राम मटरा व विक्रम बाल्मीकी निवासी ग्राम कोटरा के खिलाफ जान से मारने की धमकी देकर सामूहिक बलात्कार करके वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया।

पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। बताया गया है कि फिलहाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफतार कर लिया है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह मामले की जांच करने में लगे हुए है। इस घटना को लेकर पीड़ित युवती का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है, और अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस। कोंच**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विरगुवा बुजुर्ग में युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विरगुवा बुजुर्ग निवासी विकास 24 वर्ष पुत्र रामस्वरूप ने अज्ञात कारणों के चलते घर में दुपट्टे का फंदा गले में डालकर फांसी पर झूल गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। फांसी पर लटक रहे पुत्र के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की खबर गांव में फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। मौजूद लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से फांसी पर लटक रहे युवक के शव को नीचे उतरवाया और पूंछतांछ सुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतक की एक वर्ष पहले इमिलिया बुजुर्ग में शादी हुई थी जिसके 1 माह का बच्चा है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं घटना के बाद से मृतक की पत्नी वाणी व परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# तपोस्थली कोटवा धाम सहित जनपद के तमाम शिवालयों में उमड़ा भक्ति का सैलाब

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

*** भगवान लोधेश्वर को जल चढ़ाने वालों की कतारें लगी रही**

पृथ्वी पर मौजूद भगवान शिव के 52वें अनोखे शिवलिंग श्री लोधेश्वर महादेव व ग्राम मजीठा स्थित नागेश्वर महादेव सहित जिले के तमाम शिवालयों में गुरु पूर्णिमा व सोमवार के विशेष संयोग पर भोर से ही भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। गुरु पूर्णिमा पर विशेष कार्यक्रम सतनामी संप्रदाय के प्रवर्तक संत स्वामी जगजीवन दास साहेब की तपोस्थली कोटवाधाम में हुआ।

यहां भोर पहर बड़े बाबा जगजीवन दास साहेब की समाधि स्थल पर होने वाली आरती में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह सहित हजारों भक्तों ने शामिल होकर गुरु आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर महंतों के आश्रमों पर भंडारे आयोजित किए गए। गुरु पूर्णिमा के विशेष मौके पर कोटवा धाम में लगने वाले मेले में नेपाल गोंडा बस्ती सीतापुर फैजाबाद रायबरेली उन्नाव सहित विभिन्न जिलों के हजारों संख्या में लोगों ने पहुंचकर अभरण स्नान के बाद बाबा की समाधि पर प्रसाद चढ़ाया। इसी तरह महाभारत कालीन कुंतेश्वर महादेव मंदिर में भी हजारों भक्तों के पहुंचने का सिलसिला लगा रहा। लोधेश्वर महादेवा में भोर से ही दूरदराज क्षेत्रों से गुरु पूर्णिमा सहित सोमवार के मौके पर भगवान लोधेश्वर को जल चढ़ाने वालों की कतारें लगी रही। सबसे अनोखा दृश्य शहर के नजदीक मजीठा मंदिर में देखा गया जहां भगवान नागेश्वरन को दूध और चावल चढ़ाने वालों की होड़ लगी रही।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद तारिक पुत्र मोहम्मद नहीम मोहल्ला गणेशगंज मकान नंबर 83 कस्बा उरई जालौन का निवासी है। मेरा मकान मेरी माता जी मरहूम हसीना बेगम के नाम है, उक्त मकान के वारिस हम सभी भाई हैं। लेकिन आपसी मतभेद के चलते अभी तक बंटवारा नहीं हुआ है। जब भी मकान बेचा जाए तो सभी भाइयों की सहमति से बेंचा जाए। साथ ही कोई व्यक्ति खरीद-फरोख्त करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। साथ ही अगर मकान का बैनामा, रहना या गिरवी आदि किसी भी प्रकार की लिखा पढ़ी की जाती है, तो उसे अवैध मानकर निरस्त समझा जाए। धारा 1 लगान दो मेरी जानकारी में सभी बात सच है कोई बात झूठ नहीं है ना ही छुपाई गई है।

**शपथकर्ता**
**मोहम्मद तारिक पुत्र मोहम्मद नईम**

# सावन मेले में श्रद्धालुओं को मिले बेहतर सुविधाएं इसको लेकर जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

योगी सरकार का प्रयास है कि सावन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिले इसको लेकर जिलाधिकारी नितीश कुमार ने रामपथ सहादतगंज से नयाघाट, भक्ति पथ श्रृंगार हाट से जन्मभूमि पथ, जन्मभूमि पथ सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग के साथ स्थलीय निरीक्षण कर उक्त पथों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सम्बंधी कार्यो की प्रगति तथा आगामी श्रावण झूला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु तैयारियों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट से बस अड्डा से पोस्ट आफिस चौराहा से जिला चिकित्सालय से रिकाबगंज होते हुये नियावां चौराहा आदि का पैदल भ्रमण कर रामपथ के कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान निकलने वाले मलबे को तत्काल हटवाते रहने के निर्देश दिये, जिससे जन सामान्य को आवागमन हेतु अधिक से अधिक जगह मिल सकें।

इस दौरान जिलाधिकारी ने रामपथ के निर्माण कार्य में मजदूरों की संख्या को और बढ़ाने तथा तीव्र गति से कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मार्ग के निर्धारित चौड़ाई से अधिक भूमि जहां पर उपलब्ध है उसका उपयोग योजनाबद्व तरीके से किया जाये, मार्ग के किनारे किसी भी प्रकार के निर्माण को मार्ग के अंतिम छोर पर ही किया जाय। विद्युत पोलों व ट्रांसफार्मर को भी मार्ग के अंतिम किनारे पर जहां खाली जगह हो वहां लगाया जाय जिससे मार्ग के किनारे अधिक से अधिक पब्लिक स्पेश उपलब्ध हों।जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय खुल गये है यह सुनिश्चित किया जाय कि कहीं पर असुरक्षित ढंग से कार्य न हों। मैनहोल को प्राथमिकता पर क्लोज किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि मार्ग की निर्धारित चौड़ाई में कोई छज्जा या सीढ़ी न निकालने पाये। तदोपरांत जिलाधिकारी ने टेढ़ीबाजार से हनुमानगढ़ी तथा हनुमानगढ़ी से दशरथ महल सहित आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सम्बंधी कार्यो का जायजा लिया।



### राम पथ का 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण

अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-3 ने बताया कि राम पथ का 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रामपथ में 21 किमी0 डक्ट, 8 किमी0 स्टार्मवाटर, 04 किमी0 वाटर पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कर लिया गया तथा सीवर लाइन का सम्पूर्ण कार्य पूर्ण है। जिलाधिकारी ने शेष कार्यो को पर्याप्त मानव संसाधन एवं मशीनरी लगाकर तीव्र गति से कराने तथा अपेक्षित समय के अंदर समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, सहित सम्बंधित ठेकेदार व सम्बंधित सहायक अभियन्ता भी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या




1 से 7 जुलाई तक चल रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत 30 करोड़ पौधारोपण जन आंदोलन 2023 के अंतर्गत जिला पंचायत अयोध्या द्वारा ग्रामसभा सरायरासी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत कायाकल्प अमृत सरोवर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने किया पौधरोपण इस मौके पर उनके पति आलोक सिंह हरोहित ही मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि पौधरोपण से पर्यावरण का संतुलन बना रहता है और हमें शुद्ध वायु मिलती है अगर वृक्ष ही नहीं रहेंगे तो पर्यावरण का संतुलन धीरे-धीरे बिगड़ जाएगा जिससे मानव जीवन, जीव-जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है। हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो। आलोक सिंह रोहित ने कहा शुद्ध वायु और शुद्ध जल आने वाली पीढ़ियों का अधिकार है।ये तभी संभव है, जब हम पर्यावरण को संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करके शहर व गांव को हरा भरा बनाएं तथा ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें, ताकि हमारा क्षेत्र हरा भरा रहे। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रदूषण को कम करके पर्यावरण को बचाया जा सकता है। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना चाहिए। सभी को अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर मया रेंजर अरूण कुमार मौर्य, राजेश सिंह, रामप्रसन्न सिंह, जयराज सिंह, सुशील सिंह, संजय निषाद, हरिओम यादव, उदयपाल सिंह, अमरजीत सिंह, चंद्र भूषण सिंह अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# स्टेशन अधीक्षक को सौंपा मांग पत्र

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

गोसाईगंज के समाजसेवी जगदीश कुमार जायसवाल ने सोमवार को स्टेशन अधीक्षक महेंद्र नाथ मिश्र को एक ज्ञापन देकर गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर पीआरएस (आरक्षण टिकट) के समय बढ़ाये जाने की मांग की है। पत्र की छाया प्रति मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ को भी भेजी गई है। दिए गए मांग पत्र मे श्री जायसवाल ने दर्शाया है कि अयोध्या कैंट-अकबरपुर रेल प्रखंड स्थित अयोध्या धाम क्षेत्र के प्रमुख व्यवसायिक नगर गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर संचालित पीआरएस का समय महकमे द्वारा प्रातः 11:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक(मात्र 6 घंटा) निर्धारित किया गया है। जबकि यूटीएस टिकट काउंटर अलग होने के बावजूद यहाँ पीआरएस काउंटर के लिए 4 विभागीय कर्मी तैनात है। गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर चौतरफा बीसो किमी0 परिधि के लोग प्रतिदिन आरक्षण टिकट बुक/निरस्त कराने आते हैं। लेकिन मात्र 6 घंटा पीआरएस का समय निर्धारित होने के कारण दूरदराज से आरक्षण कराने आए लोगों का लाइन में लगने के बाद भी समय समाप्ति होने पर जब आरक्षण टिकट नहीं मिलता है तो वे भारी मन से निराश होकर लौट जाते है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो उन रेल यात्रियों को होती है जिनको सुबह/शाम (सेम डे) की ट्रेनों का आरक्षण निरस्त कराना होता है। इसके लिए उन्हें धन एवं समय दोनों बर्बाद कर 40 किलोमीटर का चक्कर लगाकर अन्यत्र जाना पड़ता है। जबकि बरसों से क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा गोसाईगंज स्टेशन पर आरक्षण का समय प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे (12घंटे) तक करने की मांग बराबर विभाग से की जाती रही है!

# भाकियू द्वारा आयोजित किसान महापंचायत संपन्न

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

भारतीय किसान यूनियन द्वारा आयोजित किसान महापंचायत शिव मंदिर पर संपन्न हुई पंचायत मे उप जिलाधिकारी मनोज श्रीवास्तव तथा प्रभारी निरीक्षक रौनाही पहुंचकर समस्याओं को विस्तृत रूप से सुनकर समाधान कराया। अरकुना बाजार कट खुलवाने की मांग भारतीय किसान यूनियन द्वारा मजबूती से रखते हुए यह कहा गया कि सड़क बनते समय ही 40 फीट का कट खोला गया था और डीपीआर में भी स्पष्ट है परंतु अधिकारी दुर्घटना का हवाला देकर कट खोलने से इंकार कर रहे थे जिस पर सहमति से यह तय हुआ कि 5 फीट चौड़ा पैदल जाने वालों के लिए कट खोल दिया जाए जिसके लिए ऊपर की लेन खोली गई परंतु नीचे की लेन नहीं खोली गई जिससे दुर्घटना तो बचेगी ही साथ ही साथ टोल प्लाजा का भी कोई आर्थिक नुकसान नहीं होगा। और राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु राजस्व टीम के माध्यम से अगले 3 दिन में समस्या समाधान का आश्वासन दिया गया तथा ग्राम अरुवावा की समस्या समाधान हेतु उप जिला अधिकारी मनोज श्रीवास्तव व एसओ पूराकलंदर स्वयं मौके पर चलकर समाधान कराएंगे इसी बात पर किसान महापंचायत समाप्त हो गई। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने पंचायत को संबोधित करते हुए ठीक 12:30 बजे प्रशासन को 1 घंटे का मौका दिया जिस पर उप जिलाधिकारी मनोज श्रीवास्तव दल -बल के साथ किसान महापंचायत में पहुंचकर बिंदुवार समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया।



किसान महापंचायत में जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, प्रदेश सचिव मध्यांचल सूर्यनाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भागीरथी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शंकर पाल पांडे, तहसील अध्यक्ष रुदौली रवि शंकर पांडे, रामू चंद विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, तहसील अध्यक्ष मिल्कीपुर राजेश मिश्रा, राजदेव यादव, बाबूराम तिवारी, नाथूराम यादव, रामगोपाल मौर्य, बैजनाथ निषाद, मस्तराम वर्मा, प्रेम शंकर वर्मा, संतोष वर्मा, राकेश वर्मा, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद अयूब, उर्मिला निषाद, मीना देवी आदि ने संबोधित किया।

# गर्मी की छुट्टी के 42 दिन बाद आज खुले परिषदीय विद्यालय

जन एक्सप्रेस। मिल्कीपर- अयोध्या

गर्मी की छुट्टी के बाद सोमवार को 42 दिन बाद फिर से परिषदीय विद्यालय गुलजार हुए हालांकि हालांकि क्षेत्र में 3 दिनों से हो रही बारिश के चलते ज्यादातर विद्यालय परिसर में साफ सफाई नहीं हो सकी, कुछ विद्यालयों के परिसर में बरसात के पानी भरे रहे। शुरुआती दिनों में शिक्षकों को बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी विभाग सारी तैयारियां मुकम्मल होने का दावा कर रहा है।

मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र की शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज हैरिंग्टनगंज व मिल्कीपुर में कुल 472 उच्च प्राथमिक एवं कम कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं। 20 मई को परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश किया गया था। 25 जून को विद्यालय खुलने थे।

लेकिन भीषण उमस भरी गर्मी के चलते छुट्टी बढ़ाकर 27 जून फिर 2 जुलाई कर दिया गया था। लेकिन उमस भरी गर्मी कम ना होता देख सरकार ने 3 जुलाई को विद्यालय खोलने का आदेश कर दिया था। शासन के आदेश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय सभी प्रधानाध्यापक को आदेश पत्र जारी कर विद्यालय के साफ सफाई करने का आदेश दिया था उसके बावजूद ज्यादातर विद्यालय परिसर में गंदगी की भरमार रही। सुबह से हो रही रिमझिम बरसात के बीच छात्र छात्राओं को विद्यालय पहुंचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# सड़क काटकर नहर बनाए जाने के बाद दर्जनों गांव का आवागमन बाधित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तहसील उतरौला क्षेत्र अंतर्गत सादुल्लाह नगर भिरवा संपर्क मार्ग काटकर सरयू नहर खंड इटावा रजवाहा बनाए जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया है। आगमन के लिए बनाया गया डायवर्जन मार्ग भी कटकर बह चुका है। बरसात शुरू होते ही दर्जनों गांव के लोग आवागमन समस्या से घिर चुके हैं। मार्ग पर पुलिया निर्माण को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।



जानकारी के अनुसार 3 जुलाई को ग्रामीणों ने सरयू नहर पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और तत्काल निर्माण कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सादुल्ला नगर भिरवा सम्पर्क मार्ग काटकर सरयू नहर बनाए जाने से एक वर्ष से दर्जनों गाँवों का आवागमन बंद हो गया है। चंद कदम की दूरी तय करने के लिए कई किमी अतिरिक्त चक्कर काटने को ग्रामीण विवश हैं । ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से बार बार सड़क पर आवागमन बहाल कराने की गुहार लगाने के बाद भी संबंधित विभाग उदासीन बना हुआ है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर पुलिया निर्माण की मांग की है। स्थानीय ग्रामीण राम नरेश, हैसियत, मदन, रामू, पंकज, मनीष, आलोक, आदेन, बृजनंदन तिवारी, संजय तिवारी, विनोद तिवारी, नौशाद, इसरार, शादाब, झिनकन, राम फेरन, संतराम, रामनारायण तिवारी, अजमल, अकरम, शहाबुददीन, दुखहरन यादव, बाबूराम, अफजल, असलम, दिलीप तिवारी, अतुल तिवारी, भुलई यादव, अम्केश्वर, गफ्फार, मानस तिवारी व लल्लू मिया सहित तमाम ग्रामीणों ने बताया कि सादुल्लाह नगर से खटकनडीह (भिरवा) जाने वाली गोपलापुर पक्की सड़क काटकर सरयू नहर खंड दो इटवा-रजवहा नहर संचालन दो वर्ष पूर्व कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सरयू नहर खंड इटवा-रजवहा पर चैनेज 20920 (गोपलापुर) पर पुलिया का निर्माण होना था। पुलिया निर्माण का पैसा विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों ने बंदर बाँट कर लिया। ग्रामीणों को तसल्ली दिलाने के लिए सरयू नहर विभाग द्वारा दो सायफन पर मिट्टी डालकर डायवर्जन बना दिया गया था। अब डायवर्जन मार्ग भी बह गया है, एक वर्ष से दर्जनों गाँवों के ग्रामीणों का आवागमन अवरूद्ध है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से भिरवा, भगड़वा, चौका, गोपलापुर, कोड़री, मानीगढ़ा, नथईपुर, लौकिया ताहिर, घोरीपुर, नेवाडा, नथईपुर सहित अन्य कई गाँवों के लोगों का आवागमन होता है।

सड़क काटकर नहर संचालन करने व डायवर्जन बह जाने से आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सरयू नहर के उच्चाधिकारीयों सहित मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी बलरामपुर से शिकायत की गई कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने शीघ्र पुल निर्माण की माँग की है। रिंकू तिवारी ने बताया कि एस डी ओ सरयु नहर खंड दो सूर्य प्रकाश गौड़ दो वर्ष से यही आश्वासन दे रहे हैं कि जल्द सड़क पार करने के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस पर बच्चों ने नपाप अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्लास्टिक मुक्त शहर की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य आसिम रूमी द्वारा छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार 03 जुलाई को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस के अवसर पर इस विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य आसिम रूमी ने बच्चों को विस्तार से प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों के विषय में बताया। उन्होंने प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में प्लास्टिक बैग ड्रेनेज सिस्टम के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप आए दिन नाले नालियां चोक हो जाते हैं। ड्रेनेज सिस्टम के फेल हो जाने से गंदे पानी के जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है जिसके कारण संक्रमित रोगों की संभावना बढ़ जाती है। पॉलिथीन बैग के अत्यधिक प्रयोग एवं निस्तारण न हो पाने के कारण यह मृदा प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म देते हैं। प्लास्टिक पदार्थों का अत्यधिक प्रयोग कैंसर जैसे असाध्य रोगों के रूप में जनमानस के समक्ष बढ़ता जा रहा है। साथ ही साथ पर्यावरण के संतुलन में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले पशु भी इसके सेवन से मर रहे हैं जो प्रकृतिक संतुलन के लिए ठीक नहीं है।



# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

सोमवार की जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पॉलीटिकल पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा ईवीएम वेयरहाउस में कैमरा, अग्निशमन यंत्र, गार्द रूम आदि का जायजा लिया गया। पिछले वर्ष भीषण बाढ़ के दौरान ईवीएम वेयर हाउस में बाढ़ का पानी चला गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में ईवीएम की सुरक्षा के लिए समुचित इंतजाम कर लिए जाएं। इसके लिए रैक अथवा ऊंची चौकी पर ईवीएम रखे जाएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को ईवीएम वेयरहाउस के सेकंड फ्लोर का प्रस्ताव भेजे जाने, गार्ड रूम में रह रहे पुलिस बल को प्रॉपर अग्निशमन यंत्र के प्रयोग की ट्रेनिंग दिए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कुशल प्रबंधन के लिए सम्मानित किए गए मेजर डॉ. एस. पी. सिंह

जन एक्सप्रेस/बहराइच। किसान पी.जी. कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एस पी. सिंह को उनके कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने पर कुशल प्रबंधन के लिए कालेज के अंशकालिक शिक्षकों की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वाले शिक्षकों का नेतृत्व डॉ. सत्यभूषण सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि मेजर सिंह के कार्यकाल में ही महाविद्यालय ने स्वायत्तशासी संस्था का दर्जा प्राप्त किया है। इसके पूर्व कॉलेज के प्राचार्य रहते हुए मेजर डॉक्टर सिंह दो बार कॉलेज में राष्ट्रीय विधायन एवं प्रत्यायन परिषद से कॉलेज का मूल्यांकन कराया और प्रथम बार में बी प्लस तथा दूसरी बार में ए श्रेणी का दर्जा दिलाया। भाजपा के जिला महामंत्री तथा राजनीति शास्त्र की शिक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह मेजर डॉक्टर एसपी सिंह के कुशल प्रबंधन का ही परिणाम है कि महाविद्यालय पूरे प्रदेश में अपनी अलग साख बना रहा है। इस मौके पर मेजर डॉ सिंह ने कहा कि कॉलेज को मिलने वाली सफलता टीमवर्क का परिणाम रहा। उन्होंने कहा कि इसी महाविद्यालय में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की और यही दशकों शिक्षण भी किया जिससे इस महाविद्यालय के प्रति उन्हें विशेष लगाव है और वह जीवन पर्यंत महाविद्यालय के उत्थान में अपना योगदान देते रहेंगे। अन्य वक्ताओं ने उनके चार वर्ष के कार्यकाल की प्रशंसा की और महाविद्यालय की ख्याति को देश और प्रदेश में बढ़ाने के लिए उनको धन्यवाद दिया।

# गुरु पूर्णिमा पर सिद्धनाथ मंदिर में भारी भीड़, लोगों ने ली दीक्षा

जन एक्सप्रेस। बहराइच

गुरु पूर्णिमा के पर्व पर पांडव कालीन श्री सिद्धनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ जुटी। यहां भक्तों ने जलाभिषेक और पूजन अर्चन के साथ मंदिर के महंत तथा महामंडलेश्वर रवि गिरी जी महाराज से दीक्षा भी प्राप्त की। इस मौके पर छोटी व बड़ी बेरिया समेत अनेक मंदिर परिसरों तथा जलाशयों के तट पर परंपरागत मेले का भी आयोजन किया गया। आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को परंपरागत तरीके से गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस मौके पर भारी तादाद में लोग मंदिरों तथा शिवालयों में इकट्ठा होकर देवी देवताओं का पूजन अर्चन और जलाभिषेक करने के साथ-साथ गुरु से दीक्षा भी प्राप्त करते हैं इस परंपरा का निर्वहन सोमवार को पांडव कालीन श्री सिद्धनाथ मंदिर में प्रातः काल से ही देखा गया। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों की लंबी कतार देखी गई कतार में शामिल महिला और पुरुष भक्तों ने शिवलिंग पर पहुंचकर जलाभिषेक किया और पूजन अर्चन के बाद कुछ भक्तों ने मंदिर के महंत तथा महामंडलेश्वर रवि गिरी जी महाराज से दीक्षा भी प्राप्त की।



इस मौके पर समाजसेवी राधारमण यज्ञ सैनी अशोक जयसवाल राम किशोर गुप्ता आशीष अग्रवाल संजय जयसवाल अशोक बथवाल तथा ज्ञानी बस पाल समेत भारी तादाद में लोग उपस्थित रहे। श्री सिद्धनाथ मंदिर के अतिरिक्त बहराइच गोंडा मार्ग पर स्थित बड़ी बेरिया तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित छोटी बेरिया समय माता मंदिर के निकट जलाशय के तट पर परंपरागत मेला आयोजित किया गया। इस मेले में जहां विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाई गई वही झूले इत्यादि की भी व्यवस्था रही जहां भारी तादाद में महिला पुरुषों के साथ बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। जिले के अन्य स्थानों पर भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया।

## सरयू नहर में महिला डूबी तेज बहाव के कारण गोताखोर असहाय

जन एक्सप्रेस/मिहींपुरवा, बहराइच। थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज से होकर बहने वाली सरयू नहर में कदम पुलिया के निकट ग्राम पंचायत चफरिया के ओरिपुरवा गांव निवासी महिला नेहा 28 पत्नी प्रदीप माली के डूबने की खबर से अफरा-तफरी का माहौल है। ग्रामीणों की भारी भीड़ नहर के पास एकत्रित है। सूचना पर पहुची थाना सुजौली पुलिस की टीम स्थानीय गोताखोरों की मदद से महिला की तलाश में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक सुजौली ब्रह्मा गौंड ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा महिला के डूबने की सूचना प्राप्त हुई।

### श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अध्यक्ष से विशेष बातचीत

# सद्गुरु से ही होता है जीवन का बेड़ा पार : प्रेम गिरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस। बहराइच

सद्गुरु की कृपा से ही व्यक्ति के जीवन का बेड़ा पार होता है जिस व्यक्ति को जीवन में सतगुरु नहीं मिलता है उसका जीवन दिशाहीन हो जाता है और वह अपने जीवन काल में सत्य का वास्तविक दर्शन नहीं कर पाता है। यह बात श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अध्यक्ष प्रेम गिरी जी महाराज ने एक विशेष बातचीत के दौरान कही। प्रेम गिरी जी महाराज सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री सिद्धनाथ मंदिर में गुरु की महिमा का वर्णन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माता पिता संतान को जन्म जरूर देते हैं लेकिन जीवन में सच्ची राह दिखाने का काम प्रायः गुरु ही करते हैं उन्होंने कहा कि हमारे जितने भी महापुरुष हुए उन को महान बनाने में उनके गुरु का विशेष योगदान रहा है चाहे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के गुरु वशिष्ठ हों या फिर युधिष्ठिर जैसे ज्ञानी और अर्जुन जैसे धनुर्धर के गुरु द्रोणाचार्य रहे हो। संत कबीर दास निधि गुरु रामानंद से जीवन की शिक्षा प्राप्त करने के बाद लिखा गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय बलिहारी गुरु आपणै गोविंद दियो बताए। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा एक ऐसा पर्व है जिसमें लोग अपने गुरु को याद करके उनके प्रति अपनी भावनाओं का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस व्यक्ति को जीवन में सद्गुरु नहीं मिला उसे हर मोड़ पर परेशानियों का सामना करना पड़ा क्योंकि गुरु ही वह शक्ति है जो मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि वैदिक युग में अनेक ऋषि और मुनियों को गुरु के रूप में अपने शिष्यों को सच्चा रास्ता बताते हुए देखा गया है अभी भी धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में गुरु का महत्व किसी भी दृष्टिकोण से कम नहीं हुआ है भविष्य में भी जब तक समाज में गुरुओं का सम्मान होता रहेगा कोई भी समाज कभी दिशाहीन और कर्म हीन नहीं हो सकता है। इस मौके पर गुरु प्रेम जी महाराज के साथ वाराणसी से महेंद्र गिरी जी महाराज भी उपस्थित रहे।



# क्लब ऑफ पीलीभीत को डिस्ट्रिक्ट का सर्वोच्च पुरस्कार विभूषण का मिला सम्मान

**डॉ मनोज गुप्ता, कार्तिक भसीन, देवेश बंसल सतीश जयसवाल एसपीएस संधू हुए सम्मानित**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत







जिला बरेली के नवाना होटल में डिस्ट्रिक्ट3 110 कि अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में लगभग संपूर्ण डिस्ट्रिक्ट के 100 से ज्यादा रोटरी क्लब्स ने भाग लिया। लगभग 500 रोटेरियंस के मध्य डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन पवन अग्रवाल ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच डॉ मनोज गुप्ता को मंच पर बुलाया और उनको क्लब प्रोजेक्ट तथा डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट का सर्वोच्च पुरस्कार विभूषण से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त द्वितीय भूषण पुरस्कार अध्यक्ष मनोज गुप्ता के अलावा पीलीभीत के सचिव कार्तिक भसीन को भी दिया गया। इसके अतिरिक्त भूषण पुरस्कार क्लब रोटरी क्लब पीलीभीत को भी प्रदान किया गया क्लब के सदस्य असिस्टेंट गवर्नर एसपीएस सिंधु को भी विभूषण पुरस्कार दिया गया क्लब के अन्य सदस्य देवेश बंसल को रोटरी पुरस्कार तथा सतीश जायसवाल को टीआरएफ कंट्रीब्यूशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस प्रकार पीलीभीत को तीन विभूषण पुरस्कार, तीन भूषण पुरस्कार तथा एक रोटरी पुरस्कार तथा एक टीआरएफ रोटरी फाउंडेशन कुल मिलाकर आठ पुरस्कार प्राप्त हुए। अत्यधिक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम रात्रि तक चलता रहा और रात्रि भोज के बाद समाप्त हुआ। आज के पुरस्कार समारोह में रोटरी क्लब आफ पीलीभीत को अनेकों पुरस्कारों के लिए क्लब के सदस्यों ने रोटेरियन घनश्याम अग्रवाल, रोटेरियन डॉ अनिल सक्सेना, रोटेरियन एसके अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रोटेरियन राहुल अग्रवाल, पंकज महाटिया रोटेरियन अंशुल अग्रवाल रोटेरियन योगराज ने सत्र 2223 के सभी पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की और उम्मीद जताई इसी तरह रोटरी क्लब नई ऊंचाइयों को छू कर जनता और समाज में अपनी सेवाएं प्रदान करता रहेगा। रोटरी गवर्नर पवन अग्रवाल ने वर्ष पर्यन्त अच्छे कार्यों के लिए क्लबों व पदाधिकारियों की प्रसंशा की तथा सम्मानित किया। डा संधू गत वर्ष भी प्लेटिनम अध्यक्ष चुने गए थे। लगातार दूसरी बार उनको यह सम्मान मिला है। इस पर मुख्य मंडल सचिव राज मेहरोत्रा ने उन्हें बधाई दी। समारोह में डा मनोज गुप्ता, तारा सिंह, मुख्य मंडल सचिव देवेश बंसल, कार्तिक भसीन, दीपाली पुरी, नेहा भसीन, शालिनी गुप्ता, अश्वनी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल अवधेश गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, विश्वनाथ चंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## ज्ञान इंटरनेशनल में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, टनकपुर रोड ,पीलीभीत में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। सभी बच्चों को पॉलीथिन व प्लास्टिक बैग से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। बच्चों ने पेपर बैग तथा जूट बैग का उपयोग करना सीखा। प्लास्टिक हमारे दैनिक जीवन के लिए तथा पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है। बच्चे पेपर बैग,जूट बैग तथा कपड़े के बैग बनाकर विद्यालय लाए। लोगों को भेंट किए तथा आसपास के लोगों को जागरूक किया कि वे पॉलीथिन का प्रयोग पूर्णतया बंद कर दे। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने सभी बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस की बधाई दी ,तथा सभी को संबोधित करते हुए कहा कि 3 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य सभी को प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करके पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने सभी बच्चों को बताया कि अपने आसपास के लोगों, रिश्तेदारों, मित्रों, प्रियजनों को जागरूक करें।



## श्री राम जानकी मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

**हवन और पूर्णाहुति के साथ अखंड पाठ का समापन**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**पूरनपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर पर चल रहे अखण्ड पाठ का समापन किया गया।हवन एवं पूर्णाहुति के के बाद भंडारा हुआ। जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कस्बे के रामलीला मैदान परिसर में श्रीराम जानकी मंदिर के महंत बाबा राघवदास के द्वारा गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में दो जुलाई से अखण्ड पाठ का शुभारंभ कराया गया था। सोमवार को अखण्ड पाठ के पश्चात हवन पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन हो गया। महंत बाबा राघवदास ने भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। महंत बाबा राघवदास ने दूर-दराज से आए हुए सन्त महात्माओं का स्वागत किया। भंडारे में कई जिलों के महात्माओं एवं श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

इस दौरान शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं, बंडा, जितौरिया, लुकटिहाई, बलरामपुर, कसगंजा, अमरैयाकलां, खाता, तकियादीनारपुर, सुखदासपुर, देवीपुर, जमुनिया, न्यूरिया, मल्लपुर आदि कई स्थानों के सन्त महात्मा और श्रद्धालु पहुंचे। धार्मिक में बाबा राघवदास, विधायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, डॉ. विनोद तिवारी, रामनिवास बाजपेई, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, शिवदास, रामपाल, चंद्रप्रकाश, श्रीमन नारायण, रामस्वरूप, चेतन्यदास, मनमोहन दास आदि मौजूद रहे।






## शिक्षकों को दिया जा रहा है रानी लक्ष्मीबाई पालिका आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**जिला प्रशिक्षण अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण का दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन**

बालिकायें आत्मनिर्भर बने, इसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग परिषदीय जूनियर हाईस्कूलों में तैनात शारीरिक शिक्षा के अनुदेशकों एवं व्यायाम शिक्षकों को रानी लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्घाटन जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार वर्मा और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रशिक्षण जिला ग्राम्य विकास संस्थान में आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने प्रतिभागी अनुदेशकों एवं व्यायाम शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि बालिकायें आत्म रक्षा के लिये हुनरमंद हों और शिक्षित भी हो, इसी को लेकर यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की सार्थकता तब ही साबित होगी जब प्रतिभागी प्रशिक्षण लेकर अपने स्कूली बालिकाओं को सिखायें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि 06 दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से शासन से भेजे गये प्रशिक्षकों के माध्यम से आत्मरक्षा के गुर सिखाये जा रहे हैं। शासन का मानना है कि जब बालिकायें आत्म निर्भर बनेगी तब ही विकास सम्भव है। बालिका शिक्षा को लेकर तमाम कल्याणकारी योजनायें विभाग चला रहा है। प्रशिक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने प्रतिभागियों को रूचि के साथ प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिये और कहा कि जब आप दिलचस्पी के साथ प्रशिक्षण लेंगे तब ही स्कूलों में जाकर बालिकाओं को प्रशिक्षण दे सकेंगे। प्रशिक्षण में जिले भर के लगभग 50 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण प्रशिक्षक प्रांजल पाण्डेय एवं शहबाज के द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर जिला समन्वयक बालिका शिक्षा मनीष श्रीवास्तव, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, विभा मिश्रा, व्यायाम शिक्षक के0के0 सिंह, संदीप सिंह नेगी, बीनू गंगवार, कमल कुमार, हरिओम, भानुप्रताप सिंह, कौशल कुमार, भुवनेश कुमार सहित 50 प्रतिभागी मौजूद रहे।

## किसानों को उत्पीड़न से मिलेगी निजात: मंजीत सिंह

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**पूरनपुर चीनीमिल के सीसीओ का सेमीखेड़ा तबादला**

**पूरनपुर।** चीनी मिल के सीसीओ का तबादला दूसरे चीनी मिल को हो गया है। किसान नेता ने कहा कि पिछले पेराई सत्र में किसान सीसीओ की मनमानी से परेशान रहे। उनका शोषण किया गया। सीसीओ को हटाने की पहले से ही मांग की जा रही थी। उम्मीद है कि अब किसानों का शोषण नहीं होगा। पूरनपुर सहकारी चीनी मिल पिछले पेराई सत्र में ही क्षेत्रीय गन्ना अधिकारी अमित कुमार चतुर्वेदी ने कार्यभार ग्रहण किया था। सत्र के दौरान अर्ली और सामान्य गन्ने को लेकर कई बार विवाद हुआ जिसके लिए किसानों ने सीसीओ को जिम्मेदार ठहराया। सामान्य गन्ने की खरीद में आने वाली दुश्वारियों से किसान परेशान रहें। किसान संगठनों ने भी धरना प्रदर्शन कर सीसीओ को हटाने की मांग की थी। सत्र भर वह कई आरोपों से घिरे रहे। अब सीसीओ का तबादला कर दिया गया है। पूरनपुर सहकारी चीनी मिल से सीसीओ अमित कुमार चतुर्वेदी को सेमी खेड़ा चीनी मिल भेजा गया है। इसकी जानकारी लगने पर किसान नेताओं ने राहत की सांस ली। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने सीसीओ के निलंबन की शिकायत सांसद वरुण गांधी से भी की थी। उन्होंने बताया जिसका आदेश भी आया था। विभागीय अधिकारियों ने उस पर कार्यवाही नहीं की। मंजीत सिंह ने कहा कि सीसीओ के तबादले के बाद किसानों को राहत मिलेगी। उम्मीद है अब उनका शोषण नहीं होगा। सीसीओ ने सर्वे से लेकर खरीद तक किसानों का उत्पीड़न किया। चीनी मिल में सामान्य गन्ने को लेकर किसानों का शोषण किया। पिछले पेराई सत्र में किसान सीसीओ के व्यवहार और मनमानी से परेशान रहे। पूरनपुर चीनी मिल से सीसीओ को हटाकर किसानों के हित में कार्य किया गया है। अब किसानों को उत्पीड़न से राहत मिलेगी।

## कलयुग है साहब कलयुगी औलाद है प्रेमी के आगे मां बाप भाई बहन सब बेकार हैं...

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**युवती को घर वापस ले जाने के लिए फूट-फूट कर रोए परिजन**

**प्रेमी के साथ गई युवती को पुलिस ने किया बरामद**

**पूरनपुर।** प्रेमी के साथ गई एक युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया। जानकारी लगते ही उसके परिजन भी कोतवाली पहुंच गए। भाई सहित अन्य परिजन युवती के सामने घंटों रोते गिड़गिड़ाते रहे लेकिन उसने घर वापस लौटने से मना कर दिया। काफी समझाने के बाद युवती के न मानने पर परिजन बैरंग लौट गए।युवती ने बताया कि उसने प्रेमी के साथ मंदिर में शादी कर ली है। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव के रहने वाले युवक की रिश्तेदारी पूरनपुर के गांव अमरैया कलां में है। युवक अपनी रिश्तेदारी में आता जाता था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाली एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। चार दिन पहले युवक प्रेमिका को लेकर फुर्र हो गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और युवती की खोजबीन में जुट गई। सोमवार को पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया और कोतवाली लाई। जानकारी लगते ही युवती के भाई बहन और बहनोई सहित अन्य परिजन कोतवाली पहुंच गए। विवाहित महिला के भेष में बैठी युवती को देखकर उसकी बहन और घर के अन्य महिलाएं रोने बिलखने लगे। यही नहीं परिजनों ने रिश्तो की दुहाई देते हुए युवती से घर वापस लौट चलने को कहा। युवती ने परिजनों की एक न सुनी और युवक के साथ रहने की जिद पर ही अड़ी रही। घंटों मान मनौव्वल चलता रहा लेकिन युवती का दिल नहीं पसीजा। परिजन युवती के सामने फूट-फूटकर रोते रहे। युवती के न मानने पर पुलिस ने उसके परिजनों को घर वापस भेज दिया। बरामद की गई युवती के कोर्ट में बयान कराने के बाद पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।

## श्रावण मास में शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा का संकल्प

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।

**यमुनानगर।** श्रावण मास में लालापुर स्थित प्राचीन मनकामेश्वर, अमिलिया स्थित चमत्कारी मसूरिया माई, भीटा स्थित पौराणिक महत्व वाले सुजावन देव मंदिरों में पवित्र गंगाजल से अभिषेक करने वाले कांवड़ियों की सेवा का संकल्प स्वयंसेवकों ने लिया है। इसके साथ ही इन सब पूजा अर्चना स्थलों पर पूरे श्रावण मास हलुआ और शरबत वितरण भी शिव भक्त कांवड़ियों के बीच किया जाएगा। भूले भटके शिव भक्तों को रास्ता दिखाने का काम भी स्वयंसेवक करेंगे। पुलिस प्रशासन के भी सहयोग के लिए वालेंटियर्स तत्पर रहेंगे। चार जुलाई से 31 अगस्त यानी 59 दिनों तक श्रावण मास की धूम रहेगी।

## महेश योगी ने ब्राह्मणों को वेद पाठ की शिक्षा देकर देश का नाम विश्व में रोशन किया: महापौर

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज



**यमुनानगर।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर अरैल स्थित महर्षि महेश योगी आश्रम के वैदिक पंडितों ने गुरु पूजन किया। महापौर गणेश केसरवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि महर्षि ने सनातन धर्म की रक्षा एवं वेद पाठ की ब्राह्मणों को शिक्षा देकर हिंदुस्तान का नाम पूरे विश्व में रोशन किया। महर्षि ने पूरे विश्व में सनातन धर्म का प्रचार करते हुए मनुष्य के जीवन को सफल बनाने का भी सरल उपाय बताया। भारत देश में जन्मे ऋषि मुनियों ने भारत की संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनमें महर्षि महेश योगी का नाम भी शामिल है।आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव ने महापौर का स्वागत किया। सर्वप्रथम गुरु पूजन परम्परा को पूरा करने के बाद मुख्य अतिथि गणेश केसरवानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर धर्मेंद्र श्रीवास्तव, आचार्य मुखिया, आचार्य ऋषि त्रिवेदी, विनय मिश्रा, जितेंद्र दास, काशी प्रांत के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा पतविंदर सिंह, पार्षद मयंक यादव, संजय श्रीवास्तव, बबलू पांडेय, दीपक पांडेय, कार्तिकेय पुरी, शिवशंकर गर्ग, आचार्य जयप्रकाश तिवारी, हेरंब कौशिक सहित सैकड़ों की संख्या में वैदिक विद्वान एवं कर्मचारी मौजूद रहे।




## विमेन अचीवमेंट अवॉर्ड नैनी की श्वेता, नीतू समेत 40 महिलाओं को मिला

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

**यमुनानगर।** पूनम संत महिला एवं विकास समिति की तरफ से दिए जाने वाले नेशनल विमेन अचीवमेंट अवॉर्ड 2023 का पुरस्कार समारोह सिविल लाइंस के एक होटल में आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभावान महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रयागराज एवं आसपास के जिलों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं के साथ ही इस अवार्ड को हासिल कर यमुनापार नैनी की दो महिलाओं ने संगम नगरी का मान बढ़ाया। प्रसार भारती के पंचायत घर में पहली महिला कंपेयर के रूप में पहचान बनाने वाली इलाहाबाद विश्वविद्यालय की मास कॉम की पूर्व छात्रा श्वेता श्रीवास्तव को पत्रकारिता के क्षेत्र तथा शास्त्रीय संगीत क्षेत्र में गायन विधा में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रीमती नीतू तिवारी राय को यह सम्मान मिला। अयोध्या श्रीराम मंदिर की प्रथम शिला रखने वाले पूज्य संत कामेश्वर चौपाल ने पूनम संत तथा रंजना गुलाटी के हाथों यह सम्मान इन दोनों महिलाओं को मिला। इस राष्ट्रीय पुरस्कार को हासिल करने वालों में पद्मश्री डॉ सरोज धींगरा, पद्मश्री डॉ राज बवेजा, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, डॉक्टर रंजना गुलाटी, डॉक्टर सविता अग्रवाल, डॉ ईशान्या राज, नीलम प्रसाद, श्वेता साहू, एकता भारतीय, एंकर नूपुर कपूर, डॉ रश्मि सिंह, डॉ कविता न्यायमूर्ति पूनम श्रीवास्तव सहित प्रशासनिक सामाजिक साहित्य कला विज्ञान एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली 40 महिलाएं शामिल हैं।

## प्रयागराज में गुरु पूर्णिमा: संगम समेत गंगा घाटों पर आस्था की डुबकी

**मठ-मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चन के बीच पूजे गए गुरुजन स्कूल-कॉलेजों में भी हुआ सम्मान**

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज



**बाघंबरी गद्दी पर विशेष पूजा अर्चना**

गुरु पूर्णिमा में श्रीमठ बाघंबरी गद्दी में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर नरेंद्र गिरि को भी उनके शिष्यों ने याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री महंत 108 बलवीर गिरि जी महाराज की भी गुरु पूर्णिमा के दिन शिष्यों ने पूजा-अर्चना की। गुरु से हजारों संतों और अनुयायियों ने अल्लापुर मठ पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान वैदिक मंत्रों के बीच संत-महात्माओं ने विशेष पूजा--अर्चना की। महंत नरेंद्र गिरि के समाधि स्थल पर श्रद्धा के फूल चढ़ाकर विशेष पूजा की गई। श्री बाघंबरी गद्दी मठ को सजाया-संवारा गया था। विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं में भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को विशेष आयोजन किए गए। अपने गुरुओं से लोगों ने आशीर्वाद लिए।

**यमुनानगर।** कुंभ नगरी प्रयागराज में सोमवार को गुरु पूर्णिमा पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। संगम क्षेत्र एवं अन्य गंगा घाटों पर भी सुबह से स्नान-दान का सिलसिला चलता रहा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मठ-मंदिरों की फूलों व झालरों से भव्य सजावट की गई थी।

### त्रिवेणी में स्नान पूजा व दान का विशेष महत्व

गुरु पूर्णिमा के दिन त्रिवेणी में स्नान के बाद दान का विशेष महत्व है। इसलिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान के लिए जुटे। त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद यहां के मठ मंदिरों में दर्शन-पूजन कर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। एसीपी दारागंज चिराग जैन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के मौके पर संगम स्नान को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। स्नान घाटों पर डीप वाटर बैरिकेडिंग की गई है। पिछले दिनों लोगों के डूबने की घटनाओं को देखते हुए जल पुलिस के साथ ही विशेष प्रशिक्षित गोताखोरों को भी घाटों पर तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं को स्नान के समय गहरे पानी से रोकने के लिए अलग-अलग जल पुलिस की टीमें घाटों पर तैनात रही।

## काव्य गोष्ठी में गुरु की महिमा का हुआ बखान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



**पूरनपुर।** गुरु पूर्णिमा को लेकर काव्य गोष्ठी हुई। इस दौरान कवियों ने गुरु की महत्ता बताते हुए काव्य पाठ किया। इस अवसर पर देवनागरी उत्थान परिषद के अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। देर रात तक काव्य दीप जलता रहा।

कस्बे की अशोक कालोनी के शिव शक्ति धाम मंदिर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देवनागरी उत्थान परिषद की काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता पंडित राम अवतार शर्मा और संचालन डॉक्टर नीरंजना शर्मा ने किया। काव्य पाठ करते हुए प.राम अवतार शर्मा ठुद्द मुक्तक पढा जिनकी कृपा मात्र से सुलभ सदा सुरधाम है, परम ब्रह्म का बोध कराना जिनका गुरुतर काम है। बिन गुरु नहीं मिला कभी ज्ञान का लेश भी, वंदनीय उन पद पदमों में मेरा कोटि प्रणाम है। उन्होंने एक दूसरा पृथ्वीपुर की महिमा पड़ा वरिष्ठ कवि आलोक मिश्र ने काव्य पाठ करते हुए गुरु की महिमा बखान की। देव शर्मा विचित्र, अमिताभ मिश्र, नीरंजना शर्मा, पं.अनिल शास्त्री व सतीश मिश्र अचूक ने भी काव्य पाठ किया। समापन पर कार्यक्रम अध्यक्ष व अधिकांश कवियों के काव्यगुरु पंडित राम अवतार शर्मा को अंग वस्त्र भेंट करके व तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई। यहां हर्षित मिश्र, शिवा पांडेय सहित आदि मौजूद रहे।

## खबर का हुआ असर काशीराज काली मंदिर में पहुंची अतिक्रमण की टीम

जन एक्सप्रेस। वाराणसी



वाराणसी के गोदौलिया स्थित काशी धाम जाने वाले मार्ग पर ही काफी प्राचीन काशीराज काली मंदिर है जो जिसका नक्काशी बड़ा बेजोड़ है जिसे देखते ही बनता है कुछ लोगों ने मंदिर गेट द्वार से लेकर मंदिर अंदर तक मंदिर के सीढ़ी के रास्ते पर गाय बांध मंदिर जाने वाले मार्ग पर बैटरी के बाहर खड़ा कर और मंदिर की रास्ता की चौड़ाई कम अतिक्रमण कर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया जिसकी जानकारी नगर निगम जोनल अधिकारी संजय श्रीवास्तव को मिली जिसकी सूचना पर जोनल अधिकारी संजय श्रीवास्तव अपने टीम व दशा सुमेर पुलिस टीम के साथ मंदिर द्वार से लेकर मंदिर के अंदर तक अतिक्रमण किए गए लोगों कहां रास्ते से विक्रमण को हटवाया वह मंदिर परिसर के अंदर गाय बांध रहे लोगों को भी लताड़ा और अवगत कराया कि जल्द से जल्द अपनी गाय वहां से हटा लेने को कहा और साथ ही कुछ लोग मंदिर जाने वाले मार्ग को रास्ते को घेर रखा उस रास्ते को भी खाली करने को कहा और यह भी अवगत कराया कि मंदिर का रास्ता और द्वार पर कोई अतिक्रमण और रास्ता नहीं भेज सकता है नहीं तो इसके बाद बड़ी कार्रवाई होगी लताड़ा वह हिदायत दिया

# गुरू पूर्णिमा पर स्नान कर श्रद्धालुओं ने मां गंगा से मांगी सुख और समृद्धि

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव



सोमवार की सुबह से ही गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे। इससे पुलिस की ओर से लगाई गई व्यवस्था पूरी तरह से धड़ाम हो गई। शुक्लागंज के घाट पर हर-हर गंगे के जयघोस से गूंजते रहे। स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां गंगा का पूजन अर्चन किया। श्रद्धालुओं ने पुष्प, दूध, दही, शहद और नैवेद्य समर्पित कर सुख और समृद्धि की कामना की। स्नान के दौरान मिश्रा कालोनी घाट, गंगा विष्णुघाट, शिव बाबाघाट, पक्काघाट, कच्चा घाट, पुल के नीचे के घाट, बालूघाट, आनन्द घाट और जाजमऊ के चंदन आदि घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर और गुरु के आश्रम में जाकर दर्शन-पूजन किया। श्रद्धालुओं ने फल वितरित कर गुर पूर्णिमा का त्योहार धूमधाम से मनाया। आचार्यों ने बताया कि गुरू पूर्णिमा स्नान का विशेष महत्व होता है। इस दिन गंगा स्नान करने वाले भक्तों के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्हें सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। पूर्णमासी स्नान के बाद लोगों ने खरीदारी की। इसके बाद चाट आदि की दुकानों में घूम-घूमकर खाने का लुत्फ उठाया। चिमटी, बिंदी की दुकानों में महिलाओं व युवतियों ने एक से एक आइटम खरीदे। इस दौरान दुकानदारों ने खुश नजर आए। गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए गोताखोरों की तैनाती पहले से ही की गई थी। जो कि लगातार घाटों पर सतर्क बने रहे इसके साथ ही इसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए घाटों के अलावा गंगा के तटों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई।

## जिला मलेरिया अधिकारी ने संचारी रोगों से बचाव के संबंध में की जा रही कार्यवाहियों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों तथा नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट उन्नाव द्वारा संचारी रोगों से बचाव के सम्बंध की जा रही कार्यवाहियों का निरीक्षण जिला मलेरिया अधिकारी उन्नाव रमेश चन्द्र यादव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज उन्नाव के ग्राम पंचायत सुंदरपुर में किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ कार्यक्रम में सहयोग कर रहे अन्य सहयोगी विभागों यथा पंचायती राज/ग्राम्य विकास, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई, उद्यान एवं सूचना विभाग द्वारा समन्वित रूप से संपादित कराई जा रही कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आशा उर्मिला देवी, सीएचओ रेनू शाक्य, कृषि रक्षा प्रभारी साहबलाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।



## फास्ट फॉरवर्ड

### वृद्धा की करंट की चपेट में आकर मौत



जन एक्सप्रेस/पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बंरभींखेड़ा मजरे मिर्रीकलां निवासी गंगादीन के अनुसार सोमवार की सुबह उसका भाई बहादुर गंगा नहाने कहकर गया था। जिसके बाद पीड़ित की पत्नी गंगोत्री 55 भाई के घर की सफाई करने गयी थी। भाई के घर में लगे हैण्ड पाईप में मोटर बंधी है। जिसमें पानी लेते समय उतरे करंट की चपेट में आने से उसकी पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के समय पीड़ित पति अपने घर में था। करीब एक घंटे बाद उसका 5 वर्षीय नाती समीर अपनी दादी को बुलाने भाई के घर गया।जहां जमीन पर पड़ी थी। दादी के आवाज देने से न बोलने पर उसने घर आकर उसे बताया।उसने जाकर पत्नी को उठाना चाहा तो उसे भी करंट का झटका लगा।किसी तरह पत्नी को ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लाए।जहां चिकित्सकों के मृत घोषित करते ही बहू प्रीती, नाती समीर 4 व पुत्र चंद्रशेखर आदि परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पंचायतनामा बाद विच्छेदन गृह भेजा है।

### पेड़ में फांसी लगाकर दे दी जान



जन एक्सप्रेस/पुरवा, उन्नाव। सोमवार की सुबह कोतवाली के गांव बनिगांव में अपने ही खेत में खड़े नीम के पेंड़ में फांसी लगाने से मनोज 45 पुत्र राम प्रसाद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी।घटना की जानकारी होते ही पत्नी सविता, पुत्र संजय 22, बेटी रेशमी 19 व प्रियांशी 15 आदि परिजनों में कोहराम मचा है। घटना की बाबत मृतक मनोज के पिता राम प्रसाद पुत्र रामौतार ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि बीती रात 10 बजे अपने बीमार पिता को देखने लखनऊ से घर आया था। जहां उसकी पत्नी सविता, पुत्र मनोज व गुड्डू ने एक राय होकर उसे मारा पीटा और उसके खेत में खड़े के नीम के पेड़ में उसे लटका दिया। जबकि पत्नी सविता ने आरोपों को निराधार बताया है। पिता की सूचना बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पंचायत नामा बाद शव को विच्छेदन गृह भेजा है।

### बिजली विभाग की लापरवाही से नाराज जनता का प्रदर्शन

शुक्लागंज, उन्नाव। इंद्रा नगर में चार माह से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। क्षेत्र में वर्षों पुराने बिजली के तार पड़े हुये हैं। जगह-जगह से टूटने के कारण जोड़ दिये गये हैं। जिससे खतरा बना रहता है। आये दिन टूट कर गिर रहे हैं। जिससे चार महीने से पूरी-पूरी रात बिजली गायब रहती है। जिससे गुस्साएं क्षेत्र के प्रदीप सक्सेना शिवराम, भोला वर्मा, लक्की आग्रहरि, विकास, अक्षय लाल, सोनू, सागर, राजू, राजेश, हार्षित, सुनील, विमला देवी, माधुरी देवी, कल्पना देवी, रीना देवी, आरती देवी आदि उपभोक्ता सब स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने सब स्टेशन का घेराव करते हुये प्रदर्शन कर नारेबाजी की। काफी देर तक क्षेत्रीय लोग प्रदर्शन करते रहे। जिसके बाद एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने गुस्साएं लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया और जल्द ही क्षेत्र में नये तार डलवाने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद लोग शांत हुये।

### ट्रेन की चपेट में आई महिला, मौत

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। छमकनाली 108 पुलिया के पास अप लाइन पर पोल संख्या 64/11 के पास एक 32 वर्षीय अज्ञात महिला ट्रैक पार कर रही थी। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार सुबह आस पास के लोगों ने शव पड़े होने की जानकारी रेलवे स्टेशन मास्टर को दी। एसएस ने गंगाघाट कोतवाली को मेमो भिजवाया। सूचना पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जहां शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पहचान न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। वहीं पुलिस ने बताया कि महिला विक्षिप्त लग रही है। फिलहाल शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। मृतका ने नारंगी रंग की टीशर्ट और काली लोवर पहन रखी थी।

# शादी का झांसा देकर परिजनों के सहयोग से युवती से कई दिनों तक दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

## युवक ने युवती के बनाए थे अश्लील वीडियो, वायरल करने की दे रहा था धमकी

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी चौकी अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़ित युवती ने पुलिस को उसके साथ हुई दुष्कर्म की दास्तान बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी जिस पर थाना पुलिस ने कई दिन बीत जाने के बाद भी मुकदमा पंजीकृत नहीं किया और पीड़ित युवती न्याय के लिए भटकती रही। वही उच्चाधिकारियों के आदेश पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

युवती ने शिकायती पत्र में बताया कि युवक गौरव पाल उसके के साथ शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक शारीरिक शोषण करता रहा।शादी का दबाव बनाने पर पांच जून को गौरव शहर के आशा देवी मंदिर पर ले गया और हिंदू रीति रिवाज के साथ उसके साथ शादी की। शादी के उपरांत घर ले चलने के लिए जब कहा तो गौरव ने अपने परिजनों से बात करवाई परिजनों ने कहा कि रिश्तेदारों से बात कर तुम्हें जल्दी घर बुला लिया जाएगा जिसके उपरांत वह उसे कानपुर के स्वरूप नगर स्थित किसी होटल में ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए तथा इसी दौरान उसने मोबाइल से कुछ अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। कई महीनों तक घर ले जाने के लिए झांसा देता रहा और शारीरिक शोषण करता रहा युवती के बार-बार घर जाने की बात कहने पर युवक ने घर ले जाने से मना कर दिया और कहा कि यदि पुलिस से शिकायत की तो तुझे जान से मार दूंगा तुम्हारी अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दूंगा पीड़ित युवती कई महीनों से पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग कर रही थी परंतु स्थानीय दबाव के चलते पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना बिल्हौर में गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर युवक समेत तीन परिजनों पर धारा 376, 420, 120B, 316 में अभियोग दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# नाबालिग संग मारपीट करने वालों पर नहीं हुआ मुकदमा





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

लगातार सोशल मीडिया पर नगर के थाना बेकनगंज क्षेत्र स्थित अध्धा पहलवान के अखाड़े के पास लगभग आधा दर्जन दबंग युवकों द्वारा एक अकेले नाबालिक को मारे पीटे जाने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। घटना का समय बीते दिन रविवार की रात्रि लगभग 9:30 से 10:00 के आसपास का बताया जा रहा है। जिस नाबालिक को पीटा जा रहा है उसका नाम साहिबे नूर पुत्र इनायतुल्लाह है। पीड़ित के पिता ने जानकारी देते हुए बताया है कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी अभी तक उनका मुकदमा दर्ज नहीं किया गया और आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया जबकि आरोपियों ने उनके नाबालिग पुत्र को इतना मारा था कि वह अधमरा हो कर लहूलुहान हो गया था।

## गंगा बैराज बोट क्लब ने 15 अक्टूबर तक वोटिंग पर लगाई रोक

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

गंगा बैराज स्थित बोट क्लब में अगले 15 अक्टूबर तक बोटिंग पर रोक लगाई गई है ये फैसला गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर लिया गया है। आपको बतादे कि बरसात के दिनों में गंगा समेत अन्य नदियों के जल स्तर में तेजी से बढ़ोतरी होती है। जिसको लेकर सिंचाई विभाग द्वारा गंगा में मछलियों के शिकार और बोटिंग पर रोक लगा दी जाती है। ये रोक 15 जून से 15 अक्टूबर तक लगाई जाती है। सिंचाई विभाग द्वारा बोटिंग बन्द करने के लिए बोट क्लब को नोटिस दिया गया था बावजूद इसके यहां पर बोटिंग कराई जा रही थी। वही मामला संज्ञान में आने के बाद आज जिला प्रशासन ने बोट क्लब में बोटिंग पर रोक लगा दी है। ये रोक अगले 15 अक्टूबर तक जारी रहेगी। बोट क्लब संचालन समिति के नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि अगले 15 अक्टूबर तक बोट क्लब में बोटिंग पर रोक लगाई गई है हालांकि बोट क्लब खुला रहेगा और लोग यहां पर घूमने के लिए आ सकेंगे।

# बिधनू थाना क्षेत्र के चकरोड पर मिली प्रधान पति की लाश

## हत्यारे की तलाश में लगी पुलिस टीमें

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सोमवार को बिधनू थाना क्षेत्र के गोरसा बकौली गांव मे समय हड़कंप मच गया जब प्रधान पति का शव चकरोड पर पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन पहुंचे और फिर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम के साथ-साथ डॉग स्क्वायड भी पहुंचा और साक्ष्य जुटाने में जुट गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिधनू विकासखंड के गोरसा बकौली गांव प्रधान सरोज पांडे के अनुसार उनके पति श्री राम पाण्डेय रविवार देर शाम घर से अपनी मोटरसाईकिल से सब्जी लेने जाने के लिए बाजार गए हुए थे। वही देर रात घर वापस न लौटने पर उन्होंने फ़ोन पर संपर्क करने की कोशिश की,लेकिन संपर्क नहीं हो सका। सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि बकौली गांव के चकरोड पर अज्ञात उनके पति का शव पड़ा है। लोगों का मानना है कि हमलावरो ने प्रधान पति श्री राम पाण्डेय पर धारदार हथियार से कई वार कर दिए, जिससे प्रधान पति की मौक़े पर मौत हो गई। और जिसके बाद अज्ञात हमलावर मौक़े से भाग निकले होंगे। एसीपी घाटमपुर दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया की घटना की जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मोनू पंडा घाट पर नहा रहा युवक डूबा, मौत



शुक्लागंज, उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के सिंदुरहा गांव निवासी राममिलन का 22 वर्षीय बेटा राहुल सोमवार सुबह मोनू पंडा घाट पर गंगा नहा रहा था, इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया। यह देख तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर तट पर मौजूद गोताखोर दौड़े और गंगा में छलांग लगाई। काफी देर ढूंढने के बाद उसे बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। युवक के डूबने की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। जिस पर एम्बुलेंस मंगाई गई। देर से एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। जिसके बाद उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर उसके परिवार में कोहराम मच गया। वहीं युवक के डूबने की सूचना पर एसडीएम अंकित शुक्ला, सीओ आशुतोष कुमार, इंस्पेक्टर चंद्रकांत सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

# हिन्दू जागरण मंच ने इंडारगो फैक्ट्री पर आतंकियों को शरण देने का लगाया आरोप, प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




बीते दिन सोमवार को हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने इंडारगो फ़ैक्टरी में आतंकियों को शरण देने के मामले में विरोध जताते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

मीडिया से बातचीत में विमल द्विवेदी ने कहा वो लगातार बिना सत्यापन कर्मचारी रखने का विरोध करते आ रहे है साथ बाहरी कर्मचारियों को रखने पर भी वो पूर्व में विरोध जता चुके हैं।

विमल द्विवेदी ने कहा योगी जी से उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि उन्नाव दही चौकी स्थित पशु वध हेतु लाइसेंस प्राप्त फैक्टरी इंडारगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए, क्योंकि 2 आतंकी इनके यहाँ बाकायदा नौकरी कर रहे थे जिससे स्पष्ट है फ़ैक्टरी प्रबन्धन इन्हें शरण व रोजगार देने का दोषी है।जोकि एक गंभीर विषय हैं,उन्नाव में पहले भी सिंगरोसी गांव से एक आतंकी पकड़ा जा चुका हैं।

सूत्रों के अनुसार जिले में निर्जन स्थानों पर गोवध कर बोलेरो जैसी गाड़ियों से प्रदेश या बाहर होटलों में गौमांस सप्लाई करने वाले गिरोह का भी संरक्षक यही मांस व्यापार से जुड़े प्रभावशाली लोग रहे हैं। अतः अब इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सरकार को आतंकियों के पनाहगार बन चुके उन्नाव दही चौकी स्थित इंडारगो सहित अन्य स्लॉटर हाउसों पर कड़ी कार्यवाही की जाए व कार्यरत सभी(नियमित/संविदा) कर्मियों का पुलिस सत्यापन करवाया जाए।

इस मौके पर मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, विष्णु गुप्ता, मनीष अवस्थी, सुरेश सिंह राघवेंद्र पांडे , बालेंद्र तिवारी, सुनील भदोरिया, योगेंद्र तिवारी, आरके मिश्रा, परिमल, आलोक शुक्ला, मनीष मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, अमित शुक्ला, रजत द्विवेदी, गौरव बाजपेई, शिवम, अधिवक्ता विनय सिंह, विवेक शुक्ला, सुनील शुक्ला सहित आधा सैकड़ा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रामादेवी चौराहे से अवैध अतिक्रमणकर्ता को हटाने के पुलिस के निर्देश




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सोमवार को मण्डलायुक्त लोकेश एम. ने शाम के समय कई जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों के साथ रामादेवी चौराहे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि पुलिस विभाग के सहयोग से रामादेवी चौराहे से सभी अवैध अतिक्रमणकर्ता को हटाया जाये और पुनः अतिक्रमण न होने दिया जाए। मुख्य अभियंता केस्कों से कहा कि पुलिस विभाग/यातायात निरीक्षक के सहयोग से रामादेवी चौराहे की चारो दिशाओं पर किस चौड़ाई की स्लिप रोड विकसित की जानी है, उसके हिसाब से मार्ग पर पड़ रहे खम्भों को 20 जुलाई तक शिफ्ट कराकर उन्हें चालू कराया जाये। एन.एच.ए.आई. के लिए बोले कि लखनऊ से इटावा की ओर जाने वाले ड्रेनेज जो सक्रिय नहीं है और बेकार पड़ा हुआ है, को तोड़ कर विकसित करने की औपचारिक अनुमति नगर निगम पूरी करे।इसी मार्ग पर आगे फ्लाई ओवर के नीचे कुछ फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर उसमें अपना सामान रखा हुआ है। इसे त्वरित रूप से हटवाते हुए यहां प्लाण्टेशन कराया जाये और व इसके चारो ओर के मार्ग को तत्काल रूप से ब्लैक टॉप कराने के साथ ही चौराहे पर लखनऊ से इटावा की ओर एक सर्विस रोड की अत्यन्त आवश्यकता है, इसके लिए एन0एच0ए0आई0 द्वारा प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है। आयुक्त ने इसे जल्द से जल्द शुरू कराने को कहा है।

# किसानों को बिक्री को आए धान बीज का बाजार में विक्रय

जन एक्सप्रेस । रामचंद्र



**बिछिया/उन्नाव।** राजकीय बीज भंडार बिछिया के गोदाम प्रभारी के द्वारा शासन से किसानों को बिक्री को आए धान बीज का बिक्री ना होकर बाजार में बेचा जा रहा है। क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि राजकीय बीज भंडार बिछिया के गोदाम प्रभारी की मनमानी के चलते शासन से किसानों को बिक्री के आए बीज का किसानों में वितरण न कर गोदाम प्रभारी बीज को बाजार में बेचकर अपनी जेब भर रहे हैं।

क्षेत्रीय कृषकों ने बताया राजकीय बीज भंडार प्रभारी बिछिया के लापरवाह रवैए के कारण क्षेत्र में प्रचार प्रसार नहीं हो पाता जिससे सरकार की किसान हित योजनाओं की जानकारी किसानों तक नहीं पहुंच पाती जिससे पात्र किसान सरकारी लाभ से वंचित रह जाते हैं। इससे पूर्व अनुदान पर आए ढैंचा बीज को गोदाम प्रभारी ने बाजार में बेच दिया कुछ चहेते किसानों के नाम ढैंचा बीज की बिक्री दर्शाई गई है यदि गोदाम से अनुदान पर आए बीज की जांच की जाए तो खेतों में बुवाई का सत्यापन किया जाए तो बीज भंडार ने जिस किसान का नाम अनुदान देना दर्शाया है उसके खेत में वोई हुई फसल नहीं पाई जाएगी।

कृषको ने यह भी बताया गोदाम प्रभारी गोदाम से नदारद रहते हैं। कभी कभार ही गोदाम पर आकर बैठते हैं उनके स्थान पर उनके प्राइवेट कर्मचारी अपने कार्यों को अंजाम देते हैं। इससे क्षेत्रीय किसान शासन से बीज पर आए अनुदान समेत फ्री में वितरण को आए बीज का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। वहीं विभागीय सूत्रों की मानें तो इस बार 56 कुन्तल धान बीज का आवन्टन हुआ था। जिसके बिक्री की जिम्मेदारी केन्द्र में कार्यरत फील्ड कर्मचारियों की होती है। जिसमें से लगभग 10 कुन्तल बीज ही बिक्री हुआ । शेष बीज बिक्री न होने की स्थिति में इसकी भरपाई फील्ड कर्मचारी करते हैं। इसलिए शेष बचे हुए बीज को बाजार में बेंचकर इसकी भरपाई करते हैं।

# रुक-रुक कर हो रही बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ा

## सिंचाई विभाग ने खोलें गंगा बैराज के 8 गेट

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश के बाद गंगा का जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गंगा बैराज में जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है। जिसके बाद बैराज के 8 गेट खोले गए हैं। आपको बताते चलें कि कई दिनों से लगातार रुक रुक कर बारिश हो रही है। जिससे गंगा के जलस्तर में भी बढ़ोतरी होना शुरू हो गई है। खासकर कानपुर के गंगा बैराज में लगे पैमाने पर भी बीते दिन सोमवार को गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी देखने को मिली। नरौरा से 12 हजार 22 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया है जबकि हरिद्वार से 46 हजार 287 क्यूसेक पानी छोड़ा गया । जिसके बाद गंगा बैराज के 8 गेट खोले गए और 20 हजार 620 क्यूसेक पानी शुक्ला गंज की ओर डिस्चार्ज किया गया। हालांकि तब भी गंगा बैराज में गंगा का जलस्तर 113 मीटर रिकॉर्ड किया गया है। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारी गंगा बैराज के जलस्तर पर नजर बनाए हुए है। गंगा बैराज के गेजर उत्तम पाल ने बताया कि हरिद्वार से 46 हजार 287 क्यूसेक और नरौरा से 12 हजार 22 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जबकि गंगा बैराज से 20620 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है।

# आज से शिव आस्था और भक्ति का पवित्र श्रावण मास शुरू

## 8 सोमवार के साथ 2 माह चलेगा सावन

जन एक्सप्रेस। विशेष

आज (4 जुलाई 2023) से शिवजी की आराधना का महापर्व शुरू हो रहा है। इस वर्ष सावन 58 दिनों का होगा यानी शिवजी की पूजा-पाठ और भक्ति के लिए सावन का महीना दो माह का होगा। 4 जुलाई से सावन का पवित्र महीना शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 18 जुलाई से 16 अगस्त तक अधिक मास रहेगा। इसी कारण से इस वर्ष सावन का महीना 2 महीने का होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवशयनी एकादशी से लेकर देवउठनी एकादशी तक भगवान विष्णु योगनिद्रा में होते हैं। ऐसे में सृष्टि का संचालन भगवान शिव के हाथों में रहता है। अधिकमास के चलते इस बार चातुर्मास चार के बजाय पांच महीनों का होगा। सावन का महीना भगवान शिव को बहुत ही प्रिय होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार सावन का महीना पांचवां महीना होता है।

### सावन 2023 तिथि और शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार सावन महीने की शुरूआत हर वर्ष श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस वर्ष श्रावण प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 03 जुलाई की शाम को 05 बजकर 9 मिनट से होगी और समापन 04 जुलाई को दोपहर 1 बजकर 39 मिनट पर होगा। उदया तिथि के आधार पर सावन महीने की शुरुआत 4 जुलाई से होगी। 4 जुलाई को सुबह 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा ऐसे में इस समय शिवजी की पूजा करना फलदायी रहेगा। इसके अलावा सावन महीने की शुरूआत बहुत ही शुभ योग एन्द्र योग में होने जा रही है। इस योग में पूजा-पाठ करने पर बहुत ही शुभफलदायी होता है।

### सावन सोमवार व्रत का महत्व

इस बार सावन का महीना 58 दिनों तक चलेगा। जिसके कारण से सावन के महीने में कुल 8 सोमवार व्रत रखे जाएंगे। सावन का महीना शिवजी की आराधना के लिए सर्वश्रेष्ठ महीना माना जाता है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव जल्द प्रसन्न होकर सभी तरह की मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। श्रावण के महीने में तो हर दिन शिवजी और माता पार्वती की पूजा होती है, लेकिन सावन सोमवार का व्रत बहुत ही खास रहता है। शास्त्रों में सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस कारण से सावन सोमवार का महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने ही मां पार्वती ने भगवान शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था। मां पार्वती की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। इस तरह से मां पार्वती का विवाह भगवान शिव के साथ हुआ। ऐसे में सावन का महीना भगवान शिव और माता पार्वती दोनों का प्रिय महीना था। इस कारण से सावन के महीने में पड़ने वाले हर सोमवार का काफी महत्व होता है। सावन का महीना और इसमें पड़ने वाले सोमवार व्रत का सुहागिन महिलाओं और कुंवारी कन्याओं के लिए बहुत ही खास होता है। सावन सोमवार के दिन विवाहित महिलाएं दिनभर व्रत रखते हुए शिवजी और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करते हुए पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। वहीं दूसरी तरफ सावन सोमवार का व्रत कुंवारी कन्याएं शिवजी की पूजा करते हुए अपने लिए सुयोग्य वर की कामना करती हैं।



### सावन माह की प्रमुख तिथियां

- इस साल अधिकमास के कारण सावन का महीना 58 दिनों तक चलेगा। सावन महीने की शुरुआत के साथ ही कई व्रत-त्योहार भी आरंभ हो जाते हैं। 4 जुलाई से सावन का महीना शुरू होकर 31 अगस्त तक रहेगा। इस दौरान कई त्योहार मनाए जाएंगे।
- 6 जुलाई को संकष्टी चतुर्थी, 13 जुलाई को कामिका एकादशी, 15 जुलाई को मासिक शिवरात्रि, 17 जुलाई को श्रावण माह की अमावस्या, 19 अगस्त को हरियाली तीज, 21 अगस्त नाग पंचमी, 30 अगस्त को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाएगा।

### सावन महीने का महत्व

- हिंदू कैलेंडर के अनुसार सावन का महीना पांचवां महीना होता है। आषाढ़ खत्म होते ही श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से सावन का पवित्र महीना शुरू हो जाता है। इस माह को श्रावण के नाम से भी जाना जाता है। श्रावण का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना होता है।
- भोले भंडारी को सावन का महीना प्रिय होने के पीछे एक कथा है, दरअसल सावन के महीने ही मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था जिससे भगवान शिव प्रसन्न होकर मां पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था।
- सावन के महीने में शिवलिंग का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है। पूरे सावन महीने के दौरान हर दिन शिवजी की पूजा-उपासना करने पर सभी तरह की मनोकामना जल्दी पूरी होती हैं। सावन के महीने में सोमवार व्रत, मासिक शिवरात्रि और कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व होता है।

### सावन में कैसे करें शिव आराधना?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भोलेभंडारी की पूजा-उपासना और मंत्रोचार करने पर शिवजी जल्दी प्रसन्न होते हैं। सावन के महीने में सुबह जल्दी उठकर स्नान करके साफ-सुथरे कपड़े धारण करें। इसके बाद अपने घर के पास स्थित शिव मंदिर जाकर भगवान शिव का गंगाजल, शुद्ध जल, दूध, दही, शहद और गन्ने के रस से अभिषेक करें। भोलेनाथ का अभिषेक करते हुए लगातार ऊं नमः शिवाय मंत्र का जाप करते रहें। फिर इसके बाद शिवलिंग पर बेलपत्र, भांग, धतूरा और शमीपत्र आदि अर्पित करें। फल-पुष्प अर्पित करने के बाद शिव चालीसा का पाठ और शिव आरती करें। वहीं दूसरी तरफ सुहागिन महिलाएं सावन में आने वाले सोमवार का व्रत रखें और मां पार्वती को सोलह श्रृंगार की चीजें अर्पित करते हुए अपनी पति और परिवार की लंबी आयु व सुख-समृद्धि की कामना करें।

### इस बार सावन दो महीने का क्यों?

इस वर्ष सावन का महीना 2 महीनों तक चलेगा यानि सावन में 58 दिन तक शिव आराधना और पूजा-पाठ का दौर चलेगा। दरअसल सावन के महीने में अधिकमास पड़ने के कारण सावन का महीना एक के बजाय दो महीनों का होगा। 19 वर्षों के बाद इस तरह का संयोग दोबारा बना हुआ है जब सावन के महीने में अधिकमास आएगा। सावन के महीने इस बार 8 सोमवार व्रत पड़ने वाले हैं। पहला सोमवार व्रत 10 जुलाई को रहेगा। हिंदू पंचांग की गणना सौरमास और चंद्र मास के आधार पर करने की परंपरा है। वैदिक शास्त्र के अनुसार चंद्रमास 354 दिनों का और सौरमास 365 दिन होता है। इस तरह से इन दोनों में 11 दिन का अंतर आता है। हर 3 साल के दौरान यह अंतर 33 दिनों का होता जाता है। इस 33 दिनों को ही अधिकमास कहा जाता है। इस तरह से इस बार सावन के महीने में अधिकमास पड़ने से दो महीनों का सावन होगा। शिवजी की आराधना का खास महीना सावन 4 जुलाई से शुरू हो रहा है और 18 जुलाई से 16 अगस्त तक अधिकमास रहेगा। इसके बाद सावन का शेष महीना शुरू होगा जो कि 31 अगस्त तक रहेगा।

### सावन में कैसे करें शिव आराधना?

- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भोलेभंडारी की पूजा-उपासना और मंत्रोचार करने पर शिवजी जल्दी प्रसन्न होते हैं। सावन के महीने में सुबह जल्दी उठकर स्नान करके साफ-सुथरे कपड़े धारण करें। इसके बाद अपने घर के पास स्थित शिव मंदिर जाकर भगवान शिव का गंगाजल, शुद्ध जल, दूध, दही, शहद और गन्ने के रस से अभिषेक करें। भोलेनाथ का अभिषेक करते हुए लगातार ऊं नमः शिवाय मंत्र का जाप करते रहें। फिर इसके बाद शिवलिंग पर बेलपत्र, भांग, धतूरा और शमीपत्र आदि अर्पित करें। फल-पुष्प अर्पित करने के बाद शिव चालीसा का पाठ और शिव आरती करें। वहीं दूसरी तरफ सुहागिन महिलाएं सावन में आने वाले सोमवार का व्रत रखें और मां पार्वती को सोलह श्रृंगार की चीजें अर्पित करते हुए अपनी पति और परिवार की लंबी आयु व सुख-समृद्धि की कामना करें।

### सावन में शिवजी को क्या अर्पित करें और क्या नहीं

- सावन का महीना भगवान शिवजी की पूजा-आराधना के लिए समर्पित होता है। सावन के महीने में शिवमंदिर में भक्तों की काफी भीड़ एकत्रित होती है। शिवजी को प्रसन्न करने के लिए सावन के महीने में जल, बिल्व पत्र, आंकड़े के फूल, धतूरा, भांग, चंदन, शहद, भस्म और जनेऊ भी जरूर चढ़ाएं। वहीं दूसरी तरफ शिव पुराण के अनुसार भगवन शिव को कुछ चीजें नहीं चढ़ानी चाहिए। शिवजी की पूजा में कभी भी केतकी के फूल, तुलसी दल, हल्दी, शंख जल, सिंदूर, कुमकुम, नारियल और टूटे हुए चावल नहीं चढ़ाना चाहिए।



# बंगाल हिंसा : पुरुलिया में भाजपा नेता का शव मिला

## पुलिस को सोमवार को पुरुलिया जिले के बोडो इलाके से बंकिम हांसदा नाम के बीजेपी नेता का शव मिला है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान कई इलाकों में गोलीबारी और विस्फोट में 3 लोगों की जान चली गई। 24 परगना में टीएमसी कैंडिडेट के पिता की हत्या कर दी गई। मुर्शिदाबाद जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता को गोली मारी गई। वहीं 24 परगना में ही क्रूड बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। पुरुलिया में भाजपा नेता का शव मिला है। पंचायत चुनाव के लिए नामांकन शुरू होने के बाद, यानी 9 जून के बाद अब तक हिंसक घटनाओं में 10 लोग मारे गए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 52 साल के टीएमसी कार्यकर्ता जियारुल मोल्ला की शनिवार को फुलमलंचा इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह कथलबेरिया ग्राम पंचायत में टीएमसी उम्मीदवार मनवारा के पिता थे। बेटी मनवारा ने कहा, विरोधी दलों से हमें लगातार धमकियां मिल रहीं थीं। इसके बारे में पुलिस से शिकायत की थी। मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज में रविवार रात कांग्रेस कार्यकर्ता आरिफ शेख को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी।

### पंचायत चुनाव के लिए राज्य में सेंट्रल फोर्सेज की 822 कंपनियां तैनात

राज्य में पंचायत चुनाव की वोटिंग से पहले सेंट्रल फोर्सेज की 822 कंपनियां तैनात की गई हैं। स्टेट इलेक्शन कमिशन ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इन कंपनियों की मांग की थी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 21 जून को राज्य चुनाव आयोग को राज्य में 24 घंटे के भीतर सेंट्रल फोर्स के 82 हजार जवान तैनात करने का आदेश दिया था। बढ़ती हिंसा के चलते हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था।

# 4758 अमरनाथ तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था रवाना



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू

अमरनाथ यात्रा के लिए 4758 तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था सोमवार को बम बम भोले के जयकारों के बीच यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि 4758 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था आधार शिविर से रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि 2426 पुरुष, 392 महिलाओं, चार बच्चों, 177 साधुओं और 31 साध्वियों सहित 3030 तीर्थयात्री 127 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए एवं 1728 तीर्थयात्री जिनमें 1355 पुरुष, 335 महिलाएं, 15 बच्चे, 21 साधु और दो साध्वियां शामिल हैं, 96 वाहनों से बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए। सुरक्षाकर्मी यात्रियों के वाहनों के आगे चल रहे थे।

# मुंबई में एनआईए की छापेमारी, चार गिरफ्तार

## एक संदिग्ध के खिलाफ आईएसआईएस से जुड़े होने का मामला दर्ज किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को मुंबई और पुणे के पांच अलग-अलग इलाकों में प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े मामलों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने आतंकी संगठन से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। एनआईए ने मध्य मुंबई के नागपाड़ा के एक संदिग्ध के खिलाफ आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े होने का मामला दर्ज किया है।

### अधिकारी ने की आत्महत्या

आंध्र प्रदेश के ताडिपत्रि में पारिवारिक विवाद के कारण एक पुलिस अधिकारी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि 50 वर्षीय आनंद राव ताडिपत्रि पुलिस स्टेशन के सर्कल अफसर थे। सोमवार की मध्यरात्रि के बीच खुद को फांसी लगा ली। अधीक्षक कांची श्रीवास्तव ने कहा कि लंबे समय से परिवार में चल रहे विवादों के कारण उन्होंने खुद को फांसी लगा ली।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)